WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, शनिवार, 25 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 333 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण: मौत के बाद दफन के लिए जद्दोजहद, कई मामले हैं लटके

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के आदिवासी क्षेत्रों में इन दिनों धर्मांतरण का मुद्दा काफी सुर्खियों में चल रहा है। इस मामले को लेकर कई मामले कोर्ट में चल रहे है। तो कइयों ऐसे भी मामले हैं, जहां धर्मांतरित लोग अपनों के शवों को दफनाने के लिये अपने ही जमीन के गज का उपयोग नहीं कर पा रहे है। ऐसा ही एक मामला फिर से सुर्खियों में देखने को मिला है। जहां लोहंडीगुड़ा के दाबपाल में रहने वाली एक महिला की मौत के बाद वहां के निवासरत आदिवासी समाज के द्वारा धर्मांतरित महिला के शव को दफनाने नहीं दे रहे थे। जिसके बाद गांव और परिवार के लोगों ने महिला के शव को बेलर गांव के जमीन में दफना दिया। जहां इस बात से नाराज आदिवासी समाज और धर्मांतरित लोगों में विवाद के बाद झूमाझटकी भी हुई। लेकिन पुलिस ने पूरे मामले में दोनों पक्षों को शांत भी कराया। लेकिन स्थिति तनावपूर्ण देखी गई।

बताया जा रहा है कि लोहंडीगुड़ा से सटे दाबपाल में रहने वाले एक परिवार ने अपने मूल धर्म को छोड़कर विशेष समुदाय में प्रवेश ले लिया था, जिसके बाद अचानक उसी परिवार की एक महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पहले महिला के शव को दाबपाल में ही दफनाने की बात कही। लेकिन बाद में अचानक से 100 से अधिक विशेष समुदाय के लोगों ने महिला के शव को दाबपाल की जगह बेलर गांव ले आये।

एक गज जमीन को लेकर चल रहा है विवाद

लंबे समय से अपने मूल धर्म को छोड़कर विशेष समुदाय में शामिल होने के बाद जब इनकी मौत हो जाती है, तो इन विशेष समुदाय के लोगों को अपनी ही जमीन में दफनाने के लिए लगने वाले एक गज की जमीन तक उन्हें नसीब नही हो पाती है, ऐसे में आदिवासी समाज का कहना है कि अपने मूल धर्म को छोकर दूसरे समुदाय में जाने के कारण वापस अपने समुदाय में आकर अपने रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करने की बात कही जाती है।

दोनों पक्षों में विवाद

मामले की जानकारी लगते ही आदिवासी समाज के लोग भी मौके पर पहुंच गए। साथ ही पुलिस को भी सूचना दे दिया गया। जहां दोनों पक्षों में मामले को लेकर विवाद हुआ। साथ ही झूमाझटकी भी हुआ। एक ओर जहां विवाद बढ़ रहा था। वहीं दूसरी ओर विशेष समुदाय के लोगों ने मृत महिला के शव को दफना दिए। मौके पर पहुंचे पुलिस और तहसीलदार ने घंटों की मशक्कत के बाद भीड़ को शांत कराया गया। 15 दिन से एक शव है मेकाज के पीएम घर में

बताया जा रहा है कि दरभा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदबहर में रहने वाले एक विशेष समुदाय के एक व्यक्ति की मौत हो गई। गांव वालों के विरोध के चलते शव को मेकाज के पीएम घर मे सुरक्षित रखा गया है। जहां 15 दिन गुजरने के बाद भी शव को दफनाने को लेकर किसी भी तरह से हाईकोर्ट से अनुमति नहीं मिलने के कारण शव अभी भी मेकाज के पीएम घर में रखा हुआ है।

ऐसा ही एक मामला कुछ माह पहले देखने को मिला था, जहाँ मेकाज में पिता की मौत होने के कारण वह अपने गाँव मे दफनाना चाहता था, लेकिन गाँव वालों के विरोध के चलते शव को 2 दिनों तक मेकाज में ही रखा गया था, जिसके बाद मृतक के बेटे ने मामले को लेकर बिलासपुर के हाई कोर्ट में अर्जी दी, जहां रातों रात हाई कोर्ट ने मृतक के बेटे के पक्ष में फैसला देते हुए शव को उसकी ही जमीन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

दिल्ली विधानसभा के चुनावी दंगल में ताल ठोक रही आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच मजेदार अंताक्षरी चल रही है। इससे दिल्ली के बाशिंदों का बढ़िया करमुक्त मनोरंजन हो रहा है। आप, दोनों ही दलों को ललकारते हुए गा रहे हैं - आ देखे जरा किसमें कितना हैं दम...। वहीं कांग्रेसी गा रहे हैं-वो झूठा है वोट न उसको देना, नोट भी दे तो भी वोट न उसको देना...। वहीं भाजपाई गुनगुना रहे हैं- सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलो से कि खुशबू आ नहीं सकती कागज के फूलों से, झूठा है तेरा वादा, वादा तेरा वादा...।

विधानसभा बजट सत्र 24 फरवरी से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र की अधिसूचना जारी कर दी गई है। सत्र की बैठक 24 फरवरी से शुरू होगी और 21 मार्च तक चलेगी। इस दौरान सदन की 17 बैठक होगी।

सभी विभागीय परीक्षाएं स्थगित

रायपुर/**नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित की जाने वाली विभागीय परीक्षा नगरपालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2025 के कारणवश स्थगित की गई है। परीक्षा का आयोजन सोमवार 27 जनवरी, 2025 से सोमवार 03 फरवरी 2025 तक आयोजित होना था। विभागीय परीक्षा का आयोजन नगरपालिकाओं एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन 2025 के समाप्त होने के पश्चात् किया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

कलेक्टर ने श्री सीमेंट को भेजा नोटिस

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के खपराडीह स्कूल में बच्चों की तबीयत बिगडऩे के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए श्री सीमेंट प्लांट के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर दीपक सोनी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए कंपनी प्रबंधन को नोटिस जारी किया है और तत्काल प्रभाव से व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए हैं। बता दें, हाल ही में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के खपराडीह स्कूल में अचानक कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। इस मामले में श्री सिमेंट प्लांट पर आरोप लगे कि प्लांट के स्नक्र से निकलने वाली बदबूदार गैस की वजह से बच्चों की तबीयत बिगड़ी। घटना के दिन कलेक्टर-एसपी तत्काल अस्पताल में बच्चों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने घटना के बाद तत्काल जांच टीम बनाकर जांच करवाई, जिसमें सीमेंट कंपनी की लापरवाही सामने आई है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए श्री सीमेंट को नोटिस जारी कर दिया है।

केंद्र सरकार बालिकाओं के साथ भेदभाव समाप्त करने दृढ़ प्रतिज्ञ : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार बालिकाओं के साथ किसी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करने के लिए दृढ़प्रतिज्ञ है और उनके सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों का परिणाम दिख रहा है। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुक्रवार को एक संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार बालिकाओं के लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर, हम बालिकाओं को सशक्त बनाने और उनके लिए व्यापक अवसर सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

वक्फ संशोधन बिल पर हंगामा

10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए जेपीसी समिति की सदस्यता से निलंबित

नई दिल्ली (ए.)। वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की बैठक शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। हंगामा थमता न देख समिति के 10 सांसदों को पूरे दिन के लिए कमेटी की सदस्यता से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले बैठक के दौरान विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। आज भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली जेपीसी कश्मीर के मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी।

सभी 10 विपक्षी सांसद दिनभर के लिए निलंबित

बैठक में हुए हंगामे के बाद वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से सभी 10 विपक्षी सांसदों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया। निलंबित विपक्षी सांसदों में कल्याण बनर्जी, मोहम्मद जावेद, ए राजा, असदुद्दीन ओवैसी, नासिर हुसैन, मोहिबुल्लाह, एम अब्दुल्ला, अरविंद सावंत, नदीमुल हक, इमरान मसूद शामिल हैं।

मीरवाइज को बुलाने से पहले चर्चा में हंगामा

मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की और इसी दौरान विपक्षी नेताओं के साथ बैठक में हंगामा हो गया। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने पर जोर दे रही है। बैठक के दौरान तीखी बहस के कारण कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। मीरवाइज के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल समिति की बैठक फिर से शुरू होने के बाद उसके सामने पेश हुआ।

बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल: बनर्जी

कल्याण बनर्जी ने कहा कि बैठक में अघोषित आपातकाल जैसा माहौल चल रहा है। सभापति इस बैठक को आगे बढ़ा रहे हैं और वह किसी की नहीं सुन रहे हैं। हमें बताया गया था कि 24 और 25 जनवरी को बैठक होगी। अब आज की बैठक के लिए एजेंडे को खंड दर खंड चर्चा से बदल दिया गया है।

निशिकांत दुबे ने ओवैसी को घेरा

निशिकांत दुबे ने कहा कि विपक्ष के लोगों खासकर ओवैसी साहब की सोच है कि हमने जम्मू-कश्मीर का पूरा प्रतिनिधित्व नहीं सुना और मीरवाइज उमर फारूक को बुलाया। उन्हें सुनने के लिए ही जेपीसी अध्यक्ष ने बैठक स्थगित कर दी और खंडवार चर्चा की। आज विपक्ष की सोच और नजरिया उजागर हो गया है। उन्होंने मीरवाइज के सामने हंगामा किया और बदसलूकी की। यह संसदीय लोकतंत्र के खिलाफ है।

निशिकांत दुबे ने पेश किया निलंबन प्रस्ताव

भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इसे समिति ने स्वीकार कर लिया। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने दावा किया कि विपक्षी सदस्यों का आचरण शर्मनाक था, क्योंकि वे बैठक के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे।

आरोप-प्रत्यारोप का दौर

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और कांग्रेस के सैयद नासिर हुसैन बैठक से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि समिति की कार्यवाही तमाशा बन गई है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों पर खंडवार विचार करने के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक के लिए टाल दिया जाए। निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उनका आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है और वे बहुमत की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। समिति के समक्ष पेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भारत के पर्यटन मानचित्र पर छत्तीसगढ़ एक उभरता हुआ राज्य है। छत्तीसगढ़ का प्राकृतिक सौंदर्य विलक्षण है। हमारा राज्य ऐतिहासिक, पुरातात्विक, धार्मिक और प्राकृतिक धरोहरों के साथ गौरवशाली प्राचीन लोक संस्कृति का भी अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन को बढ़ावा देने पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इससे राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बड़े अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र को समृद्ध बनाने हेतु हमारी सरकार दृढ़संकल्पित है।

बिलासपुर के अभिनंदन सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

रायपुर /नवप्रदेश। भारत सरकार ने राज्य विकास समन्वय व निगरानी समिति में बिलासपुर निवासी अभिनंदन सिंह को सदस्य नियुक्त किया है। इस समिति के अध्यक्ष राज्य के मुख्यमंत्री होते हैं। राज्य स्तरीय दिशा समिति के पास केंद्र की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के समन्वय और निगरानी का अधिकार होता है. इस उच्च स्तरीय समिति के राज्य के मुख्यमंत्री अध्यक्ष तो चीफ सेक्रेटरी मेंबर सेक्रेटरी होते हैं। इनके साथ समिति में पक्ष-विपक्ष के चुने हुए सांसद, विधायक और सचिव स्तर के चयनित अधिकारी सदस्य होते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत खर्च की जाने वाली सार्वजनिक निधियों के अधिकतम उपयोग के संदर्भ में व्यय की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने राज्य स्तरीय दिशा समितियों की परिकल्पना की है, जो केंद्र और राज्य के बीच में समन्वय और निगरानी करके योजनाओं का सुचारू रूप से पालन कर सकें। अभिनन्दन सिंह के पिता एसडी सिंह रिटायर्ड कर्मचारी और माता सीके सिंह रिटायर्ड प्रधान पाठिका हैं, और दो बहनें बंगलौर में मल्टीनेशनल कंपनीज में कार्यरत हैं।

देवेन्द्र यादव के मामले में सुको का सरकार को नोटिस

रायपुर /नवप्रदेश। बलौदाबाजार प्रकरण में विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसी बलौदा बाजार मामले में नारायण मिरी नामक आरोपी को शीर्ष अदालत ने जमानत दे दी है।

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार प्रकरण में केंद्रीय जेल में निरुद्ध भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की ओर से जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए है। विधायक देवेंद्र यादव की ज़मानत याचिका पर सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

एक आरोपी को सुको से जमानत

बलौदाबाजार प्रकरण में ही जेल में बंद आरोपी नारायण मिरी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। नारायण मिरी और विधायक देवेंद्र यादव दोनों के ही जमानत आवेदन पर सुनवाई जस्टिस

सुधांशु धुलिया और जस्टिस विनोद के चंद्रन की पीठ ने की है।

बलौदाबाजार कांड

बलौदाबाजार में सतनामी समाज सम्मेलन के दौरान शामिल हुए लोग बलवाइयों में तब्दील हो गए। इस भीड़ ने सरकारी अमले पर जानलेवा हमला किया और संपत्ति को जलाया था।इस मामले में सैकड़ों को गिरफ्तार किया गया है जबकि कुछ अब भी फरार बताए गए हैं। जो गिरफ्तार हुए हैं उनमें से नारायण मिरी पहले आरोपी हैं, जिन्हें जमानत मिली है।

5 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाएंगे मोदी

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भी लगाएंगे डुबकी

लखनऊ (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाली 5 फरवरी को महाकुंभ में स्नान करेंगे। उनका कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसी दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ ही पार्टी के कई नेता व पदाधिकारी भी स्नान करेंगे।

बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं सांसद उज्जवल रमण सिंह ने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर महाकुंभ में अव्यवस्था होने का आरोप लगाया। कहा कि महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि मौनी अमावस्या पर होने वाले स्नान से पहले सरकार सभी तैयारी पूरी करे। तीन फरवरी के बाद कांग्रेस नेता महाकुंभ में डुबकी लगाने जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि महाकुंभ में आग लगने के बाद सांसद उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधि मंडल मौके पर गया था। महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों को बदइंतजामी का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रंप के जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश पर रोक

न्यायाधीश ने नीति के क्रियान्वयन पर लगाई रोक

❖ **कानूनी चुनौती में और ब्रीफिंग होनी बाकी**

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने गुरुवार को कहा कि जन्मजात नागरिकता समाप्त करने वाला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यकारी आदेश, जो स्पष्ट रूप से असंवैधानिक था और इसे रोकने के लिए एक अस्थायी निरोधक आदेश जारी किया गया है। सिएटल में रोनाल्ड रीगन द्वारा नियुक्त न्यायाधीश जॉन कफनर ने वाशिंगटन अटॉर्नी जनरल निक ब्राउन और तीन अन्य डेमोक्रेटिक नेतृत्व वाले राज्यों द्वारा अगले 14 दिनों के लिए नीति के कार्यान्वयन को रोकने के लिए आपातकालीन आदेश के अनुरोध को स्वीकार कर लिया जबकि कानूनी चुनौती में और ब्रीफिंग होनी है।

ट्रंप का कार्यकारी आदेश

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही एक बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। एआई से जुड़े स्टारगेट पर 500 अरब डॉलर खर्च करने के फैसले के बाद अब ट्रंप ने अमेरिका में क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर भी बड़ा आदेश दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े एक कार्यकारी आदेश (ईओ) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका शीर्षक है डिजिटल वित्तीय प्रौद्योगिकी में अमेरिकी नेतृत्व को मजबूत करना। ट्रंप के इस कार्यकारी आदेश ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में एक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के निर्माण और इसे जारी करने पर प्रतिबंध लगा दिया। इस कार्यकारी आदेश में सीबीडीसी को 'डिजिटल धन या मौद्रिक मूल्य का एक ऐसा रूप बताया गया है।

गरमा-गरम

मिशन 2026

अभियान के दौरान मल्लेमपेंटा व नडपल्ली के जंगल से 14 हार्डकोर नक्सलियों को पकड़ा

सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी, पांच-पांच किलो के दो आईईडी बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर में पुलिस जवानों को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने उसूर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों से 36 लाख के 8 ईनामी सहित 14 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए इन नक्सलियों के कब्जे से स्पाइक व जमीन खोदने का औजार भी बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत डीआरजी बीजापुर, उसूर थाना, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी उसूर थाना क्षेत्र के टेकमेटला, नडपल्ली व मल्लेमपेंटा की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मल्लेमपेंटा व नडपल्ली के जंगल से 14 हार्डकोर नक्सलियों को पकड़ा गया।

पकड़े गए नक्सलियों के कथन के आधार पर जंगल में छुपा कर रखे गये 23 नग लकड़ी एवं 8 नग लोहे के स्पाइक, लकड़ी का बेट लगा हुआ गैती(जमीन खोदने का औजार) बरामद किया गया है। पकड़े गए नक्सली आईईडी लगाने व स्पाइक लगाने की घटना में शामिल थे।

जिसमें 8 लाख की ईनामी महिला सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम कमली कोडेम उर्फ कोदूम पति दामल माड़वी उम्र 28 निवासी पेद्दाकोरमा कोडेमपारा, 8 लाख की इनामी सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम चौते सोढ़ी उर्फ रीलो पिता सुक्कू सोढ़ी उम्र 26 निवासी कोरोवाया ओरछा जिला नारायणपुर, 8 लाख की ईनामी सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम जोगी सोढ़ी उर्फ टोक्कू पिता सोना सोढ़ी उम्र 24 निवासी पुरंगेल भण्डारपार थाना किरंदुल जिला दंतेवाड़ा, 8 लाख की ईनामी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बरामद आईईडी डिफ्यूज

बीजापुर में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से अलग अलग जगहों पर प्लांट किये गए पांच-पांच किलो के दो आईईडी को जवानों ने बरामद कर डिफ्यूज कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नक्सलियों ने गंगालुर थाना क्षेत्र के मुतवेंडी व पीडिय़ा जाने वाले रास्ते पर अलग अलग जगहों में 5-5 किलो के 2 आईईडी प्लांट कर रखे थे। जिसे डीआरजी, बीडीएस बीजापुर, सीआरपीएफ व कोबरा बीडीएस की संयुक्त पार्टी ने डिमाइनिंग ड्यूटी के दौरान बरामद कर उसे वही सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया। बताया गया है कि नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया था। लेकिन जवानों की तत्परता व सतर्कता से एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबे विफल हो गये।

श्रद्धालुओं का जोश नहीं ठंडा पड़ा, महाकुंभ के 12वें दिन भी लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

महाकुंभ 2025 की शुरुआत 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा से हुई और यह 26 फरवरी तक चलेगा

प्रयागराज/ए.। 13 जनवरी को शुरू हुए 'महाकुंभ 2025' को अब 12 दिन हो चुके हैं। लेकिन अभी भी श्रद्धालुओं का जोश ठंडा नहीं पड़ा है, उनका आना जारी है। शुक्रवार को भी लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य हो चुकी सरस्वती के त्रिवेणी तट पर ब्रह्म मुहूर्त से ही आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ में नेपाल से भी लोग संगम स्नान करने आ रहे हैं।

उन्होंने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की सुव्यवस्था देखकर शासन-प्रशासन की तारीफ की और मुख्यमंत्री योगी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की। नेपाल से आए पारस ने बताया कि ÷महाकुंभ में आकर बहुत खुशी हो रही है, जिसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैंने सोचा नहीं था कि इतनी अच्छी व्यवस्था होगी। वहीं, सुरक्षा के भी इंतजाम पुख्ता हैं। पीएम मोदी को इसके लिए बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा।

अनूप भी भीड़ नियंत्रण को लेकर तत्पर टीम की प्रशंसा करते नहीं थके। उन्होंने कहा, इस बार महाकुंभ की बहुत अच्छी व्यवस्था है। नहाने के लिए विशेष ख्याल रखा गया है। भीड़ को नियंत्रित करने का विशेष ख्याल रखा गया है। स्टेशन से लेकर घाट तक सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा गया है। कोई परेशानी नहीं हो रही है।

आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं

बुजुर्ग नवरत्न के लिए भी यह आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने बताया कि ÷कुंभ मेले में हमारा परिवार बहुत दूर से आया है। यहां पर बहुत अच्छी व्यवस्था है। सुरक्षा का भी विशेष ख्याल रखा गया है। इतनी अधिक भीड़ होने के कारण उन्हें संभालने का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। कविता तिवारी प्रयागराज से ही हैं। उन्हें मेला क्षेत्र की स्वच्छता पसंद आ रही है। उन्होंने कहा, ÷इस बार कुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी की गई है। साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा गया है, जहां भी हल्की गंदगी हो रही है, सफाईकर्मी उसे साफ कर दे रहे हैं।

अब कब हैं अमृत स्नान

पौष पूर्णिमा पर आरंभ हुआ महाकुंभ 144 वर्ष बाद आने वाला महापर्व है। 14 जनवरी को पहला अमृत स्नान हुआ था। वहीं अमृत स्नान की अन्य तिथियां 29 जनवरी (मौनी अमावस्या), 3 फरवरी (बसंत पंचमी) हैं। इसके अलावा मुख्य स्नान 12 फरवरी (माघ पूर्णिमा) और 26 जनवरी (महाशिवरात्रि) को है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने मोदी-योगी से दक्षिणा में मांगा सनातन बोर्ड, धर्म संसद में उठेगा मुद्दा

प्रयागराज। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने सनातन बोर्ड के गठन की मांग तेज कर दी है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा कि वह महाकुंभ में दक्षिणा के रूप में पीएम मोदी और सीएम योगी से सनातन बोर्ड लेंगे। पुरी ने प्रयागराज धर्म संसद को लेकर भी अपनी बात रखी। इसके आयोजन की पूरी रूपरेखा उन्होने मीडिया के सामने साझा की। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म की आस्था का केंद्र है, जिससे सभी की आस्था जुड़ी है, इसलिए इस महाकुंभ मे एक और सनातन का महाकुंभ होगा जो निर्णायक भूमिका में जाने का, धर्म की स्वतंत्रता का दिन होगा उस दिन सनातन बोर्ड का गठन किया जायेगा और सनातन का परचम लहराएगा। आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरि ने कहा कि सनातन का अस्तित्व सृष्टि के प्रारंभ से है। बाकि सब इसके बाद की उपज है। उन्होंने कहा आज जिस तरह से हमारे मंदिर, मठ और धार्मिक स्थलों पर कब्जा किया हुआ है उन सब को मुक्त कराने का काम सनातन बोर्ड करेगा। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड मैं हर उस बात का ध्यान रखा जाएगा जो सनातन की रक्षा और सनातन के हित में हो। उन्होंने कहा कि पहले हर मठ के अपने आचार्य कुलम होते थे जहां विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ शास्त्र का भी ज्ञान और बौद्ध कराया जाता था।

किम जोंग उन के साथ वार्ता करेंगे ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से दोबारा बातचीत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह फिर से श्री किम से संपर्क करने की योजना बना रहे हैं, श्री ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से कहा, ''मैं बातचीत करूंगा... मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा नहीं हूं... मैं पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन नहीं हूं।''

जापान में ट्रेन दुर्घटना में हांगकांग की एक महिला पर्यटक की मौत

टोक्यो,(वार्ता)। चीन के हांगकांग की एक महिला पर्यटक की जापान के होक्काइडो द्वीप के ओटारू शहर में गुरुवार को ट्रेन की टक्कर लगने से मौत हो गई। जापानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:30 बजे जेआर हाकोडेट लाइन पर एक रेलवे क्रॉसिंग के पास तब हुई, जब पर्यटक पटरियों पर अपने स्मार्टफोन से समुद्र की तस्वीरें ले रही थी, तभी वह ओटारू से न्यू चिटोस हवाईअड्डे की ओर जा रही तेज रफ्तार एयरपोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया।

सीरिया में कार बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत, पांच घायल

दमिश्क(वार्ता)। उत्तरी सीरिया में अलेप्पो प्रांत के मनबिज शहर में गुरुवार को एक कार बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मानवाधिकार संगठन 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के अनुसार, कार बम विस्फोट मनबिज में जिदान हनीज़ल स्कूल के पास हुआ। यह घटना, एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में तीसरी बड़ी बमबारी है। इससे पहले, मंगलवार को मनबिज में तुर्की समर्थित सीरियाई राष्ट्रीय सेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक ठिकाने के पास बम विस्फोट से आसपास का क्षेत्र दहल गया था।

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में गोलीबारी में दो किशोर गंभीर रूप से घायल

सिडनी(वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में मेलबर्न के उपनगरों में शुक्रवार सुबह हुई गोलीबारी में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। विक्टोरियन पुलिस ने शुक्रवार सुबह एक बयान में कहा कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न एक बजे मेलबर्न के केंद्रीय व्यापार जिले से लगभग तीन किलोमीटर उत्तर पूर्व में कॉलिंगवुड में गोलियां चलाई गईं। कुछ देर बाद 15 और 17 साल की उम्र के दो किशोर बंदूक की गोली से घायल पाए गए।

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को ऑस्ट्रेलियाई हवाई अड्डों पर व्यवधान की चेतावनी

सिडनी, (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को ग्राउंड कर्मचारियों की हड़ताल के कारण ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख हवाई अड्डों पर व्यवधान की आशंका की चेतावनी दी गई है। ऑस्ट्रेलिया के 9न्यूज़ नेटवर्क के अनुसार, सिडनी, मेलबर्न और ब्रिस्बेन हवाई अड्डों पर विमानन सेवा कंपनी डिनाडा के एक हजार से अधिक ग्राउंड कर्मचारियों ने चल रहे वेतन विवाद के बीच शुक्रवार को चार घंटे के लिए काम बंद कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के ध्वजवाहक कंतास ने कहा है कि उसकी घरेलू सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी लेकिन उसने सिडनी से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की है। ऑस्ट्रेलिया में अंतरराष्ट्रीय संचालन के लिए ग्राउंड हैंडलिंग के लिए 20 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वाहक डिनाटा को अनुबंधित करते हैं।

जॉन रैटक्लिफबने सीआईए निदेशक

वाशिंगटन, (वार्ता)। पूर्व राष्ट्रीय खुफिया निदेशक जॉन रैटक्लिफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत अगले केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) निदेशक होंगे। अमेरिकी सीनेट ने गुरुवार को श्री रैटक्लिफ की निदेशक के रूप में पुष्टि करने के लिए मतदान किया। ऊपरी सदन ने श्री रैटक्लिफके नामांकन को मंजूरी देने के लिए 74-25 वोट दिए। उन्होंने श्री ट्रम्प के पहले कार्यकाल के आखिरी आठ महीनों के लिए राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में कार्य किया था। उन्होंने पहले 2015-2020 तक टेक्सास के चौथे कांग्रेस जिले के लिए अमेरिकी सदन के प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया था।

योजना के तहत लगभग 60 करोड़ लोग 5 लाख तक का मुफ्त इलाज पाने के पात्र

आयुष्मान योजना को गृह मंत्री अमित शाह ने बताया सर्वेश्रेष्ठ

सूरत/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सर्वश्रेष्ठ है।

अमित शाह ने यहां डुमस रोड पर एक ट्रस्ट द्वारा संचालित कैंसर अस्पताल एवं एक स्वास्थ्य भवन का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने ''केवल एक जीवनकाल में कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं।''

सरकार की इस योजना को बताया सबसे अच्छी

शाह ने कहा, ''लेकिन अगर आप मुझसे इन सभी योजनाओं में से सर्वश्रेष्ठ योजना बताने के लिए कहेंगे, तो मैं आयुष्मान भारत योजना कहूंगा। इस योजना के तहत, लगभग 60 करोड़ नागरिक अब पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज पाने के पात्र हैं।

उन्होंने कहा कि 250 करोड़ रुपये की लागत से एक न्यास द्वारा निर्मित कैंसर अस्पताल का यहां उद्घाटन किया गया है जिसमें आयुष्मान भारत कार्ड धारक मरीज इलाज करा सकते हैं।

मोदी सरकार में भारत का हेल्थ बजट बढ़ा

शाह ने कहा, ''मोदी सरकार ने देश में स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। भारत का स्वास्थ्य सेवा बजट 2013-14 में 37,000 करोड़ रुपये से बढ़कर मोदी सरकार के तहत 98,000 करोड़ रुपये हो गया है, जो आवंटन में तीन गुना वृद्धि दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने देश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाया है।''

मेडिकल कॉलेज की संख्या में भी बढ़ोतरी

उन्होंने रेखांकित किया कि 2014 में 387 चिकित्सा महाविद्यालय थे जिनमें हर साल 51,000 एमबीबीएस चिकित्सक तैयार होते थे लेकिन अब चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर 766 हो गई, जिनसे 1।15 लाख एमबीबीएस चिकित्सक तैयार होते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अन्य पहलों में आयुष क्षेत्र को बढ़ावा देना, स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और नागरिकों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए खेलों को बढ़ावा देना शामिल है।

उत्तर प्रदेश दिवस पर मुर्मू, मोदी,योगी ने दी बधाई

लखनऊ (वार्ता)। जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल उत्तर प्रदेश के 76वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के लोगों को शुभकामनायें प्रेषित की हैं। राष्ट्रपति ने अपने बधाई संदेश में लिखा यूपी के सभी निवासियों को मेरी शुभकामनाएं। उत्तर प्रदेश की देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। यह राज्य आध्यात्मिक विकास में भी अहम भूमिका निभा रहा है। यह प्रदेश समग्र विकास के पथ पर अग्रसर रहेगा। श्री मोदी ने एक्स पर लिखा उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य के अपने सभी भाई-बहनों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति में अनगिनत पौराणिक और ऐतिहासिक कालखंडों की साक्षी रही यह पावन धरती पिछले आठ वर्षों से विकास के नित-नए अध्याय रचने में जुटी है।

मोदी सरकार में सबसे ज्यादा गिरे रुपए में सुधार के नहीं हो रहे प्रयास: कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि देश में जितने प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें श्री नरेन्द्र मोदी के शासन में रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन सरकार इसे रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है जिससे विदेशी निवेशक भाग रहे हैं और देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रुपया डॉलर के मुकाबले 87 रुपए पर पहुंच गया है और दक्षिण एशिया के देशों में भारतीय मुद्रा का सबसे खराब प्रदर्शन है। विदेशी मुद्रा भंडार घट रहा है, निवेश घट रहा है, आयात बढ़ रहा है जिससे महंगाई आसमान छू रही है और देश की अर्थव्यवस्था इसका बहुत बुरा असर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रुपए में गिरावट के सारे रिकॉर्ड टूट गए हैं और अब तक जितने प्रधानमंत्री हुए हैं उनमें सबसे ज्यादा गिरावट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हुई है। उनका कहना था कि ऐसा लगता है कि मोदी सरकार जिस तरह से रुपए को नहीं संभाल पा रही है और हालात सुधारने के प्रयास भी नहीं हो रहे है, यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो रुपया जल्द ही गिरावट का शतक बनाएगा।

उन्होंने कहा कि रुपए में गिरावट का मतलब है कि आयत बढ़ रहा है और देश में महंगाई उतनी ही तेजी से बढ़ेगी और आवश्यक वस्तुओं के दाम आम आदमी की पहुंच से और दूर हो जाएंगे। रिजर्व बैंक भी ब्याज दर बढ़ाएगा और इससे ईएमआई तथा अन्य स्तरों पर दबाव बढ़ेगा तथा आम आदमी के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा।

प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि क्या उसने रुपए के गिरते स्तर को बचाने के लिए कोई रणनीति बनाई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार रुपए की गिरावट रोकने में असफल रहती है तो आवश्यक वस्तुओं के दाम और बढ़ेंगे और लोगों के घरों का बजट बिगड़ जाएगा।

टीडीएस प्रणाली रद्द करने वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने टीडीएस प्रणाली को रद्द किए जाने की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर कहा है कि वो इस मुद्दे पर सुनवाई करने को इच्छुक नहीं है। कोर्ट साथ ही कहा है कि याचिकाकर्ता इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेशक टैक्स प्रणाली को आसान बनाना एक मुद्दा है। हालांकि, अदालत ने कई फैसलों मे इस प्रावधान को अदालतों ने सही माना है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर टीडीएस प्रणाली को रद्द करने की मांग की गई थी। इस याचिका में इसे मनमाना और तर्कहीन बताया गया था। साथ ही समानता सहित विभिन्न मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। इस जनहित याचिका में आयकर अधिनियम के तहत स्रोत पर कर कटौती या ञ्ञष्ठस् ढांचे को चुनौती दी गई है जिसके तहत करदाता द्वारा भुगतान के समय कर की कटौती और आयकर विभाग में जमा करना अनिवार्य है। कटौती की गई राशि को भुगतानकर्ता की कर देयता के विरुद्ध समायोजित किया जाता है। बीजेपी नेता अश्विनी उपाध्याय द्वारा अश्विनी दुबे के माध्यम से दायर याचिका में केंद्र, विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधि आयोग और नीति आयोग को पक्षकार बनाया गया है। इसके अलावा याचिका में सुप्रीम कोर्ट को यह निर्देश देने की मांग की गई है की नीति आयोग याचिका में दिए गए तथ्यों पर विचार कर इस टैक्स सिस्टम में परिवर्तन करने का सुझाव सरकार को दे।

स्वस्थ होते ही राहुल दिल्ली में शुरू करेंगे प्रचार: कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की तबीयत नासाज है, जिसके कारण वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार नहीं कर पा रहे हैं लेकिन जैसे ही स्वस्थ होंगे, वह तेजी से चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि श्री गांधी की तबीयत नासाज है और वह जैसे ही स्वस्थ होंगे दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार आरंभ कर देंगे। उनका कहना था कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह रणछोड़ नहीं हैं, वह राणबाँकुरे हैं और स्वस्थ होते ही दिल्ली के चुनाव प्रचार में जुट जाएंगे।

महाराष्ट्र: फैक्ट्री में बड़ा विस्फोट, 5 लोगों के मारे जाने की आशंका

मुंबई/ए.। नागपुर के पास भंडारा जिले की ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में आज सुबह हुए भीषण विस्फोट में 5 लोगों के मारे जाने की आशंका है। जिलाधिकारी संजय कोल्टे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित कारखाने में सुबह करीब 10।30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और मेडिकल टीम लोगों की तलाश कर रहे हैं, जबकि फायर फाइटर्स स्थिति को नियंत्रित करने में लगे हुए हैं।

छत के नीचे दबे लोग: अधिकारियों ने एक बयान में कहा, फैक्ट्री में आज सुबह विस्फोट हुआ, लोगों की तलाश के लिए बचाव और मेडिकल टीम तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है।÷ कोल्टे ने बताया कि विस्फोट के दौरान छत ढह गई और कम से कम 12 लोग उसके नीचे दब गए। उन्होंने बताया कि उनमें से दो को बचा लिया गया और मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। विस्फोट इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। दूर से लिए गए वीडियो में फैक्ट्री से घना धुआं उठता हुआ देखा गया।

महाराष्ट्र सीएम ने क्या कहा: महाराष्ट्र सीएम फडणवीस ने विस्फोट पर कहा, भंडारा जिले में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में हुए विस्फोट में छत गिरने से 13 से 14 मजदूरों के फंसे होने की खबर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दुर्भाग्य से एक मजदूर की मौत हो गई है। 5 मजदूरों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर हैं और हर तरह की मदद की जा रही है। बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और नागपुर नगर निगम की टीमों को भी बुलाया गया है और वे जल्द ही पहुंच जाएंगी। जिला प्रशासन रक्षा बलों के साथ समन्वय में बचाव कार्य में लगा हुआ है।

कैडमियम | *राजौरी के बड़हाल गांव में रहस्यमय बीमारी का राज खुला!*

राजौरी के गांव में फैली बीमारी, अभी तक 17 लोगों की हो चुकी है मौत

नई दिल्ली/ए.। जम्मू-कश्मीर के राजौरी में बीते कुछ दिनों से एक रहस्यमयी बीमारी का प्रकोप बढ़ता दिखा रहा है। बताया जा रहा है कि इस बीमारी से अभी तक 17 की मौत हो चुकी है। इस बीमारी की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या में हर बीतते दिन के साथ इजाफा हो रहा है। क्या बच्चे क्या बुजुर्ग और क्या ही महिलाएं, हर कोई इससे संक्रमित हो रहा है। आप स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि हालात को बिगड़ता देख राजौरी के बडाल गांव में कंटेनमेंट जोन बनाने की नौबत तक आ गई है।

प्रशासन इस बीमारी पर काबू पाने की हर संभव कोशिश कर रहा है। इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का एक बड़ा बयान आया है। राजौरी के बडाल गांव में रहस्मय हालात में हुई मौतों का कारण संक्रमण या वायरस नहीं बल्कि टाक्सिन कैडमियम है।

राजौरी के बडाल गांव में अब तक क्या हुआ?: जम्मू के राजौरी में रहस्यमयी बीमारी से 17 मौतें, डेढ़ महीने में 13 बच्चों समेत 17 लोगों की मौतबड़हाल गांव में बने तीन कंटेनमेंट जोनबीमारों के संपर्क में आए 60 से ज्यादा लोग नर्सिंग होम में रखे गएपूरा बड़हाल गांव हुआ क्वारंटाइनअब भी लगातार लोग पड़ रहे बीमारवायु सेना के हेलीकॉप्टर से 3 बच्चे जम्मू रेफर, एक गंभीरसीएम उमर अब्दुल्ला ने किया गांव का दौर एडीजीपी और मंडलायुक्त ने गांव का दौरा कर जाने हालात।

परिवार से जुड़े 38 अन्य भी टाक्सिन से ग्रसित

पिछले साल सितंबर से लेकर अब तक राजौरी के बडाल गांव में 13 बच्चों समेत 17 लोगों की मौत हो चुकी है। बताया जा रहा है कि मरने वाले सभी लोग तीन परिवारों से ही ताल्लुक रखते थे। इन परिवारों से जुड़े 38 अन्य लोग भी टाक्सिन से प्रभावित हुए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमों का कहना है कि इन मौतों को लेकर हेल्थ इमरजेंसी घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है।

कैडमियम होती क्या है

जानकार बताते हैं कि कैडमियम एक अधिक जहरीली धातु होती है, जो शरीर में घुसते ही कई रोगों का कारण बन सकती है। कहा जा रहा है कि दूषित भोजन करने, गंदा पानी पीने, प्रदूषित वातावरण में सांस लेने से लोग कैडमियम के संपर्क में आ सकते हैं। कैडमियम युक्त इलेक्ट्रानिकसस खिलौने, आभूषण व प्लास्टिक की रिसाइकलिंग से भी प्वाइजनिंग हो सकती है।

उत्तरकाशी में भूकंप के झटके घरों से बाहर निकले लोग

उत्तरकाशी/ए.। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक सुबह उत्तरकाशी में दो बार भूकंप के झटके आए। भूकंप का पहला झटका सुबह 7 बजकर 41 मिनट पर आया। इसके बाद भूकंप का दूसरा झटका 8 बजकर19 मिनट पर। भूकंप के पहले झटके की तीव्रता 2।7 थी, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर बताई जा रही है। भूकंप के दूसरे झटके की तीव्रता 3।5 रिक्टर रही। जैसे ही भूकंप के झटके महसूस किए गए, वैसे ही लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। लोगों को 1991 के भूकंप की याद आ गई, जिस वजह से लोग डर गए। 1991 में उत्तरकाशी में भूकंप ने काफी तबाही मचाई थी। शुरुआती जानकारी के अनुसार फिलहाल नुकसान की कोई खबर नही है। उत्तराखंड भूकंप के लिहाज से काफी अति संवेदनशील माना जाता है। जिससे यहां हमेशा भूकंप का खतरा बना रहता है। इससे पहले नॉर्थईस्ट में मेघालय की दक्षिण पश्चिम खासी हिल्स इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4।1 मापी गई है।

Reliance
SMART BAZAAR
महंगाई का मीटर होगा फेल, आ गया
फुल पैसा वसूल सेल
आखिरी 2 दिन
22nd - 26th JAN
भारत चना दाल 1 kg / चावल 10 kg
₹34 /kg
स्मार्ट कीमत ₹70/ ₹340
एमआरपी ₹70 / ₹340
किंग्स रिफाइंड 840 g / गुड लाईफ सोयाबीन ऑयल 1 L
स्मार्ट कीमत ₹125/ ₹129
एमआरपी ₹140 / ₹185
बचाइए ₹15 / ₹56
बिस्किट लार्ज पैक / रस्क 230 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹120 या उससे अधिक / चुनिंदा
स्पेशल ऑफर
BUY 2 CORNETTOS @₹49
सिर्फ 25 जनवरी को
गुड लाईफ चीनी 5 kg /आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 10 kg
₹50 की छूट
₹43.40 /kg
स्मार्ट कीमत ₹217
एमआरपी ₹300
बचाइए ₹83
एमआरपी ₹560 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹380 या उससे अधिक
रेड लेबल टी 1 kg
बचाइए ₹180
गुड लाईफ बादाम/ काजू (W320) 500 g
स्मार्ट कीमत ₹409/ ₹449
एमआरपी ₹620 / ₹725
बचाइए ₹211 / ₹276
डिटर्जेन्ट पाउडर 5 kg या उससे अधिक / लिक्विड 4 L या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट
सोप 125 g या उससे अधिक (मल्टी पैक) (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 40% छूट
एमआरपी ₹565 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹379 या उससे अधिक
एमआरपी ₹175 या उससे अधिक
स्प्राइट / कोका-कोला / फेंटा / थम्स अप / माज़ा 600 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹42 या उससे अधिक / चुनिंदा
टूथपेस्ट 160 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी ₹212 या उससे अधिक
फ्लैट 60% छूट
शैम्पू 1 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹1030 या उससे अधिक
बचाइए ₹412 या उससे अधिक
चॉकलेट होम पैक (कैडबरी पर्क / डेयरी मिल्क / जेम्स / 5 स्टार / नेस्ले किट कैट / मंच) 118 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी ₹100 या उससे अधिक / चुनिंदा
एमआरपी ₹26000
3 पीस ब्रांडेड हार्ड ट्रॉली सेट
स्मार्ट कीमत ₹4999
ARVIND
RAYMOND
TRIDENT
100% कॉटन डबल बेडशीट सेट पिलो कवर के साथ
एमआरपी ₹2699 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹699
SINGER
Surya flame
LYF
Kelvinator
स्मार्ट कीमत ₹1999
3 ब्रास बर्नर ग्लासटॉप गैस स्टोव
एमआरपी ₹7560 या उससे अधिक
शर्ट्स, टी-शर्ट्स, जीन्स, ड्रेसेस, कुर्ते और भी बहुत कुछ
BUY 1 GET 1 FREE
₹199 से शुरुआत
रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. • मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. • सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. • चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड, मोवा • कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर : सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर • MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड, टैगोर चौक • रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, • स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड. • रायगढ़ : ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास • शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड भिलाई: सूर्या ट्रेज़र आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.
10% INSTANT DISCOUNT*
SBI card
*Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn.; Valid only on one Trxn. per credit card; Validity: 22 Jan - 26 Jan 2025. T&C Apply.
ऑफर्स संबंधी अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
अपना नज़दीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
SMART BAZAAR

सुविचार

बालिकाएं पूछ रही हैं कब तक जीना होगा शर्तों पर तुम्हारे,
उड़ने दो खुले गगन में, कुछ नाजुक से हैं ख्वाब हमारे।

महाकुंभ को लेकर सियासत उचित नहीं

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में अब तक दस करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान किया है। इतनी बड़ी संख्या में महाकुंभ में जुटे श्रद्धालुओं ने व्यवस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की है। किन्तु महाकुंभ की सफलता कुछ लोगों को रास नहीं आ रही है जो व्यवस्था को लेकर योगी सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। ऐसे लोग जिनके घर पर यदि दो मेहमान भी आ जाएं तो उनके घर की व्यवस्था डगमगा जाती है। वे भी महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं। खासतौर पर उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव महाकुंभ को लेकर लगातार विवादास्पद बयानबाजी कर रहे हैं। यहां तक कि वे खुद ही विरोधाभाषी बयान भी दे रहे हैं। उन्होंने पहले महाकुंभ में जुटने भीड़ के आंकड़ों को फर्जी करार दिया था और यह कहा था कि उत्तरप्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ा चढ़ाकर बता रही है। अखिलेश यादव के अनुसार प्रयागराज जाने वाली ट्रेने खाली जा रही है। जबकि हकीकत यह है कि प्रयागराज महाकुंभ के लिए बड़ी संख्या में अतिरिक्त ट्रेनें चलाये जाने के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं को ट्रेनों में रिजर्वेशन नहीं मिल पा रहा है। यही हाल हवाई जहाज का भी है उसमें भी बड़ी मुश्किल से टिकट मिल पा रही है। कुंभी की भीड़ पर सवालिया निशान लगाने वाले अखिलेश यादव ने बाद में यह विरोधाभाषी बयान दिया कि महाकुंभ में वीआईपी लोगों की ज्यादा पूछ परख हो रही है जिसकी वजह से श्रद्धालुओं को संगम में स्नान करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण प्रयागराज की सड़कों और चौक चौराहों पर जाम लगना आम बात हो गई है लेकिन शासन-प्रशासन श्रद्धालुओं की भीड़ को सुगमता पूर्वक त्रिवेणी संगम तक पहुंचाने में विफल सिद्ध हो रहा है। अखिलेश यादव का यह बयान हास्यास्पद है क्योंकि एक ओर तो वे यह कह रहे हैं कि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा बताई जा रही है वहीं दूसरी ओर वे यह कह रहे हैं कि श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण चक्काजाम हो रहा है ऐसे में समझा जा सकता है कि अखिलेश यादव महाकुंभ की सिर्फ आलोचना ही करना चाहते है। यह ठीक है कि वे विपक्ष के नेता हैं और उन्हें सरकार की आलोचना करने का अधिकार है लेकिन महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर वे जिस तरह के बयान दे रहे हैं और महाकुंभ पर सियासत कर रहे हैं यह कतई उचित नहीं है महाकुंभ के दौरान ही उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में केबिनेट की बैठक की और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए इसके बाद मुख्यमंत्री योगी ने अपने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ त्रिवेणी संगम में स्नान किया इस पर भी अखिलेश यादव ने आपत्ति दर्ज कराई और यह बयान दिया कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान इस तरह की राजनीतिक गतिविधि नहीं होनी थी। जबकि प्रयागराज में केबिनेट की बैठक होना किसी भी दृष्टि से गलत नहीं है। यह वही अखिलेश यादव है जिन्होंने महाकुंभ को लेकर यह बयान भी दिया था कि वहां कुछ लोग अपने पाप धाने जाते हैं और फोटो खिंचवाते हैं उनका कहना है कि वे भी गंगा स्नान करते है लेकिन उसकी फोटो वायरल नहीं करते जबकि महाकुंभ के दौरान ही अखिलेश यादव की गंगा स्नान वाली फोटो वायरल हुई थी। यह बात अलग है कि उन्होंने प्रयागराज में नहीं बल्कि हरिद्वार में गंगा में डुबकी लगाई थी। बहरहाल महाकुंभ को लेकर इस तरह की ओछी सियासत नहीं करना चाहिए। कुछ लोग महाकुंभ पर उत्तरप्रदेश सरकार के द्वारा 7 हजार करोड़ रूपये खर्च किये जाने पर भी आपत्ति उठा रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि इस महाकुंभ से उत्तरप्रदेश सरकार को दो लाख करोड़ रूपये की आय होने का अनुमान है। बेहतर होगा कि हिन्दुओं की आस्था के प्रतीक प्रयागराज महाकुंभ को लेकर इस तरह की सियासत न की जाये।

अब केजरीवाल की सुरक्षा के सवाल पर बवाल

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के आदेश पर नई दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा में लगे पंजाब पुलिस के दस्ते को हटा दिया गया है। इसे लेकर अब आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा का सवाल उठाते हुए इस पर बवाल काट रहे है। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने केजरीवाल की सुरक्षा में लगे पंजाब पुलिस के जवानों को हटाये जाने के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि केन्द्र सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग अरविंद केजरीवाल की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है गौरतलब है कि अरविंद केजरीवाल को पहले ही जेड श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है और उनके साथ 50 सुरक्षाकर्मियों का घेरा रहता है। इसके बाद भी उन्होंने अपने साथ पंजाब पुलिस का दस्ता रखा हुआ था। किसी भी राज्य के किसी भी नेता को दूसरे राज्य की पुलिस को अपनी सुरक्षा में तैनात करना अवैधानिक है। इसी वजह से चुनाव आयोग ने पंजाब पुलिस को उनकी सुरक्षा से हटाने का फैसला किया है और चुनाव आयोग के निर्देश पर पंजाब पुलिस के डीजीपी ने अपने पुलिस दस्ते को वापस बुला लिया है चुनाव आयोग के इस फैसले में कुछ भी गलत नहीं है लेकिन आम आदमी पार्टी अब इसे भी मुद्दा बना रही है वह चुनाव आयोग के इस फैसले का भी राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है जो उचित नहीं है।

रोचक मोड़ पर दिल्ली के चुनाव

नीरज मनजीत

जहाँ तक कांग्रेस की बात है, वह अभी तक इस दुविधा से नहीं निकल पाई है कि वह पूरी ताक़त से चुनाव लड़कर दिल्ली में अपनी खोई हुई ज़मीन हासिल करने की कोशिश करे अथवा मैदान में अपनी कमज़ोर मौजूदगी से आम आदमी पार्टी के वोटों को विभाजित करने से रोके। वैसे तो कांग्रेस ने भी अपना मजबूत घोषणापत्र जारी किया है और संदीप दीक्षित, अजय माकन, देवेन्द्र यादव, अलका लांबा पूरी तरह से आम आदमी पार्टी पर हमलावर हैं। मगर गाँधी परिवार ने एक दीर्घकालिक रणनीति के तहत अभी तक खुद को चुनाव अभियान से दूर ही रखा है। दिल्ली के इन सब हालात पर गौर करें, तो नतीजों का ऊँट किस करवट बैठेगा, यह कहा नहीं जा सकता। इतना जरूर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मेहनत और बेहतर रणनीति के तहत थोड़ी सी बढ़त हासिल कर ली है। इस बार आम आदमी पार्टी को ध्वस्त करके भाजपा दिल्ली का किला जीत ले तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

टी20 क्रिकेट एक अद्भुत फॉर्मेट है, जिसमें एक ओवर का खेल मैच का रुख बदल देता है। 15 ओवरों के बाद तो एक या दो गेंदें ही मैच को अर्श से फ़र्श तक या फ़र्श से अर्श तक ले जाने के लिए काफी होती हैं। दिल्ली का चुनाव भी ऐसे ही रोचक मोड़ पर आ खड़ा हुआ है। कहने को कांग्रेस और ओवैसी की पार्टी आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) भी मैदान में है, मगर असली मुक़ाबला भारतीय जनता पार्टी और अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी के बीच ही है। क्रिकेट की भाषा में कहें तो ये दोनों पार्टियां अपने-अपने चुनाव अभियान के 15-15 ओवर खेल चुकी हैं। अब सारा दारोमदार आख़िरी के पाँच ओवरों पर टिका हुआ है। दिल्ली चुनाव में दिन-प्रतिदिन हालात कुछ इस क़दर बदल रहे हैं कि नतीजों का पूर्वानुमान लगाना असंभव की हद तक कठिन है। अरविंद केजरीवाल और उनके साथी पिछले दो महीनों से चुनाव की तैयारियों में लगे हुए हैं। केजरीवाल तक़रीबन रोज एक नया ऐलान कर रहे हैं।

एक महीने पहले दिल्ली में चारों तरफ़ अरविंद केजरीवाल ही दिखाई पड़ रहे थे। राजनीति के अधिकांश विश्लेषक एकमत थे कि आम आदमी पार्टी ने शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है और भारतीय जनता पार्टी पिछड़ती जा रही है। कांग्रेस तो मैदान में कहीं नज़र ही नहीं आ रही थी। अब तस्वीर बदल चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के दो सशक्त और लुभावने संकल्पपत्र जारी हो चुके हैं, जिनमें दिल्ली की जनता के लिए आकर्षक पैकेज डाले गए हैं। सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए यह भी कहा गया है कि सरकार बदलने के बावजूद जनकल्याण के पूर्ववर्ती कामों को जारी रखा जाएगा। अगले दिनों में भाजपा की ओर से और भी कई ऐलान किए जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी बूथ के कार्यकर्ताओं को उपयोगी टिप्स देकर चार्ज कर चुके हैं। आने वाले दिनों में पीएम मोदी की रैलियां भी होने वाली हैं। योगी आदित्यनाथ मैदान में उतर चुके हैं और वोटिंग से पहले और तीन-चार जनसभाएं करने वाले हैं। ज़ाहिर है कि अगले आठ दस दिनों में भाजपा चुनावी अभियान में कोई भी कोर-कसर बाक़ी नहीं रखना चाहेगी।

सभी जानते हैं कि भारतीय जनता पार्टी आख़िरी दिनों में बाज़ी पलटने में माहिर है। पिछले साल छत्तीसगढ़ में हमने देखा है कि भाजपा की सटीक रणनीति ने किस तरह अभेद्य नज़र आ रही कांग्रेस सरकार को धराशायी कर दिया था। ऐसा दिल्ली में भी हो सकता है। एक महीना पहले भले ही भाजपा मैदान में दिखाई नहीं पड़ रही थी, मगर आरएसएस आधारित उनका अदृश्य कैडर ज़मीनी स्तर पर अच्छी खासी पकड़ बना चुका है। भाजपा की हालिया कामयाबियों का राज यही है। बड़ी ही ख़ामोशी और योजनाबद्ध तरीके से बूथ मैनेजमेंट के जरिए भाजपा ने छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र में सारे पूर्वानुमानों को धराशायी करते हुए आश्चर्यजनक जीत हासिल की है।

इधर अरविंद केजरीवाल दिल्ली के चुनाव में पहली बार कड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। पिछले तीन चुनावों में उनके पास कट्टर ईमानदार की छवि थी। जनता की

सहानुभूति भी उनके साथ थी। वे बड़े ही मासूम और भोले भाले दिखते थे। इस बार मासूमियत से भरी उनकी भोली-भाली कट्टर ईमानदार वाली छवि मिट्टी में मिल चुकी है। ऊपरी तौर पर तो यही लग रहा है कि जनता की सहानुभूति भी उनके साथ नहीं है। लोकसभा के चुनाव में अंतरिम जमानत पर छूटने के बाद उन्होंने सहानुभूति अर्जित करने के लिए दिल्ली की जनता से कहा था कि अगर वह लोकसभा की सीटें इंडी गठबंधन की झोली में डाल देती है, तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। इस अपील का जनता पर कोई असर नहीं हुआ था। केजरीवाल और उनके साथियों ने शराब घोटाले के आरोपों को भाजपा की साज़िश बताते हुए पीएम मोदी को कटघरे में खड़ा करने की जी तोड़ कोशिश की है। मगर दिल्ली की जनता काफी समझदार है। लगता नहीं कि वह केजरीवाल के झाँसे में आने वाली है।

इन आरोपों पर पर्दा डालने के लिए केजरीवाल ताबड़तोड़ ऐलान करते जा रहे हैं। कुछ इस तरह कि वे दिल्ली की जनता को सोचने-समझने का मौका ही नहीं देना चाहते। दो दिन पहले उन्होंने नया ऐलान किया कि वे आते ही अगले पाँच वर्षों में दिल्ली की बेरोजगारी ख़त्म कर देंगे। यह वादा केजरीवाल का नया असत्य शिगूफा है। पिछले दस वर्षों में उनके सारे बड़े वादे दम तोड़ चुके हैं। यमुना पहले से ज़्यादा गंदी हो चुकी है। सड़कों की बदहाली बता रही है कि दिल्ली को पेरिस बना देने का वादा गर्त में जा चुका है। प्रदूषण और कूड़े के ढेर का मसला विकराल रूप धारण कर चुका है। केजरीवाल आख़िर कब तक स्कूलों और मोहल्ला अस्पतालों को लेकर अपनी पीठ थपथपाते रहेंगे। इन स्कूलों और मोहल्ला अस्पतालों में भी कई तरह के घोटालों की खबरें आ रही हैं। इन सब के मद्देनज़र दिल्ली की जनता केजरीवाल के वादों पर कितना भरोसा करती है, 8 फरवरी को नतीजे आने के बाद ही इसका पता चलेगा।

अरविंद केजरीवाल ने इस बार अपने अभियान का पैंतरा भी बदला है और वे पूरी तरह हिंदुत्व की पिच पर खेलने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ महीने पहले तक उनकी छवि तुष्टीकरण की नीति पर चलने वाले राजनेता की रही है। अब वे हार्डकोर हिंदुत्व का कार्ड लेकर मैदान में हैं। उनके हालिया ऐलानों और उपक्रमों में यह बात साफ़ तौर पर दिखाई पड़ रही है। पुजारी-ग्रन्थी वेतन योजना के बाद सनातन सेवा समिति के जरिए वे बहुसंख्यक समुदाय को साधने का भरपूर प्रयत्न कर रहे हैं। कुछ इस तरह कि अपने मंचों को भगवा रंग देने से भी उन्हें कोई परहेज नहीं है। चूंकि आम आदमी पार्टी की कोई ऐलानिया विचारधारा नहीं है, इसलिए कोई वैचारिक दुविधा उन्हें ऐसा करने से नहीं रोकती। इस उपक्रम के पीछे केजरीवाल की एक विशेष रणनीति काम कर रही है। साफ़ तौर पर वे भाजपा के कोर वोटर्स को अपनी ओर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। किंतु केजरीवाल के लिए यह आसान क़तई नहीं है। गुरुवार को जब योगी आदित्यनाथ ने हिंदुत्व की पिच पर केजरीवाल पर हमला किया, तो उनसे जवाब देते नहीं बना और वे बातों को उत्तर प्रदेश के स्कूलों और पॉवर कट की ओर ले गए।

जहाँ तक कांग्रेस की बात है, वह अभी तक इस दुविधा से नहीं निकल पाई है कि वह पूरी ताक़त से चुनाव लड़कर दिल्ली में अपनी खोई हुई ज़मीन हासिल करने की कोशिश करे अथवा मैदान में अपनी कमज़ोर मौजूदगी से आम आदमी पार्टी के वोटों को विभाजित करने से रोके। वैसे तो कांग्रेस ने भी अपना मजबूत घोषणापत्र जारी किया है और संदीप दीक्षित, अजय माकन, देवेन्द्र यादव, अलका लांबा पूरी तरह से आम आदमी पार्टी पर हमलावर हैं। मगर गाँधी परिवार ने एक दीर्घकालिक रणनीति के तहत अभी तक खुद को चुनाव अभियान से दूर ही रखा है। दिल्ली के इन सब हालात पर गौर करें, तो नतीजों का ऊँट किस करवट बैठेगा, यह कहा नहीं जा सकता। इतना जरूर कहा जा सकता है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मेहनत और बेहतर रणनीति के तहत थोड़ी सी बढ़त हासिल कर ली है। इस बार आम आदमी पार्टी को ध्वस्त करके भाजपा दिल्ली का किला जीत ले तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1831 में 25 जनवरी के दिन ही पौलैंड की संसद ने स्वतंत्रता की घोषणा की थी। 1880 में आज ही के दिन भारतीय ब्रह्म समाज की शुरूआत प्रसिद्ध समाज सुधारक केशव चंद्र सेन ने की थी। 1881 में 25 जनवरी के दिन ही एलेक्जेंडर ग्राहम बेल और थॉमस अल्वा एडीसन ने ओरिएंटल टेलीफोन कंपनी बनाई थी। 1924 में आज ही के दिन फ्रांस के शैमॉनिक्स में पहले शीतकालीन ओलंपिक खेलों का आयोजन हुआ था। 1955 में 25 जनवरी के दिन ही पनामा और अमेरिका ने नहर संधि पर साइन किए थे। 1959 में आज ही के दिन ब्रिटेन ने पूर्वी जर्मनी से व्यापार समझौता किया था। 1971 में 25 जनवरी के दिन ही हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य घोषित किया गया था। 1980 में आज ही के दिन प्रसिद्ध समाजसेवी मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1983 में 25 जनवरी के दिन ही आचार्य विनोबा भावे को मरणोपरांत सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। 1988 में आज ही के दिन रामसेवक शंकर ने सूरीनाम के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आई विपदा है

आई विपदा है बड़ी, समझदार बन पूत, चाइनीज मांझा बना, मौत और यमदूत। मौत और यमदूत, छोड़ बेटा नादानी, समझाता परिवार, बहुत चिंतित है नानी। मांझे पर प्रतिबंध, मान जा 'बनिया' भाई, मौत रहा तू बेच, तभी आफत है आई।

–राजकुमार धर द्विवेदी

स्वर्ण भाव

स्वर्ण भाव अर्पण करूँ, निपुण बोस के नाम। हिंद देश का वीर वो, बलिदानी निष्काम॥ आज़ाद हिंद के तले, बनी फ़ौज इक खास। देश हित बलिदान की, मन में उत्तम आस॥ रक्त दान की याचना, मिले हजारों हाथ। तन अर्पण निज देश हित, नेताजी के साथ॥

– डॉ प्रतिभा गर्ग

खास पाती | लोग अपने तरक्की के लिए दिन - रात

लोग अपने तरक्की के लिए दिन - रात मेहनत करते हैं ।कोई सरकारी नौकरी करता है को व्यापार करता है कोई नेता अभिनेता बन जाता है और तरक्की की कहानी लिखता है ।शहर से गांव तक इस तरक्की का अर्थ सिर्फ लोग अपनी तरक्की से तालुक रखते है गरीब अपने बस दो जून की रोटी के लिए पूरा जीवन खपा देता है पर वह तरक्की नहीं कर पाता ।तरक्की का अर्थ सबको लेकर चलना होता है पर सफल व्यक्ति कभी सड़क में भीख मांग रहे व्यक्ति को चिल्हर देकर निकल जाता है शायद यही तरक्की का अर्थ हो – **लक्ष्मी नारायण लहरे**

वो बना रहा है तस्वीर गढ़ रहा मुरत कोई

वो बना रहा है तस्वीर गढ़ रहा मुरत कोई बन जाए मूरत तो खूब सजाएगा उसको करेगा मनोहर श्रृंगार मूरत की फिर उसपर खुद ही मोहित हो जाएगा मुरत हो जाएगा प्रीत उसका वही खुदा बन जाएगा वो उससे बतिआएगा उससे लाड़ लगाएगा तब मूरत को जगना होगा प्रीत उसका बनना होगा खुदा होकर उसका उसकी हर आस पूराना होगा प्रेम से गढ़ा मुरत क्या प्रेम की समझ पाएगा वो मुरत बनाने वाला भी क्या खुद को बनाने वाले का प्रेम समझ पाया था? – **प्रीति श्रीवास्तव**

ना उम्र की सीमा हो न जन्म का हो बंधन

ना उम्र की सीमा हो न जन्म का हो बंधन राजस्थान के एक स्कूल मे दो लोग जो अपने जीवन और नौकरी के अंतिम छोर पर खडे है ने मोहब्बत की दुकान खोली और शोरूम प्रधानाचार्य का आफिस बनाया। सरकार ने जनभावना के दबाव मे दोनो को निलंबित कर दिया। – **ऐडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता**

खानाबदोश ख्वाहिशों के साथ

खानाबदोश ख्वाहिशों के साथ जिंदगी चलती रहीं , मंजिल भी मिली पर शाम सी ढलती रहीं , मंजिल भी जिंदगी के पड़ाव के साथ बदलती रहीं,बदलती रहीं ख्वाहिशे, सपनें बदलते रहें, लगी कम सी हर ख्वाहिशे, हम ख्वाहिशों के साथ चलते रहें, बदलती रहीं तस्वीरें और बदलती रहीं उनकी रंगतें , रंगत उड़ी सी कभी और कभी होती रही गहरी सी खानाबदोश जिंदगी के खानाबदोश रंग भी मिले ,और हम ढ़लने की कोशिश में अपनें रंग बदलते रहें, अंत का रंग क्या होगा ,इसी सोच में हम आज खोते रहें , और धीरे-धीरे सूरज की रौशनी भी खोते रहें ,और जागते रहें , रातों को तारो के साथ ।।।।। – **नमन कुमार मिश्रा**

जिस धरती पे जन्म लिया वहाँ भी

जिस धरती पे जन्म लिया वहाँ भी राम.. जिस मिट्टी पे खेल बड़ा किया वहाँ भी राम पल पल कद यूँ भी बढ़ता गया वहाँ भी राम रोम-रोम में स्वयं उत्साह भरा वो भी राम कर्म के साथ ज़ब भी अड़ा वहाँ पर स्वयं राम है खड़ा मात-पिता हो या कर्म भूमि वहाँ भी राम जन्म से मृत्यु बस साथ चला वहाँ भी राम मृत्यु के बाद मौन कौन चला वहाँ भी राम मन मे मन को सब मौन जिया राम नाम से जग ने प्रेम किया सच लेकर हर पल साथ चला वहाँ भी राम हे राम! बस राम! प्रभु राम! हाँ, मेरे राम! – **नंदिता तनूजा**

आज फिर से उसकी यादों का

आज फिर से उसकी यादों का काला, घना कोहरा गहराया था आज फिर से वो जालिम हमें बेइंतहा याद आया था चारो दिशाओं में फिर उसकी ही आहट थी उसका साया था... बदन में जोरों की थी छटपटाहट, और मन का कोना कुम्हलाया था कि किस तरह उसने उलफ़त की हर रस्म को, बड़ी बेअदबी से मसलकर ठुकराया था हाँ वो जालिम आज फिर याद आया था आज फिर से याद आया था। – **पूनम राजपूत**

प्रेरक प्रसंग

एक संत अपने एक किसान भक्त की प्रार्थना स्वीकार करके उसके गाँव पहुँचे। किसान ने उनके लिए एक प्रवचन का आयोजन किया था। अचानक किसान का बैल बीमार हो गया। किसान जानता था कि यदि बैल को समय पर उपचार न मिला तो वह मर जाएगा, इसलिए वह प्रवचन में न जाकर बैल को चिकित्सक को दिखाने ले गया। गाँव के कुछ लोगों ने संत से उसकी शिकायत की और बोले- महाराज ! यह किसान कितना स्वार्थी है। आपके प्रवचन का आयोजन करके खुद ही यहाँ नहीं आया है। संत बोले- किसान ने प्रवचन में न आकर और एक पीड़ित पशु की सेवा को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि वह मेरी शिक्षाएं ठीक प्रकार से समझ गया है। मेरे सारे प्रवचनों का सार यही है कि दुःखी- पीड़ितों की सहायता की जाए और विवेक का आश्रय लेकर यह समझा जाए कि किन परिस्थितियों में कौन-सा कार्य जरूरी है। यदि आज किसान बीमार बैल को छोड़कर प्रवचन में आ जाता और वह बैल बिना दवा के मर जाता तो मेरा प्रवचन देना व्यर्थ हो जाता। संत का कहा सुनकर सबकी आंखें खुल गईं।

QUIZ TIME

1) 1916 में महात्मा गांधी ने किसे प्रेरित करने के लिए बिहार के चम्पारण की यात्रा की थी?

2) वयस्कों में श्वेत रुधिर कोशिकाओं तथा लाल रुधिर कणिकाओं का औसत अनुपात क्या है?

3) भारत में प्रसंस्कृत भोजन का कारक कौन सा है?

4) बघेली का विकास किस भाषा से हुआ है?

5) नजला बौडने रोमधाने किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) किसानों (2) 1:600 (3) खान-पान की आदतें, संशोधित खाद्य पदार्थ और जीवनशैली बदलना (4) अर्धमागधी (5) ट्यूनीशिया

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे
1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, स्वरसाईदीप 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 306 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:17, सूर्यास्तः ?? 05:49, चन्द्रोदय : 27:32, चन्द्रास्त : 12:52, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : ज्येष्ठा, योग : ध्रुव, प्रथम करण : विष्टि (19:25 तक), द्वितीय करण : बव (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : वृश्चिक (22:32 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:08 से 12:50, अमृत काल : 19:52 से 21:36, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:11 से 31:07, विजय मुहूर्त : 14:15 से 14:57, गोधूलि मुहूर्त : 17:44 से 18:11, सायाह्न सन्ध्या : 17:47 से 19:07, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:56, राहुकाल : 09:00 से 10:29, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:08 से 16:27, दुर्मुहूर्त : 09:18 से 10:01, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : पूर्व (31:07 से), अग्निवास : पृथ्वी (19:25 तक), भद्रावास : स्वर्ग (19:25 तक)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आप दिन भर पूर्वाग्रह से ग्रसित रहेंगे जल्दी से किसी की बात सुनने के लिये तैयार नही होंगे। वैसे तो आपकी दिनचार्य व्यवस्थित ही रहेगी।

वृषः आज का दिन आपके धनधान्य में वृद्धि करेगा। पिछले कुछ दिनों से मन मे चल रही किसी खास योजना को साकर रूप दे पाएंगे।

मिथुनः आज आपकी मानसिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी लेकिन दाम्पत्य में छोटी-छोटी बातों को प्रतिष्ठा से जोड़कर झगड़ पड़ेंगे।

कर्कः आज आप राग-द्वेष की भावना से भरे रहेंगे। किसी को आगे बढ़ते हुए देखना पसंद नही आएगा। परिजन आपकी मानसिकता को जानते हुए भी मार्गदर्शन करने की जगह अवहेलना करेंगे।

सिंहः आज के दिन आप विचारों से साहसी नजर आएंगे लेकिन नरम सेहत लगभग सभी कार्यो को अस्त व्यस्त बनायेगी।

कन्याः आज के दिन आपका दिमाग स्थिर नही रहेगा। पल पल में निर्णय बदलने से स्वयं तो परेशान होंगे साथ वालो को भी असमंजस में डालेंगे।

तुलाः आज के दिन आपका व्यक्तित्व भीड़ में अलग ही नजर आएगा।

वृश्चिकः आज के दिन आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। जल्दी से किसी कार्य को करने का मन नही करेगा।

धनुः आज के दिन का आरंभ सुखद रहेगा किसी जटिल समस्या का तुरंत समाधान करने पर प्रशंसा के पात्र बनेंगे।

मकरः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है लेकिन दिन के आरम्भ से ही व्यवहार में मृदुता लाने का प्रयास करें।

कुंभः आज दिन के आरम्भ में आप के ऊपर अकस्मात कार्य भर बढेगा। कुछ समय के लिये दिमाग शून्य जैसा रहेगा।

मीनः आज आपका स्वभाव छोटी छोटी बात पर गरम होगा। सेहत में भी आज कुछ न कुछ विकार लगा रहेगा।

दुर्ग में अचानक बुलाई गई भाजपा की संभाग स्तरीय बैठक, कांग्रेस नेताओं ने तैयार किया दावेदारों का पैनल

■ समन्वय कायम करने संभाग स्तरीय समिति की दूसरी बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव के लिये नामांकन की अंतिम तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है, वैसे-वैसे कांग्रेस और भाजपा से महापौर और पार्षद पद के दावेदारों की धड़कनें तेज हो रही हैं। आज दिन भर भाजपा के दावेदारों और कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश भाजपा संगठन से जारी होने वाली प्रत्याशियों की सूची को लेकर अटकलों का बाजार गर्म रहा। इधर, कांग्रेस नेताओं ने राजीव भवन में चार घंटे की मैराथन बैठक में दावेदारों का पैनल तैयार किया है। इस पैनल में शामिल नामों पर चर्चा के बाद प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता 25 व 26 को प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे।

कांग्रेस में महापौर पद के लिये रामकली, कल्पना, प्रेमलता, सरला कोहले की दावेदारी

चुनाव को लेकर आज कांग्रेस की बैठक में पैनल तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया। राजीव भवन, दुर्ग में जिला स्तरीय चुनाव अभियान समिति की विशेष बैठक में वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सभी 60 वार्डों के समीकरणों पर गहन चर्चा के बाद हर वार्ड में दो से तीन दावेदारों का पैनल तैयार किया गया है। शाम को पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेज दिया गया। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, निवर्तमान महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजेंद्र साहू, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजेश यादव सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल हुए। चार घंटे तक चली बैठक मेंआवेदनों की बारीकी से जांच की गई। जीत की संभावना वाले दावेदारों के नाम पैनल में रखे गए। कई वार्डों में एक ही नाम शामिल किया गया। पैनल पर अंतिम निर्णय प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक में लिया जाएगा। महापौर पद के लिए करीब नौ दावेदारों के नाम पैनल में शामिल हैं। शहर कांग्रेस कमेटी के पैनल में 3 नाम प्रमुखता से शामिल किये गए हैं। इनमें रामकली यादव, प्रेमलता पोषण साहू, कल्पना देशमुख और सरला संजय कोहले के नाम शामिल हैं। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली, महीप सिंह भुवाल, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, प्रदेश युकां महामंत्री संदीप वोरा, परमजीत सिंह शामिल रहे।

भाजपा से अलका, कुमुद, लीना जयश्री के नाम सबसे ऊपर

भाजपा की संभाग स्तरीय समिति ने दो दिन पहले हुई मैराथन बैठक के बाद पैनल तैयार कर प्रदेश भाजपा संगठन को भेज दिया है। गुरुवार को प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा पैनल पर मंथन किया गया। आज प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा महापौर और पार्षद के प्रत्याशियों की सूची जारी किये जाने की संभावना है।

बैठक में समन्वय पर जोर

जानकारी के अनुसार कल रायपुर में हुई बैठक में पैनल में शामिल कई वार्डों के नामों पर प्रादेशिक बैठक में फैसला नहीं हो पाया। प्रदेश संगठन द्वारा यह कहा है कि संभाग स्तरीय कमेटी ही स्थानीय स्तर पर पैनल में शामिल नामों को लेकर समन्वय स्थापित करे। प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर आज दुर्ग में नए सिरे से भाजपा की संभाग स्तरीय समिति की बैठक हुई। देर शाम तक बैठक जारी रही। अलका बाघमार, कुमुद बघेल को माना गया सशक्त दावेदार, दौड़ में लीना दिनेश देवांगन, चंद्रिका, जयश्री, ममता भी शामिल। भाजपा से महापौर प्रत्याशी के लिये सरोज पांडेय कैंप से कुमुद बघेल का नाम आगे किया गया है। इसके अलावा गजेंद्र यादव कैंप से ममता देवांगन का नाम सामने आया है। इनके अलावा लीना दिनेश देवांगन, जयश्री वर्मा, अलका बाघमार, चंद्रिका चंद्राकर के नाम भी महापौर प्रत्याशी के पैनल में शामिल हैं। भाजपा सूत्रों के अनुसार संभाग स्तरीय समिति की बैठक में अलका बाघमार और कुमुद बघेल को महापौर पद के लिये सबसे सशक्त दावेदार माना गया है।

नगरीय निकाय चुनाव-2025 तीसरे दिन 25 नामांकन जमा

दुर्ग। नगरीय निकाय निर्वाचन-2025 के नाम निर्देशन पत्र जमा करने के तीसरे दिन 25 नामांकन जमा किये गए। नगर निगम दुर्ग, नगर पालिका परिषद अहिवारा, अमलेश्वर और कुम्हारी व नगर पंचायत धमधा, पाटन और उतई में पार्षद पद हेतु 23 नामांकन जमा हुए हैं। नगर पंचायत धमधा और पाटन में अध्यक्ष पद के लिये एक-एक नामांकन जमा किया गया। आज नगरीय निकायों में पार्षद पद के लिये 126 नामांकन पत्र और महापौर/अध्यक्ष पद के लिये 11 नामांकन पत्र खरीदे गए।

आज भी जमा होंगे नामांकन

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं/त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन 2025 कराये जाने 25 जनवरी 2025 को भी नाम निर्देशन लेने की कार्यवाही निर्धारित समयावधि तक होगी। अधिसूचना के अनुसार 25 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। नामांकन की अंतिम तिथि 28 जनवरी है।

■ न्यूज गैलरी

आयुक्त ने दिलाई शपथ

भिलाईनगर। राष्ट्रीय मतदाता दिवस परिपालन में मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। नगर निगम भिलाई में नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निगम सभागार में सभी अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। क्षेत्र में वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड व 35 शारदा पारा केम्प-2 में पार्षद चुनाव कराया जा रहा है।

मतदाता दिवस पर ली शपथ

जामुल। नगर पालिका परिषद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शपथ ली गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में वरिष्ठ उपअभियंता के. एन. ताम्रकार, राजस्व अधिकारी हरीश साहू, लेखापाल आशा जंघेल, महेन्द्र परगनिहा, रामू देवांगन, नरेन्द्र मढ़रिया, श्याम रतन पटेल, हर्षा मेहरा,बशीर खान, राम खिलावन, सेन कुमार सोनवानी, देवकुमार वर्मा आदि मौजूद थे।

कुरूद लोहिया रोड पर अतिक्रमण : निगम ने तोड़ा कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। वैशाली नगर जोन क्रमांक 2 के अंतर्गत निगम की टीम ने अवैध अतिक्रमण पर बेदखली कार्यवाही की। कुरूद लोहिया रोड पर एक मकान मालिक द्वारा घर के सामने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से सेप्टिक टेंक बनाकर कब्जा किया गया था। शिकायत मिलने पर जोन क्रमांक-2 के राजस्व अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में बेदखली कार्रवाई की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सेप्टिक टेंक को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, वार्ड प्रभारी अरूण सिंह, कृष्ण कुमार सुपैत, गुप्तानंद तिवारी, हरि ताम्रकार, मदन मोहन तिवारी, जागेश्वर पटेल, अमीत कोसरे, प्रतीक तिवारी, तोडफ़ोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता उपस्थित थे।

खुले में मांस मटन विक्रय, निगम ने की कार्यवाही

निगम क्षेत्र में खुले में मांस मटन, चिकन, मछली अवैध रूप से विक्रय करने वालो पर निगम की टीम कार्यवाही कर रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने पांचो जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किये है, कि अपने-अपने जोन स्तर पर टीम गठित किया जावे। स्थानीय निवासियो द्वारा शिकायत की जाती है, कि अवैध रूप से चोरी छिपे मांस, मछली आदि का विक्रय उनके क्षेत्रो में किया जा रहा है।

जबकि नगर निगम भिलाई द्वारा इसके लिए पूर्व से ही आखेट परिसर सुपेला, पावर हाउस, खुर्सीपार आदि जगहो पर स्थान निर्धारित किया गया है। वही पर विक्रय किये जाने की अनुमति है। विक्रय करने से पूर्व शासकीय नियमो का पालन करना आवश्यक है। कहीं पर भी दुकान लगाकर बेचना, कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। आयुक्त पाण्डेय ने अधिकारियो को निर्देशित किये है, कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही करें।

लूट के मामले में 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। मोहन नगर थाना पुलिस ने लूट के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी का माल खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से लूटी हुई सोने की चैन जब्त की गई है। प्रेस कांफ्रेंस में अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर ने बताया कि 21 जनवरी को प्रार्थी संतोष कुमार पिता एम.के.व्ही. कैमल उम्र 54 साल निवासी 398 बैंक कालोनी बचेली थाना बचेली जिला दंतेवाड़ा ने मोहन नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रार्थी ने बताया कि दुर्ग में ई रिक्शा चालक ने उन्हें कृषि उपज मंडी के अंदर सुनसान जगह पर सोने की चैन लूट ली। जिसकी कीमत करीब 2 लाख रुपये है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना की गई। आरोपी रेशम सरदार, बाडू देवार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म कबुल किया। उसने बताया कि लूट की सोने की चैन को बलजीत सिंह के पास बेचा है। सभी आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी रेशम सरदार आदतन अपराधी है।

आज विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में 25 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी ने जानकारी दी है कि रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिये जिला चिकित्सालय में निःशुल्क वाहन पार्किंग सुविधा रहेगी। रक्तदाताओं को प्रशस्तिपत्र भी दिया जाएगा। वजन के अनुसार स्वस्थ शरीर में 5 से 6 लीटर रक्त होता है, जिसमें से शरीर रक्तदाताओं को एक बार में केवल 350 मिली ही रक्तदान करना है। रक्तदान के समय वजन, बीपी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, मलेरिया, एचाआईवी, हेपेटाईटिस, वीडीआरएल की निःशुल्क जॉच होती है। वयस्क जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष, वजन 45 किग्रा से ऊपर हो वे रक्तदान कर सकते हैं।

संस्कृति, लोककला व परंपराओं से कराएगा अवगत

इंटेक करेगा सांस्कृतिक विरासतों के लिए जनजागरण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। भारतीय सांस्कृतिक न्यास (इंटेक) के दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा नई शिक्षा नीति के अनुरूप भारत की सांस्कृतिक विरासत, छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं, परंपराओं, पर्वों आदि से संबंधित जानकारी विद्यार्थियों को दी जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से स्थापित हेरिटेज क्लबों का पुनर्गठन कर सक्रिय बनाया जाएगा। पोस्टर, पेंटिंग व क्विज स्पर्धाओं का आयोजन किया जावेगा, हेरिटेज वॉक, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा, आभूषणों, व्यंजनों के साथ साथ पुराने सिक्कों व डाक टिकटों के संकलन की प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

स्थानीय अध्याय की बैठक में ये निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने की। बैठक का संचालन करते हुए अध्याय की संयोजिका डॉ हंसा शुक्ला ने अध्याय की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ डी एन शर्मा, प्रसिद्ध व्यंग्यकार विनोद साव, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ रजनी नेलसन, साहित्यकार विद्या गुप्ता, प्रसिद्ध चित्रकार महेश चतुर्वेदी, डॉ सुनीता वर्मा, प्रज्ञा सिंह, कांति भाई सोलंकी, सामाजिक कार्यकर्ता बी पोलम्मा, महेंद्र देवांगन, विश्वास तिवारी, इजा नेलसन पाल और आशीष गौराहा सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।

सेल स्थापना दिवस पर बीएसपी के 65 कर्मचारी दीर्घ सेवा सम्मान से हुए सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात उत्पादक कंपनी सेल का गठन 24 जनवरी 1973 को किया गया था।तब से हर साल 24 जनवरी को सेल की सभी इकाइयों में सेल स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। आज आयोजित कार्यक्रम में प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ काम करने वाले कुल 65 कार्मिकों और अधिकारियों को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रतिष्ठित 'लॉन्ग सर्विस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार कार्मिकों और अधिकारियों को 25 वर्ष की कार्यसेवा पूर्ण करने पर दिया जाता है। मुख्य अतिथि इस्पात संयंत्र निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में बीएसपी के कार्मिकों और अधिकारियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान संयंत्र कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेशक (खदान) बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार उपस्थित थे। ऑफिसर्स एसोसिएशन, यूनियन व संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीगण, महाप्रबंधक और विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण और संयंत्र कर्मी भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि दासगुप्ता ने सेल स्थापना दिवस पर सेल गौरव दिवस की बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सेल के 52 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। आप लोगों ने अपने जीवन का लगभग आधा समय यहाँ योगदान दिया है। सेल आज जिन ऊँचाइयों का स्पर्श कर रहा है, उसमें हम सभी की महत्वपूर्ण भागीदारी है। आप सभी जीवन के शेष एक तिहाई समय को आने वाली पीढ़ी को अपना अनुभव और ज्ञान प्रदान करेंगे और सेल की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, और देश के विकास के लिए इस्पात बहुत जरूरी है। विकास में इस्पात उद्योग का महत्वपूर्ण योगदान है।

शराबी युवकों ने गार्ड को कार से उड़ाया, हालत गंभीर

भिलाई। स्मृति नगर में चार शराबी युवकों ने ग्रीन वैली अपार्टमेंट में गेट खोल रहे सिक्योरिटी गार्ड को कार से उड़ा दिया। कार से टकराने के कारण गार्ड करीब 10 फीट उछलकर दूर जा गिरा। गार्ड के सिर पर गंभीर चोटें आई है। गार्ड को अस्पताल में भर्ती किया गया है। स्मृतिनगर पुलिस ने 4 युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर दी। सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि बाईक सवारों के लिये गार्ड ने गेट खोला। बाईक सवार अंदर गए इसके बाद पीछे से तेज रफ्तार कार को देखकर गार्ड जब गेट खोल रहा था, तभी कार चालक ने गेट को तेजी से टक्कर मारी गार्ड दूर जा गिरा।

पीआईसी की बैठक में 2 करोड़ के विकास कार्य की मंजूरी

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका परिषद में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में पीआईसी की बैठक में लगभग दो करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति दी। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि नपा कार्यालय उन्नयन के लिए 21.15 लाख, भारतमाता चौक सौंदर्यीकरण के लिये 19.60 लाख, रावण भाठा में 100 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा के लिये 19.55 लाख, अकलोर तिराहा सौंदर्यीकरण हेतु 19.61 लाख, वार्ड 20 व

वार्ड 14 में बैडमिंटन कोर्ट हेतु 24 लाख के टेंडर के लिये प्राप्त दरों का अनुमोदन किया गया।

इसके साथ ही सुरडुंग हाई स्कूल में ट्री प्लांटेशन हेतु 26 लाख, वार्ड 19 में सीसी रोड हेतु अध्यक्ष व पार्षद निधि से 7 लाख, मणिकंचन केन्द्र नया निर्माण हेतु 25 लाख, अटल परिसर हेतु 30 लाख, शासकीय महाविद्यालय में बोर खनन हेतु 1.50 लाख, वार्ड 18 में विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर हेतु अध्यक्ष व पार्षद निधि से 4 लाख की स्वीकृति दी गई। कोसरिया, मरार समाज हेतु 2 हजार वर्गफीट भूमि आबंटन, आंगनबाड़ी में सहायिका की नियुक्ति और नपा कर्मचारियों के अर्जित अवकाश, संविलियन, परीवीक्षा अवधि, समयमान वेतनमान और वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति की स्वीकृति दी गई। बैठक में सामान्य प्रशासन प्रभारी अहिल्या वर्मा, लोनि प्रभारी खम्हन ठाकुर, जलकार्य प्रभारी रामदुलार साहू, राजस्व प्रभारी कविता विश्वाल मौजूद थे।

निगम क्षेत्र में आवासहीनों को सिर्फ 3.61 लाख में मिलेगा प्रधानमंत्री आवास

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र में खुद का घर खरीदने का सुनहरा अवसर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया जा रहा है। दुर्ग क्षेत्र में झुग्गी व गैर झुग्गी बस्ती में निवास करने वाले नागरिकों या किराये के मकानों पर रहने वाले नागरिकों को प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकान काफी कम कीमत

पर दिये जाएंगे। प्राइवेट बिल्डरों से ऐसे ही आवासों को खरीदने पर 15 से 18 लाख रुपए खर्च करने होंगे। जबकि शासन द्वारा 3.61 और 3.30 लाख में यह आवास उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कलेक्टर/ निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने दुर्ग क्षेत्र के आवासहीन नागरिकों से कहा है, कि जिन हितग्राही के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन के नियमानुसार मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज जरूरी हैं। पात्र हितग्राहियों को 31 अगस्त 2015 से पूर्व दुर्ग निगम क्षेत्र में निवासरत होना चाहिये। उनका नाम (मतदाता सूची/ किरायानामा/ निवास प्रमाण/ जनगणना 2011 की सूची में हो और भारत में कही भी पक्का मकान न हो। परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक ना हो। जिन हितग्राही के पास सभी दस्तावेज हो वे इस योजना का लाभ ले सकते है। बोरसी में गणपति विहार के पीछे प्रधानमंत्री आवास योजना के दो प्रोजेक्ट तैयार हैं जिसमें 216 आवास (फ्लैट) बन चुके हं।

हेमंचद विवि.. | ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन पर कार्यशाला

महाविद्यालय के आंकड़ों से ही उच्च शिक्षा की दशा और दिशा तय होती है : कुलपति

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आज साइंस कॉलेज में आल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुलपति एवं संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा भेजे गए आंकड़ों के आधार पर ही उच्च शिक्षा की दशा और दिशा निर्धारित होती है। महाविद्यालयों को ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन के सर्वे प्रोफार्मा को विशेष सावधानी से भरना चाहिए।

साइंस कॉलेज के राधाकृष्णन सभागार में लगभग 150 से अधिक महाविद्यालयों के प्राचार्यों

और नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए राठौर ने कहा कि ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन के डीसीएफ फार्मेट को भरते समय छात्र संख्या, प्राध्यापकों की संख्या और परीक्षा परिणाम के आंकड़े देने में विशेष सावधानी की जरूरत इसलिए है, क्योंकि इसी के आधार पर छात्र-छात्राओं को विभिन्न श्रेणियों के छात्रवृत्तियों की राशि और संख्या का निर्धारण किया जाता है।

कार्यशाला में साईंस कालेज, दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने कार्यशाला की प्रासंगिकता और उससे होने वाले लाभ पर विस्तार से प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने कहा कि इस वर्ष जो जानकारी भरी जायेगी, वह पिछले समाप्त हुये अकादमिक वर्ष यानी 2023-24 की होगी। साईंस कालेज, दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि पिछले साल कुछ महाविद्यालयों ने डीसीएफ फार्मेट नहीं भरा था, जिसके कारण छत्तीसगढ़ का जीईआर घट गया। इस वर्ष समस्त महाविद्यालय ध्यानपूर्वक इस जानकारी की प्रविष्टि करें। उद्घाटन समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विवि के नोडल अधिकारी हिमांशु शेखर मंडावी ने किया।

कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम मॉडल कालेज, धनोरा के सहायक प्राध्यापक विकास पंचाक्षरी ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने कार्यशाला में आए महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

निधन : मोहनी देवांगन

दुर्ग। शिक्षकनगर निवासी एडवोकेट जगदीश देवांगन की धर्मपत्नी मोहनी देवांगन का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। अंतिम संस्कार कार्यक्रम 25 जनवरी को प्रातः 10 बजे निज निवास शिक्षक नगर से हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा।

भारती विवि में वार्षिकोत्सव 'आनंदम' संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव 'आनंदम' का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन व पदक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला, विशिष्ट अतिथि विवि कुलपति प्रोफेसर डॉ. बीएन तिवारी, उपकुलपति प्रोफेसर डॉ. आरएन सिंह, संयुक्त संचालक जय चंद्राकर व शालिनी चंद्राकर, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, उपाध्यक्ष प्रभजोत सिंह भुई, डायरेक्टर घनश्याम साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति सुशील चंद्राकर ने की। मां सरस्वती की पूजा अर्चना और राजकीय गीत

के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। स्वागत भाषण में उपकुलपति ने विद्यार्थियों को जीवन के सार्थक लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य को प्राप्त करने अनवरत प्रयास करने की प्रेरणा दी। विवि कुलपति ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करते हुए विवि की ख्याति और उपलब्धि बढ़ाने प्रेरित किया। मुख्य अतिथि शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों को राष्ट्र का जिम्मेदार मानव संसाधन बनना चाहिये। उन्होंने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की नसीहत दी। जीवन में अनुशासन के महत्व को समझाते हुए राष्ट्र के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने की शिक्षा दी। कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने कहा। कुलाधिपति ने विद्यार्थियों को माता-पिता के संघर्षों को ध्यान में रखते हुए सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी।

न्यूज गैलरी

पायल गुप्ता ने घायलों को पहुंचाया जिला अस्पताल

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने तीन बच्चों की जान बचाई यह मामला दंतेवाड़ा थाना क्षेत्र का है पायल गुप्ता राजनीतिक कार्यक्रम गीदम से वापस लौट रही थी तभी अचानक रेलवे क्रॉसिंग के पास जबरदस्त एक्सीडेंट हुआ जिसमें तीन लोग घायल हो गए और स्थिति की गंभीर थी पायल गुप्ता ने मानवता का परिचय देते हुए उन्हें अपनी गाड़ी में बैठक जिला अस्पताल पहुंचाया और उनका उपचार कराया। तीनों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें उपचार के बाद जगदलपुर रेफर किया गया जहां उनका इलाज जारी है।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला कबीरधाम में बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और शिक्षा, खेल तथा हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस का थीम ÷सुनहरे भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण÷ रखा गया, जिसे केंद्र में रखते हुए बालिकाओं की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए यह विशेष प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम का आयोजन आउटडोर स्टेडियम, कवर्धा में किया गया, जहां जिले की दो प्रमुख महाविद्यालयों की टीमों–आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनी नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय की गर्ल्स कॉलेज 11 और राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय की पीजी कॉलेज 11–ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर 62 रन बनाए। इसके जवाब में गर्ल्स कॉलेज 11 ने 5 ओवरों में ही 2 विकेट के नुकसान पर 63 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में गर्ल्स कॉलेज 11 की खिलाड़ी अंजली ने 19 गेंदों पर 32 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मेंद्र छवाई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अजय त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आनंद कुमार तिवारी, आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनी नाम साहेब स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती तिग्गा, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ऋचा मिश्रा, परियोजना अधिकारी आईसीडीएस श्रीमती विवेका हैरिस, सुश्री निकिता डड़सेना, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री सत्यनारायण राठौर, परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन श्री महेश निर्मलकर, परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती विभा बक्शी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा श्री लवन सिंह कंवर, श्री कमलेश कामले, श्री भानुप्रताप सिंह, श्रीमती पायल पांडे, श्रीमती मनीषा चंद्रवंशी, श्रीमती सतरूपा सोनी, सुश्री मोनिका दुबे, श्रीमती मिलापा श्याम, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती कविता सिंह सहित आईसीडीएस स्टॉफ, स्कूल और कॉलेज की बालिकाएं तथा कवर्धा के नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, खेल और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर प्रदान करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं का सशक्तिकरण एक सुनहरे भविष्य की दिशा में बड़ा कदम है। कार्यक्रम के दौरान सुश्री निकिता डड़सेना ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम ÷सुनहरे भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण÷ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिकाओं को शिक्षा, खेल और हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना आवश्यक है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन कर सकें। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के अंत में परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती विभा बक्शी ने उपस्थित अतिथियों, प्राचार्यों, प्राध्यापकों और बालिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण...

ने की अनुमति दी।

एक गज जमीन को लेकर चल रहा है विवाद : लंबे समय से अपने मूल धर्म को छोड़कर विशेष समुदाय में शामिल होने के बाद जब इनकी मौत हो जाती है, तो इन विशेष समुदाय के लोगों को अपनी ही जमीन में दफनाने के लिए लगने वाले एक गज की जमीन तक उन्हें नसीब नही हो पाती है, ऐसे में आदिवासी समाज का कहना है कि अपने मूल धर्म को छो?कर दूसरे समुदाय में जाने के कारण वापस अपने समुदाय में आकर अपने रीति रिवाज से अंतिम संस्कार करने की बात कही जाती है।

वक्फसंशोधन बिल पर हंगामा

होने से पहले मीरवाइज ने कहा कि वह वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध करते हैं और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप नहीं करने का समर्थन करते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा। ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाए, जो मुसलमानों को बसहज महसूस कराए। यह पहली बार है, जब लगभग निष्क्रिय हो चुके अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के प्रमुख मीरवाइज ने पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद कश्मीर घाटी से बाहर कदम रखा है।

विपक्ष बहुमत की आवाज को दबाना चाहता है

उन्होंने कहा कि अगर आज और कल खंडवार चर्चा के लिए बैठक होती भी तो 27 जनवरी या 28 जनवरी को एक और बैठक होती। 27 जनवरी के लिए पहले से ही बैठक तय थी। विपक्ष बहुमत की आवाज को दबाना चाहता है। ज्यादातर सदस्यों ने 27 जनवरी को बैठक करने का सुझाव दिया है। 29 जनवरी को हम अध्यक्ष को रिपोर्ट सौंपेंगे। जब भी मैंने जेपीसी में बोलने के लिए माइक लिया है, विपक्ष ने हमेशा मेरी आवाज को दबाने की कोशिश की है।

क्रिप्टोकरेंसी के भविष्य पर ट्रंप का कार्यकारी आदेश: को अमेरिका या विदेशों में अपने अधिकार क्षेत्र में सीबीडीसी की स्थापना, जारी करने या बढ़ावा देने के लिए कोई भी कार्रवाई करने से प्रतिबंधित किया जाता है।÷ आदेश में कहा गया है कि अमेरिका के अधिकार क्षेत्र में सीबीडीसी के निर्माण से संबंधित किसी भी एजेंसी की चल रही योजना या पहल को तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा। ऐसी योजनाओं या पहलों को विकसित करने या लागू करने के लिए आगे कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

डोनाल्ड ट्रंप के नए कार्यकारी में डिजिटल परिसंपत्ति शब्द को भी परिभाषित किया गया है। आदेश के अनुसार डिजिटल परिसंपत्ति में बिटकॉइन, डिजिटल टोकन और स्टेबलकॉइन जैसी क्रिप्टोकरेंसी शामिल होंगी। उम्मीद है कि इस भंडार में बिटकॉइन शामिल होगा या इसमें सिर्फ बिटकॉइन ही होगा। पिछली गर्मियों में नैशविले में बिटकॉइन 2024 सम्मेलन में, डोनाल्ड ट्रम्प ने हैक और जब्ती से प्राप्त सरकार के पास पहले से रखे गए बिटकॉइन का उपयोग करके एक राष्ट्रीय रणनीतिक बिटकॉइन भंडार बनाने का संकल्प लिया था। अरखाम इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, अमेरिका में वर्तमान में 198,109 बिटकॉइन हैं जिनकी कीमत 20.1 अरब डॉलर से अधिक है।

क्रिप्टो के मामले में .

अब तक, राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने चुनाव अभियान के दौरान किए गए बिटकॉइन से जुड़े विवादों पर अपना दा निभाया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, राष्ट्रपति ट्रम्प ने बिटकॉइन के समर्थक और सिल्क रोड के संस्थापक रॉस उलब्रिच को पूर्ण और बिना शर्त माफी दे दी थी। इसके साथ ही, ट्रम्प रणनीतिक बिटकॉइन रिजर्व बनाने, सीबीडीसी पर प्रतिबंध लगाने, एक कार्य समूह या सलाहकार परिषद बनाने और क्रिप्टोकरेंसी की दिशा में बहुत कुछ करने के अपने वादे पर आगे बढ़े।

सुरक्षाबलों को मिली..

सीआरसी कंपनी नम्बर 2 पीपीसीएम राजे सोढ़ी उर्फ बोडडो पति आयता नुपो उम्र 33 निवासी कायर दुलेड थाना चिंतागुफा जिला सुकमा, 1 लाख के ईनामी कोमटपल्ली आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष देवा मड़कम उर्फ बोटी पिता गंगा मड़कम उम्र 40 निवासी काउरगुट्टा पत्तापारा थाना पामेढ़ जिला बीजापुर, 1 लाख के इनामी कोमटपल्ली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर कोसा माड़वी पिता हुंगा मा?वी उम्र 39 निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापेंटा पारा थाना उसूर जिला बीजापुर, 1 लाख के इनामी कोमटपल्ली आरपीसी सीएनएम अध्यक्ष लिंगा कुहरामी उर्फ गेल्ले लिंगा पिता हुर्रा कुहरामी उम्र 25 निवासी मल्लेमपेंटा निलापारा थाना उसूर जिला बीजापुर, 1 लाख के इनामी लिंगापुर डीएकेएमएस अध्यक्ष हुंगा कुंजाम सोमड़ा म?कम उर्फ राजू पिता कोसा मड़कम उम्र 25 निवासी तुमीरगुडा पेद्दापारा थाना उसूर जिला बीजापुर तथा मल्लेमपेंटा डीएकेएमएस सदस्य जोगा मड़कम पिता लिंगा मड़कम उम्र 29 निवासी मल्लेमपेंटा पटेलपारा, मल्लेमपेंटा संघम सदस्य, कोमटपल्ली आरपीसी डॉक्टर शाखा सदस्य हुर्रा मड़कम पिता बुटटी म?कम उम्र 36 निवासी मल्लेमपेंटा बेड़मापारा, पामेड़ एरिया कमेटी अंतर्गत पार्टी सदस्य व सप्लाई टीम सदस्य सोमड़ा मड़कम उर्फ राजू पिता कोसा मड़कम उम्र 25 निबासी तुमीरगुडा पेद्दापारा, मल्लेमपेंटा संघम सदस्य व कोमटपल्ली आरपीसी जंगल शाखा सदस्य रामा माड़वी पिता धुर्वा माड़वी उम्र 48 निवासी मल्लेमपेंटा कोत्तापारा, मल्लेमपेंटा संघम सदस्य व कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य हुंगा माड़वी पिता कांडे माड़वी उम्र 37 निवासी मल्लेमपेंटा खाडा पारा व मल्लेमपेंटा संघम सदस्य व कोमटपल्ली आरपीसी कृषि शाखा सदस्य सुक्का माड़वी पिता सोमडु माड़वी उम्र 55 निवासी उटलापल्ली शामिल हैं।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.51/अ-20(3)/वर्ष 2023-24

आवेदक उपेन्द्र बंछोर पिता सुभाष बंछोर निवासी वुडलैंड कालोनी अमलेश्वर सांकरा पाटन जिला दुर्ग की ओर से अधिवक्ता श्री हरेन्द्र उमरे द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र.45 सी प्लाट नं 102/2 क्षेत्रफल 180 वर्गमीटर आवासीय सह व्यव भूमि आवेदक के पिता सुभाष पिता गैंदलाल व अन्य सहधारकों के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के पिता सहधारक सुभाष की मृत्यु दिनांक 26.01.2022 को सहधारक सत्यनारायण की मृत्यु दिनांक 05.09.2022 को एवं चंद्रनारायण की मृत्यु दिनांक 02.03.2020 को हो चुकी है। मृतक सहधारक सुभाष के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री निर्मला, उपेन्द्र, शिखा है। मृतक सहधारक सत्यनारायण के वारिसान उनकी पति पूर्णिमा, पुत्र-पुत्री सुनील, दीपक, नितिन है। मृतक सहधारक चन्द्रनारायण के वारिसान उनके पुत्र-पुत्री अनिल, शिवानी है। आवेदक द्वारा उक्त प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक सहधारक का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई 13.02.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप आपत्ति पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा। आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

सील — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा पत्र

पक्षकार का नाम - कमलेश्वरी

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202501100400340

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कमलेश्वरी आ./पति घनश्याम बंजारे निवासी- पुरानी बस्ती कोहका भिलाई द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम- घनोरा प.ह.न 53 तह.व जिला दुर्ग	348/10	0.0114हे. /1227 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति-दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202501104500075

विषय- अ-21 (1) मामले की श्रेणी- सन्- 2024-25 घुघवा (प.ह.नं. 00004)

पक्षकारों का विवरण

आवेदक पक्षकार- सीताबाई

अनावेदक पक्षकार- सनदकुमार सोनकर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका सीता बाई पति जवाहर लाल जाति गोंड़ निवासी ग्राम काठाडीह तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम घुघवा प.ह.नं. 4 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदिका के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 155/2 रकबा 0.57 हे. को ग्राम खोरपा तहसील अभनपुर जिला रायपुर स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 157/1 का टुकड़ा 0.49 हे. को क्रय कर कृषि कार्य एवं निवास हेतु मकान निर्माण कर अपने व अपने परिवार सहित निवास करना चाहने व गांव में निवासरत आदिवासी परिवार सक्षम न होने के कारण गैर आदिवासी अनावेदक सनद कुमार सोनकर पिता जग्गू राम सोनकर निवासी ग्राम जागृति स्कूल के पास सोनकर पारा तहसील व जिला रायपुर को विक्रय किए जाने की अनुमति प्राप्त करने हेतु शपथ पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति सहित कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन उनके पृ. क्रमांक 19 दुर्ग दिनांक 10.01.2025 के अनुसार जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्रेषित आवेदन अ.वि.अ. महोदय पाटन के ज्ञापन क्रमांक 113 पाटन दिनांक 22.01.2025 के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यस्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 25.02.2025 तक स्वयं अथवा दावा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार तहसील पाटन

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ई-202501103000007 ब-121/वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कामता प्रसाद यादव पिता दुर्जन यादव निवासी ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा बेनीराम के मृत्यु पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण म.प्र. (सह पठित छत्तीसगढ़ राज्य) नियम 1973 के नियम 10 (3) के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन किया है। प्रार्थना पत्र के संकथन जो कि/ शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र जो क्रमांक 443 पर आधारित है से संतुष्ट हूं कि बेनीराम पिता भगोली का मृत्यु ग्राम घुघसीडीह स्थान पर दिनांक 24/11/1996 अक्षरी चौबीस नवंबर सन उन्नीस सौ छियान्बे को हुई है। अतः इस आदेश द्वारा मैं निर्देशित करता हूं कि बेनीराम पिता भगोली के मृत्यु की प्रविष्टि के संबंध रजिस्टर में दर्ज किए जाने आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27/01/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अति. तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501101000094 अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202501101000094/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदक तेजेन्द्र कुमार साहू पिता स्व. दुर्योधन साहू निवासी साकेत कालोनी शीतला मंदिर के पास दुर्ग ग्राम-खेदामारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 986/6 रकबा 0.020 हे. है। भूमिस्वामी श्रीमती प्रेमिन बाई साहू पति दुर्योधन साहू के नाम पर दर्ज है। जिसमें श्रीमती प्रेमिन बाई साहू पति दुर्योधन साहू की मृत्यु दिनांक 08.04.2021 एवं दुर्योधन साहू की मृत्यु दिनांक 24/08/1998 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत । आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/02/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202501101000090

विषय अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन 2024-25 कुरूद प.ह.नं. 00046 (हे.)

पक्षकारों का विवरण

आवेदक पक्षकार- लक्ष्मी शंकर सिंग

अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

आवेदक लक्ष्मी शंकर सिंग पिता/पति/विभाग सूर्यनाथ सिंग पता-सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम- कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.नं. 1586/1637/8 रकबा 0.040 हे./ विक्रेता चन्द्रप्रकाश माता फल त्रिपाठी एवं अन्य 07 से क्रय किया गया था। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में आवेदक के स्थान पर प्रदर्शित हो रहा है। जिसे त्रुटि सुधार किए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उदर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13/02/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ ब-121/ वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रोमनाथ यादव पिता दुखुराम यादव निवासी भासाभार तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा रोमनाथ यादव की जन्म दिनांक 04/07/1976 को हो जाने पर जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पार्षद प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05/02/2025 तक स्वयं अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/ 01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17433 दिनांक 15.01.2025
वार्ड का नाम- 52- डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 52 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446K0036A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS PANKAJ HARCHANDANI HUF KARTA- PANKAJ HARCHANDANI पिता/पति श्री/श्रीमती SURESH HARCHANDANI के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI NOTANDAS WASUMAL GOPLANI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI WASUMAL GIDDUMAL GOPLANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17730 दिनांक 15.01.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR447B00021 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती NARENDRA KUMAR RASTOGI, OM PRAKASH RASTOGI पिता/पति श्री/श्रीमती LT. HARPRASAD RASTOGI के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती SHRI RISHABH CHOPRA पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHRI GAUTAM CHAND CHOPRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17540 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446H00497 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJEEV KUMAR VIG पिता/पति श्री/श्रीमती R.A. VIG के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती SMT. SUSHMA KOSARIYA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O SHRI BHARAT BHUSHAN KOSARIYA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00054 पुरई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक सीजी 2024-25-112-1-4819

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00054 के अंतर्गत ग्राम पुरई के वर्तमान भूमिस्वामी सैय्यद आसिफ पिता/पति सैय्यद इकबाल पता-मकान 54 वार्ड नं. 61 मोहरीभाठा मरोदा भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 201/26 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता जाहिद खान पिता/पति महमूद खान पता- म.नं. 83 आजाद मार्केट वार्ड नं. 62 स्टेशन मरोदा भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.01.2025 को समय सुह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्तिय स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425430103800013

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी रमेश कुमार पिता/पति आनंद स्वरूप पता-के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 34/8 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता चन्द्रप्रभा हाण्डा पिता/पति स्व. राजेश कुमार हाण्डा पता- सिंधिया नगर दुर्ग, संचिता हाण्डा पिता/पति निर्मलप्रीत सिंह पता- कनाडा शशांक हाण्डा पिता/पति स्व. रमेश कुमार हाण्डा पता सिंधिया नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/02/2025 को सुबह सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, उप-तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा छ.ग.

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-27/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्रामवासी ग्राम देवरबीजा प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. कोदवा उप-तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि, टीकाराम पिता बहल यादव जाति ठेठवार निवासी गांधी चौक रूआबांधा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवरबीजा प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. कोदवा उप-तहसील देवरबीजा जिला बेमेतरा में जगन्नाथ, गयादीन, टीकाराम, माधोराम, घनश्याम, जनक, दुरपति, सरस्वती, ममता पिसरान बहल के संयुक्त नाम पर भूमिस्वामी हक की कृषि भूमि ख.नं. 480/2, 1134/4 रकबा क्रमशः 0.12, 0.08 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.20 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य बराबर-बराबर 1/9 हिस्सा करते हुए पृथक-पृथक ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदक के द्वारा अपने आवेदन पत्र के समर्थन में खसरा पांचसाला, शपथ पत्र एवं तलवाना प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को किसी भी प्रकार का दावा/ आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10.02.2025 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में दावा/ आपत्ति पत्र पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.01.2025 को यह ईश्तहार मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।

सील — नायब तहसीलदार देवरबीजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/ 2058/तक.शा./नि./2025 — बड़े बचेली, दिनांक 22/01/2025

// मैनुअल निविदा स्थगन सूचना //

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा आमंत्रित निविदा क्रमांक 1007 दिनांक 15.01.2025 को आदर्श आधार संहिता लागू होने के फलस्वरूप स्थगित किया जाता है। आगामी निविदा तिथि निर्धारण उपरांत पृथक से संक्षिप्त सूचना प्रकाशन किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बड़े बचेली, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17733 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446J01509 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MONIKA REAL BUILCON PVT. LTD. पिता/पति श्री/श्रीमती DIR NARENDRA JAIN के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती SHEIKH MOHAMMAD HARISH पिता/पति श्री/श्रीमती S/O SHEIKH MOHAMMAD IQUBAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17490 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- 55- रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR652K00120 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUSHIL KUMAR MISHRA पिता/पति श्री/श्रीमती TRIBHUVAN NATH MISHRA के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती MOHAMMAD SAHIL BHATI AND MOHAMMAD IMRAN BHATI पिता/पति श्री/श्रीमती S/O HAJI HAIDER BHATI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 17649 दिनांक 24.01.2025
वार्ड का नाम- 56- अरविंद दीक्षित वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 56 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446H85018 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M/S HARIOM INFRATECH THROUGH PROPRITOR- SHRI KUMAR NAVLANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE SHRI MANSHA RAM NAVLANI के नाम से दर्ज है, जिसको पिता/पति श्री/श्रीमती SMT. JANE VIOLET SOLOMON पिता/पति श्री W/O NAVINCHANDRA MADHUKAR SOLOMON ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री राकेश शर्मा, जोन कमिश्नर, जोन (10), नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्कल दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202501101200039 अ-27, 2024-25

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका वीणा साहू पिता/पिता अशोक कुमार निवासी भामाशाह तह. व जिला दुर्ग मौजा चंदखुरी प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. अण्डा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा ख.नं. 1261/31 रकबा 0.029 हे. को खाता विभाजन कर अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्रदान करने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07/02/2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/ 2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/01/2025
पेशी दिनांक 07/02/2025

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग

मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भः- जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.नं. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी20242543014100117

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी प्रमिला पिता/पति जौ रमेशचंद्र तिवारी पता दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 639/11 (0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता प्रियंका देवांगन पिता/पति प्रमिला पता के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण की सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/ 01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार तहसील दुर्ग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर (छ.ग.)

(जल जीवन मिशन)

''ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना''

जिला बीजापुर के विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों में नलजल प्रदाय योजना अंतर्गत कार्य- पाईप लाईन एवं घरेलू नल कनेक्शन कार्य के लिए एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र ''अ'' में आनलाईन (Online) निविदा (प्रमुख अभियंता, लोक स्वा.यां. विभाग रायपुर छ.ग. के यु.एस.ओ.आर. दिनांक 01.06.2020 में Amedmant date 01.07.2022 से प्रभावशील एवं निविदा जारी होने की तिथि तक समस्त संशोधन सहित दरों पर) आमंत्रित की जाती है। ठेकेदार निविदाएं साईट में अपलोड ड्राफ्ट एन.आई.टी. के नियम एवं शर्तों के आधार पर ही निविदा में भाग लेंवे। आमंत्रित निविदाएं निम्नानुसार है -

क्र.	निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्राम	टेंडर काल	कार्य की लागत (रु. लाख)	अमानत राशि (रु.में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	79/14.01.2025	164382	Bijapur	KANCHLARAM	2nd Call	12.13	9098/-
2	80/14.01.2025	164383	Bhopal Patnam	BANDEPARRE	3rd Call	11.28	8460/-

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की अंतिम तिथि दिनांक (Bid due date) 31.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदाएं डाउनलोड करने की तिथि (Bid start date) 16.01.2025 से है। निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जी-242505461/2

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बीजापुर

न्यूज गैलरी

सिहावा श्रीराम मंदिर में पटेल समाज ने की पूजा-अर्चना

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सिहावा में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर कोसरिया मरार पटेल समाज के द्वारा बाबा श्री श्रृंगीऋषि के प्रवेश द्वार पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर एवं मां शाकंभरी मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। साथ ही समस्त मरार पटेल समाज के समाजिक बंधु एवं समस्त ग्राम नगरवासी के उपस्मथिति में महाआरती किया गया। इस दौरान सिहावाराज सचिव डीलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष सिहावा क्षेत्र दिलीप पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रभाकर पटेल, सचिव कमल पटेल, कपिल पटेल,आचार्य देवा वैष्णव, मंदिर पुजारी गणेश महराज, लुकेश पटेल, विनोद पटेल, पिंटू पटेल, मेधांस पटेल, चहक पटेल सहित समस्त ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में सहयोग रहा। उक्त जानकारी छग कोसरिया मरार पटेल समाज मिडिया प्रभारी राजू पटेल ने दिया।

वंदे मातरम दिवस पर गांधी व बोस के प्रतिमा का अनावरण

नगरी/नवप्रदेश। वंदे मातरम गीत ने भारतीयों को एक नई दिशा, प्रेरणा दी। स्वतंत्रता संग्राम का महान उद्देश्य दिया. मातृभूमि को सुजलाम- सुफ्लाम बनाने के लिए प्रेरित किया वंदे मातरम इन दो शब्दों में देश को आत्मसम्मान दिया और देश प्रेम की सीख दी. उक्त उद्गार विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ के अध्यक्ष किसून राम ध्रुव ने वंदे मातरम दिवस के अवसर पर शाला परिसर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महात्मा गांधी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा अनावरण समारोह के दौरान कही. शालेय शिक्षक राजकुमार शील ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सेनानियों को प्रेरित करता रहा है. साथ ही इसका गायन भारत के लोगों को स्वतंत्रता के लिए अपने पूर्वजों के बलिदानकी याद दिलाता है.इसे बच्चों के स्मृति पटल पर जीवित रखने हेतु हमने दोनों महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित की है. इस अवसर पर शालेय बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सूर्यनारायण राव द्वारा किया गया।

रेलवे स्टेशन में टिकटों की कालाबाजारी पर आरपीएफ की कार्यवाही

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर में रेलवे अधिनियम रेलवे ई टिकटो की अवैध कालाबाजारी करने वालो के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के लिए मंडल सुरक्षा आयुक्त श्रीमान दीपचंद आर्या द्वारा निर्देशित किया गया था जिसके अंतर्गत आज रेलवे ई टिकिट की कालाबाजारी की रोकथाम ड्राइव के तहत उच्चाधिकारी के मार्गदर्शन में निरीक्षक प्रभारी तरुणा साहू रेल सुरक्षा बल पोस्ट राजनॉदगॉव के नेतृत्व में सउनि डी.एल. दावना प्रधान आरक्षक राजेंद्र रायकवार, प्रधान आरक्षक आर सी कटरे बल सदस्यो के साथ दक्षिण दिशा में स्थित रेलवे आरक्षण केन्द्र राजनादगॉव में गुप्त निगरानी पर थे इसी दौरान एक व्यक्ति को तत्काल आरक्षण टिकट बनवाते हुए शक के आधार पर समय 10.02 बजे उसे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हेमचन्द्र झाबक पिता स्वर्गीय जसराज झाबक निवासी चौखड़िया पारा थाना बसंतपुर राजनंदगांव का होना बताया एवं बनाया हुआ टिकट दिखाने को कहने पर वह घबराने लगा तब एक लिखित नोटिस देकर सख्ती से पूछताछ कर टिकट की मॉग करने पर उसने दिनॉक 23 जनवरी 2025 को रेल्वे रिजर्वेशन काउंटर राजनॉदगॉव से गाडी संख्या 12833 अहमदाबाद-हावडा एक्सप्रेस का 24 जनवरी 2025 का यात्रा टिकट जिसका पी.एन.आर. नं. 872-8393011 राजनादगॉव से टाटानगर, वातानुकूलित क्लास-3 का दिखाया। उक्त टिकट के संबंध में गहनता पूर्वक पूछताछ करने पर टिकट के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया,इस पर उसके पास टिकट को चेक किया गया उनके द्वारा उक्त टिकट दूसरे के नाम का होना बताया। पूछने पर बताया कि लोगो से अतिरिक्त पैसा लेकर उनके लिए अवैध रूप से टिकट बनाता हूँ। मै यह कार्य अपने नीजि लाभ के लिये करता हूँ एवं उनके द्वारा अपनी गलती स्वीकार किया गया, एकत्रित किये गये साक्ष्य एवं स्वयं आरोपी के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पाया गया कि यह अवैध टिकटों का करोबार हेमचंद झाबक द्वारा रेलवे आरक्षण काउंटर दक्षिण दिशा राजनॉदगॉव से बनाकर जानबूझकर किया गया है। साक्ष्यों के आधार पर उन पर धारा 143 रेलवे अधिनियम का अपराध करता पाकर इसी अधिनियम की धारा 179(2) के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी टिकट दलाल हेमचंद झाबक को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट राजनादगॉव में लाकर उनके विरूद्ध विधिवत् कानूनी कार्यवाही की गई ,

रोहांसी नपं में चुनाव प्रभारी महाबल बघेल ने ली बैठक

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत रोहासी में भाजपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रभारी महाबल बघेल ने कहा कि अभी राज्य और केन्द्र में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है ऐसे में नगर पंचायत के विकास के लिए नगर पंचायत में भाजपा को जिता कर तीसरा इंजन बनाना है ताकि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नगर पंचायत की जनता मिल सके और विकास को गति मिले।पार्टी को हमने बनाया है हम ही संवारेंगे के कहावत को हम तभी सार्थक कर सकते हैं जब हम इस चुनाव को संगठित होकर और समन्वय बनाकर लडेंगे। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, मोहन साहु, हेमंत साहु, शिव कुमार साहु, भरत साहु सहित बूथ कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

नागरिक प्रदर्शन केंद्र में ईवीएम के बारे में जानकारी के साथ मतदान की प्रक्रिया का भी अनुभव ले सकते हैं

कार्यालय में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का उद्घाटन किया गया।

यह प्रदर्शन केंद्र जिले के नागरिकों को ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के बारे में जानकारी प्रदान करेगा और नागरिकों को हाथों-हाथ इसका उपयोग करने का मौका मिलेगा। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त, अधीक्षक राजेन्द्र ध्रुव ने मतदान प्रक्रिया का अनुभव लिया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रदर्शन केंद्र में नागरिक न केवल ईवीएम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि वे इस पर खुद मतदान की प्रक्रिया का अनुभव भी कर सकते हैं।

ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में मौजूद मल्टी पोस्ट ईवीएम का उपयोग नगरीय निकाय चुनाव में किया जाएगा, जिसमें एक साथ अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदान किया जा सकता है। इसमें दोनों पदों के लिए अलग-अलग बटन दबाने की आवश्यकता होगी, जिससे मतदाता आसानी से अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुन सकेंगे। यह केंद्र जिले के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह उन्हें चुनावी प्रक्रिया से परिचित कराएगा और आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भागीदारी को बढ़ावा देगा। साथ ही यह कदम चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता को भी मजबूत करेगा।

ईवीएम प्रदर्शन केंद्र में नागरिकों को वोटिंग मशीन का संचालन और अन्य चुनावी तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि आगामी चुनावों में सभी मतदाता सुगम और जागरूक रूप से मतदान कर सकें।

अध्यक्ष के 3 व पार्षद पद के 8 नामांकन जमा

नपा आम निर्वाचन 2025 के निर्वाचन प्रक्रिया के तहत कबीरधाम जिले में नगर निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया तेजी से चल रही है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी गोपाल वर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले के सात नगरीय निकायों में नामांकन फार्म विक्रय एवं जमा करने की प्रक्रिया चल रही है। इन नगरीय निकायों से अब तक अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए प्रत्याशियों द्वारा अब तक कुल 11 नामांकन दाखिल किया जा चुका है। जिसमे अध्यक्ष पद के लिए 3 और पार्षद पद के लिए 8 नामांकन दाखिल शामिल है। नगर पंचायत पिपरिया में अध्यक्ष के 2 नामांकन और सहसपुर लोहारा नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 1 आवेदन प्राप्त हुए है। नगरपालिका परिषद कवर्धा में अध्यक्ष पद के लिए आज के दिन कोई नया नामांकन नहीं हुआ। पार्षद पद के निर्वाचन के लिए अब तक कुल 8 नामांकन दाखिल हुए है। जिसमे कवर्धा नगरीय निकाय में 1, पंडरिया नगर पालिका में 1, पिपरिया नगर पंचायत में 6 इस तरह पार्षद पद के लिए कुल 8 नामांकन फार्म प्राप्त हुए है।

आज भी होगा नामांकन प्रक्रिया

छत्तीसगढ़ में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उपचुनाव हेतु 25 जनवरी 2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया है। इस अधिसूचना के तहत नामांकन प्रक्रिया 25 को भी सुचारू रूप से जारी रहेगी।

निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही निर्धारित समय-सारणी के अनुसार की जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत, निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। उम्मीदवारों और संबंधित अधिकारियों से अपील की गई है कि वे समय-सारणी का पालन करें और निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

अब तक महापौर 10 व पार्षद हेतु 97 ने प्राप्त किया

महापौर 3 व पार्षद पद हेतु 36 ने लिया नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगर पालिका निगम महापौर पद हेतु आज कुल 3 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 36 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। नपा महापौर पद के लिए निर्दलीय भाजपा से अजीत जैन, कांग्रेस राजेश गुप्ता, निर्दलीय डॉ. केएल टांडेकर ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 10 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 97 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। आज महापौर पद के लिए निर्दलीय संदीप शुक्ले एवं वार्ड 1 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राजेश कुमार गोड़ ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नपा अंतर्गत वार्ड 1 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय नावेशचन्द्र साहू, वार्ड 6 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से देवेश वैष्णव, वार्ड 2 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से सुरेन्द्र देवांगन, वार्ड 4 के पार्षद पद हेतु भाजपा से श्यामराव सुखदेवे, वार्ड 8 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से किशन सिन्हा, वार्ड 8 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से चेतनराम सिन्हा, वार्ड 10 के पार्षद पद हेतु आम आदमी पार्टी से मंगल सिंह राजपूत, वार्ड 2 के पार्षद पद हेतु भाजपा से रोहित कुमार, वार्ड 7 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से रीमा सोनी, वार्ड 12 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय शशांक डोंगरे, वार्ड 5 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से पार्वती निषाद, वार्ड 11 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से सिद्धार्थ डोंगरे ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड 25 के पार्षद पद हेतु भाजपा से वर्षा सिन्हा, वार्ड 17 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से संतोष पिल्ले, वार्ड 17 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से संगीता साहू, वार्ड 14 के पार्षद पद हेतु भाजपा से मुकेश चौबे, वार्ड 18 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस से संगीता देवांगन, वार्ड 19 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय डामेश्वरी यादव, वार्ड 26 के पार्षद पद हेतु भाजपा से बुधिया बाई, वार्ड 16 के पार्षद पद हेतु भाजपा से ओमप्रकाश साहू, वार्ड 26 के पार्षद पद हेतु भाजपा से झीमत सेन ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

दुर्ग सांसद गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

- **देशभक्ति पर विशेष आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व परेड की भव्य तैयारियां पूरी, विभागों की झाकियां का भी प्रदर्शन**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। राष्ट्र पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी का भव्य आयोजन इस बार कबीरधाम जिले में बड़े हर्षोउल्लास और देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस समारोह में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान, कवर्धा में आयोजिय होगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह छवाई की विशेष उपस्थिति में समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास शुक्रवार को सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने पूरी तत्परता और समर्पण के साथ समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। निर्धारित कार्यक्रम के तहत समारोह का शुभारंभ सुबह 8:58 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के साथ होगा। 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रीय धुन और परेड सलामी के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद हर्ष फ्यर, राष्ट्रपति जय घोष और मार्चपास्ट के माध्यम से गणतंत्र दिवस का आयोजन होगा। समारोह में मुख्यमंत्री साय का संदेश वाचन 9:25 बजे से किया जाएगा। समारोह के आकर्षण में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन, शहीद परिवारों का अभिनंदन और पुरस्कार वितरण शामिल हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियां

परेड के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें जिले के कुल सात विद्यालयों के छात्र-छात्राएं छग की संस्कृति और देशभक्ति से जुड़े गीतों और नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा, झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी, जो विकास कार्यों और सामाजिक संदेशों पर आधारित होंगी। पुलिस बैण्ड में प्रधान आरक्षक राजेश धुर्वे और प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व में राष्ट्रीय धुनें बजाई जाएगी। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत अशोका पब्लिक स्कूल और होली क्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा एरोबिक व्यापम प्रदर्शन होगी।

सम्मान और पुरस्कार वितरण

मुख्य अतिथि बघेल द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में शहीद परिवारों का विशेष अभिनंदन समानित किया जाएगा। समारोह के अंतिम पूर्वाभ्यास पर जिपं सीईओ अजय त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल पंकज पटेल, अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौडों, एसडीएम आकांक्षा नायक व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

पेंशनर्स समाज द्वारा शिविर

भाटापारा/नवप्रदेश। छ.ग. पेंशनर्स समाज तहसील शाखा में 4 फरवरी को प्रातः 10 बजे बाल मंदिर स्व. संपत लाल टाटिया वाचनालय में मासिक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में छ.ग. पेंशनर्स समाज तहसील शाखा भाटापारा के कार्यकारिणी का निर्वचन एवं गठन, मासिक आय -व्यय की समीक्षा तथा फ्रवरी में जन्म लिए साथियों को बधाई और शुभकामनाएं, सदस्यों द्वारा रखे जाने वाले समस्याओं का संगठन स्तर पर निराकरण तथा उचित कार्रवाई व सदस्यों का सुझाव आमंत्रित है। दोपहर 12 बजे से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों का नेत्र जांच होगा। जांच हेतु 3 फ्रवरी को कार्यालय में पंजीयन होगा। नेत्र जांच साईं बाबा नेत्र चिकित्सालय रायपुर के डॉक्टरों द्वारा किया जाएगा।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर ने किया महापौर की दावेदारी

- **पूरी ताकत के साथ रायपुर में जाकर की दावेदारी पेशकश**

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीनिकाय चुनाव में जैसे-जैसे दिन नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे हर रोज एक नया समीकरण देखने को मिलते जा रहा है इसमें एक नया समीकरण आज देखने को मिला भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने मजबूती से शक्ति प्रदर्शन करते हुए आज रायपुर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर दमदारी से महापौर पद हेतु अपनी दावेदारी पेश की। इस दौरान मोनू बहादुर सिंह ने डॉ. रमन सिंह एवं अभिषेक सिंह को एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारी से अनुरोध किया किभाजयुमो के सक्रिय व निष्ठावान कार्यकर्ताओं को निगम व पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा टिकट देने की मांग की। उन्होंने कहा युवा वर्ग को पार्टी को मौका देना चाहिए इस दौरान मोनू बहादुर सिंह के साथ प्रखर श्रीवास्तव दक्षिण मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष, दक्षिण मंडल के अध्यक्ष गोलु गुप्ता, उत्तर मंडल के अध्यक्ष सुमित भाटिया, जिला महामंत्री डिगेश साहू, उत्तर मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर ,डोंगरगांव युवा मोर्चा के प्रवेश ठाकुर,पिंटू वर्मा, देवा झा, कमलेश प्रजापति, आशीष जैन, कमलेश लहरे, प्रहलाद सिन्हा, रवि साहू, एवं अन्य कार्यकर्ता दर्जनों गाड़ियों में 300 के करीब कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर पहुंचे हैं।

दामाखेड़ा में 2 से विशाल संत समागम मेला, कलेक्टर-एसपी ने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले धर्मनगर दामाखेड़ा में 2 फ्रवरी से 15 फरवरी 2025 तक माघ मेला के अवसर पर विशाल संत समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने पंथ प्रकाश छोटे साहब डॉ भानुप्रताप साहब की उपस्थित में सदुरु कबीर धर्मदास साहब वंशवली प्रतिनिधि सभा प्रागंण में अधिकारियों की बैठक लेकर संत समागम समारोह क़ी तैयारी के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सोनी ने सभी संबधित अधिकारियों क़ो शत प्रतिशत तैयारी मेला प्रारंभ होने के तीन दिन पूर्व ही करने कहा है ताकि समय सीमा के पूर्व सभी तैयारी पूर्ण हो सके। उन्होंने मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश पीएचई विभाग के अधिकारियों को दिए। मेला के दौरान निरंतर बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए पर्याप्त ट्रांसफार्मर के साथ जनरेटर का इंतजाम भी रखे रहने को कहा गया है। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आस-पास के गांवों के स्कूल, सामुदायिक भवन और हॉस्टलों में भी ठहराया जाएगा। साफ्-सफाई की समुचित तैयारी रहेगी। सिमगा और भाटापारा नगरीय निकाय से सफाई कर्मचारी दिन-रात तैनात रहेंगे। यातायात एवं पार्किंग के लिए पुलिस विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24 घण्टे चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। भाटापारा और बलौदाबाजार से एम्बुलैंस और संजीवनी एक्सप्रेस वाहन मुस्तैद रहेंगे। मेला स्थल पर अस्थाई शौचालय और स्नानागार बनाया जाएगा।

श्रीमद् भागवत महापुराण **छग अग्रवाल समाज के भवन प्रांगण में इंजी. अग्रवाल के परिवार द्वारा आयोजित..**

शास्त्र विश्व को शांति, समाज को क्रांति एवं श्रवण पर मोक्ष देने वाला : पं. शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। कॉलेज रोड स्थित छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के भवन प्रांगण में इंजीनियर गौतम प्रसाद पंकज अग्रवाल के परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण में कथावाचक भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा ने भागवत की महत्ता व भगवान की दिव्य लीलाओं पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि अट्ठारह पुराणों में भागवत महापुराण ही ऐसा है जिसे श्रीमद् शब्द के तिलक से अलंकृत किया गया है। भागवत कथा का श्रवण, मनन एवं चिंतन भक्ति प्रदाता है और इससे आश्रय से धन, पुत्र, वाहन, घर, पत्नी व राज्य प्राप्ति की सभी कामनाओं की पूर्ति हो जाती है यह शास्त्र पठन और श्रवण करने से शीघ्र ही मोक्ष फ्ल देने वाला है। पंडित हरगोपाल शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया कि मनुष्य को अनेक जन्मों के बाद में कहीं भगवान के नामों में भक्ति भाव जागृत होता है कलियुग में प्राणी मात्र के उद्धार का एकमात्र साधन भक्ति ही है अर्थात प्राणी को तप,तीर्थ,योग,यज्ञ आदि में परिश्रम करने की आवश्यकता नहीं मुक्ति देने में एक मात्र भक्ति ही समर्थ है और इसका प्रमाण ब्रज की गोपियां है, मुक्ति भक्ति की दासी व ज्ञान, वैराग्य उसके पुत्र है और जहां भगवान की कथा होती है वहां भक्ति, ज्ञान व वैराग्य अवश्य पहुंच जाते है । इस लोक में चित्त शुद्धि और पाप के नाश के लिए भागवत से अधिक कल्याणकारी और कोई दूसरा उपाय नहीं है । महाभारत प्रसंग पर उन्होंने कहा कि युद्ध के उपरांत शोक से ग्रसित युधिष्ठिर सहित पांडवों को उपदेश दिलाने हेतु भगवान सभी को सर शैय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह के पास लेकर गए जहां भीष्म पितामह ने उन्हें राजधर्म व गृहस्थ धर्म का उपदेश देते हुए कहा कि व्यक्ति को आलसी नहीं होना चाहिए एवं आंखों के आगे पाप होते नहीं देखना चाहिए यह सुंदर द्रौपदी को हंसी आ गई पितामह ने पूछा बेटी तुम हंस रही हो तुम्हारी हंसी का कारण मुझे बतलाओ द्रौपदी ने कहा पितामह आज आप बड़ी ज्ञान की बात कर रहे है उसकी दिन ये आपका ज्ञान कहां गया था जब भरी सभा में दुशासन मेरी साड़ी खींच रहा था तब पितामह ने कहा कि दुर्योधन के दूषित अन्न को खाने से मेरी मति दूषित हो गई थी। पितामह कहते है कि प्रभु मुझे अपने पूर्व के एक सौ चौबीस जन्मों के बारे में याद की मैने कभी कोई पाप नहीं किया तो मुझे ऐसी सजा क्यों मिली कि आज चौवन दिनों से मै सर शैय्या पर पड़ा हूं, भगवान ने कहा कि पितामह आपने कोई पाप नहीं किया इसीलिए मैं आपके अंतिम वक्त में सामने खड़ा हूं।

8वें वेतन आयोग के गठन का आल इंडिया फेडरेशन ने किया स्वागत : चंद्रशेखर

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केबिनेट बैठक मे केंद्रीय कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए 8वें वेतन आयोग गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसका छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने स्वागत किया है। संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया की तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा गठित सातवें वेतन आयोग का कार्यकाल 31 दिसंबर 2025 को समाप्त हो रहा है तथा 1 जनवरी 2026 से आठवें वेतन आयोग की अनुशंसा लागू किया जाएगा। मोदी सरकार ने पूर्व मे आठवें वेतन आयोग के गठन पर कोई पहल नहीं की थी। जबकि सातवे वेतन आयोग का गठन तत्कालीन केंद्र की मनमोहन सरकार मे फ्रवरी 2014 मे कर दिया था। आठवें वेतन आयोग गठन की मांग को लेकर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ, नई दिल्ली के आह्वान पर फ्रवरी एवं सितम्बर 2024 मे छत्तीसगढ़ मे एक दिवसीय हड़ताल कर सभी जिला मुख्यालयों मे प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही आल इंडिया फेडरेशन द्वारा केंद्रीय कर्मचारी संगठनों के साथ लगातार केंद्र स्तर पर आंदोलन किया गया है। वेतन आयोग के गठन पर संघ के प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, संरक्षक अनिल श्रीवास्तव, महामंत्री, मुक्तेश्वर देवांगन, पदमेश शर्मा, फारूक कादरी, कोषाध्यक्ष, तिलक यादव, प्रांतीय सचिव, आयुष सिंह, डी एस एन राव, देवेंद्र साहू, प्रवीण तिवारी, रविंद्र मरकाम, अतुल मिश्रा, विमल सोनी,विजय वर्मा, राकेश कनौजे, दीपांकर मंडल, सहित संघ के समस्त पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने पीएम मोदी एवं मंत्री मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

आबकारी टीम ने जांच में कमियां मिलने पर 6 बार हुए सीलबंद

2 बार लायसेंस एक सप्ताह के लिए और 4 बार दो दिन के लिए हुए निलंबित

कलेक्टर के निर्देश पर निरंतर हो रही कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। आबकारी आयुक्त श्री श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर जिले के आबकारी अमले द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिले के संयुक्त आबकारी टीम द्वारा 05 जनवरी को एफ.एल. 3 शेमरॉक ग्लोबल प्रा.लि. होटल बार की आकस्मिक जांच की गई थी और 12.300 बल्क लीटर हरियाणा प्रांत की नॉन ड्यूटी पेड मदिरा जप्त कर विभागीय प्रकरण कायम किया गया था। इसी तरह 12 जनवरी को एफ.एल. 3 मिलानो फूड एण्ड कंपनी व्ही.आई.पी. रोड रायपुर की संभागीय उड़नदस्ता एवं जिला रायपुर की की संयुक्त आबकारी टीम द्वारा आकस्मिक जांच कर कुल 3.300 बल्क लीटर नॉन ड्यूटी पेड मदिरा जप्त कर विभागीय प्रकरण कायम किया गया था।

उपरोक्त अनियमितता गंभीर प्रकृति की होने के कारण कलेक्टर द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत उक्त दोनो एफ.एल. 3 होटल बार लायसेंस को 07 दिवस के लिये निलंबित कर दिया गया है। जिसका आदेश आज 24 जनवरी को जारी किया गया है। इसके अनुसार 25 से 31 जनवरी 2025 तक के लिए एफ.एल. 3 सेमरॉक ग्लोबल प्रा.लि. होटल बार एवं एफ.एल. 3 मिलानो फुड एण्ड कंपनी व्ही.आई.पी. रोड को सीलबंद की कार्रवाई की जा रही है। इसके पूर्व बार से पार्सल किये जाने के कारण एफ. एल. 3 ग्रैण्ड नीलम व्ही.आई.पी. रोड रायपुर, एफ.एल. 3 मेट्रो बार, एफ.एल. 3 योगी बार एवं एफ. एल. 3 शालू बार का होटल बार लायसेंस को 02 दिवस दिनांक 24 जनवरी से 25 जनवरी तक के लिये निलंबित कर सीलबंद किया गया है।

न्यूज़ गैलरी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी बिलासपुर में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

रायपुर/ नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओपी चौधरी बिलासपुर जिले के पुलिस परेड मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मंत्री चौधरी कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी लेंगे। मंत्री चौधरी मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। चौधरी शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगे। साथ ही जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

नगर निगम मुख्यालय भवन में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम

रायपुर/ नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 रविवार को प्रातः 7:30 बजे रायपुर नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है. रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह नगर निगम मुख्यालय भवन के प्रांगण में राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस अवसर पर रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा सहित रायपुर नगर पालिक निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहेंगे।

अपर आयुक्त एवं प्रभारी अपर आयुक्त ने निगम में अधिकारियों - कर्मचारियों की समस्याएं जानी

रायपुर/ नवप्रदेश। आज संध्या 5 बजे रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम अपर आयुक्त श्री यू.एस. अग्रवाल प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक ने नगर निगम मुख्यालय भवन के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा । कर्मचारियों ने अपर आयुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराया । अपर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम रायपुर कर्मचारियों की समस्याओं का नियमानुकूल समय पर निदान करने का कार्य कर रहा है। अपर आयुक्त ने निगम अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग एवं रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के संबंध में दिये गये कार्यदायित्वो का पूरी तत्परता से निर्वहन करें।

कालीबाड़ी चौक से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा मुख्य मार्ग अतिक्रमण मुक्त

सड़क से 40 से अधिक अतिक्रमण हटाए

रायपुर/ नवप्रदेश। आज लगातार दूसरे दिन रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम और जिला पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र के मार्गो में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामानों का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने एवं कतिपय असामाजिक गतिविधियों पर नगर हित में नियमानुकूल कड़ाई के साथ कारगर अंकुश लगाने को दृष्टिगत रखकर अभियान जारी रखा गया है. आज अभियान लगातार दूसरे दिन नगर निगम रायपुर के नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, डीएसपी श्री सतीश ठाकुर, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग श्री आशुतोष सिंह की उपस्थिति में चलाया गया. राजधानी शहर में कालीबाड़ी चैक से सिद्धार्थ चैक टिकरापारा मुख्य मार्ग को अभियान चलाकर नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश उडऩ दस्ता की टीम ने रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के सहयोग से अतिक्रमण से मुक्त करवाया।

राज्यपाल राजधानी रायपुर में करेंगे ध्वजारोहण

मार्च-पास्ट, पदक अलंकरण सहित हुई फुल ड्रेस फायनल रिहर्सल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। राज्यपाल रमेन डेका मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। आज सुबह पुलिस परेड ग्राउण्ड में फूल डेऊस फायनल रिहर्सल हुई। इस अवसर पर डीजीपी अशोक जुनेजा, कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह, नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप के साथ संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

इस बार 17 सुरक्षा बल की टुकड़ी परेड में शामिल होंगी। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, तेलंगाना पुलिस, नगर सेना पुलिस एवं महिला, एनसीसी गर्ल्स एवं बॉयज, घुड़सवार बल, बैण्ड प्लाटून पुलिस और महिला बैग पाईपर बैंड दस्ता शामिल हैं। तेलंगाना पुलिस का प्लाटून विशेष रूप से शामिल हैं। सम्पूर्ण परेड आयोजन के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा हैं। इसके सहायतार्थ उप पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुजूर (आई.पी.एस.) एवं सेनानी प्रफुल्ल ठाकुर (आई.पी.एस.) होंगे।

रिहर्सल में आकर्षक मार्च-पास्ट के साथ पदक अलंकरण समारोह और अन्य कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को परखा गया। राज्यपाल के सुरक्षा अधिकारी डीएसपी गिरीश कोरी रिहर्सल में राज्यपाल की भूमिका निभाकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान निर्धारित मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार समारोह की गतिविधियां संचालित की गई। आकर्षक परेड के साथ सशस्त्र बलों की टुकडियो द्वारा रिहर्सल में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी गई। रिहर्सल में परेड कमाण्डर श्री हर्षित मेहर परीवक्षाधीन आईपीएस के नेतृत्व में, सुरक्षा बलों की 17 प्लाटूनों के साथ बैंड प्लाटून ने भी कदम से कदम मिलाकर गणतंत्र के महोत्सव में मार्च-पास्ट किया।

कलेक्टोरेट के अधिकारियों - कर्मचारियों ने ली मतदाता शपथ

जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। जिले में मतदाता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह के निर्देश में जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने कलेक्टोरेट के अधिकारी कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने कि शपथ दिलाई गई।

भाजपा सरकार बनने के बाद प्रदेश फंसते जा रहा है कर्ज के दलदल में

सरकार के काम से हर वर्ग नाराज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश कर्ज की दलदल में फंसते जा रही है। हर माह 3500 करोड़ रुपए का कर्ज ले रही है जिस गति से कर्ज लिया जा रहा है आने वाले 5 साल में प्रदेश के ऊपर ढाई लाख करोड़ से अधिक का कर्जा होगा और इतना कर्ज लेने के बाद प्रदेश भी सरकार किसानों को धान की कीमत एक मुश्त 3100रु एवं धान बेचने बारदाना नहीं दे पा रही है। स्कूलों में शिक्षकों एवं सरकारी अस्पतालों में दवाइयां चिकित्सा सुविधा का अभाव है। आम जनता मूलभूत की सुविधाओं के लिए तरस रही है। सरकार के 13 महीने के कार्यकाल में किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, राइस मिलर स्टील निर्माता, उद्योगपति, ट्रांसपोर्टर, शासकीय कर्मचारी हर वर्ग आंदोलन कर चुके ऐसा कोई वर्ग नहीं है जो सरकार के काम से खुश होगा।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने दावा किया था कि डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश को आर्थिक मदद करेगी 13 महीने में केंद्र सरकार ने प्रदेश सरकार को फूटी कौड़ी नहीं दिया है बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता ने केंद्र सरकार को जीएसटी के रूप में करोड़ों रुपए दिया है। प्रदेश के उद्योगपति सुविधाओं के अभाव में उद्योग बंद करने मजबूर हैं और भाजपा की सरकार दूसरे राज्यों में जाकर निवेश लाने की बात करके प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं 1 साल में व्यापम के माध्यम से एक भी सरकारी नौकरी का विज्ञापन नहीं हुआ है नियुक्तियां नहीं हुई है पुलिस भर्ती वनरक्षक में भ्रष्टाचार हुआ है सरकारी जमीनों को षडयंत्र पूर्वक बेचा जा रहा है गरीबों को मिलने वाली सुविधाएं खत्म कर दी गई है।

भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान - दीपक

भाजपा सरकार 1 साल में विफल साबित हो गयी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई है। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। भाजपा सरकार के कुशासन से जनता परेशान है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। राजधानी में 5 बार गोलीबारी हो गयी। गौ तस्करी की घटनाएं शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोत्तरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्चों की जलकर मौत, अबोध बच्चों में बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी हो गयी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है। नक्सलवादी घटनाओं में बढ़ोत्तरी हो गयी। नक्सली घटनायें बढ़ गयी सरकार ने 1 साल में कोई घोषित नक्सल नीति नहीं बनाया। रोज नक्सली हत्यायें कर रहे सरकार बयान देने तक सीमित है। रेत के दाम तीन गुना बढ़ गये। भाजपाई सत्ताधीशों और रेत माफियाओं के बीच सांठगांठ हो गयी है, रेत के कारोबार में रोज खून बहाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के 1 साल में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया है। जनकल्याणकारी योजनाएं बंद हो गयी है। सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण 1 साल में ही राज्य पर कर्जा का बोझ बढ़ गया। युवाओं को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता बंद हो गया। सरकारी नौकरी में भर्तियां बंद हो गयी। बिजली के दाम बढ़ गये। एक साल में ही साय सरकार जनता में अलोकप्रिय साबित हो गयी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 18 लाख आवास देने का वादा था, 1 साल में 1 भी नया मकान नहीं दे पाये। कांग्रेस राज में 7 किलो राशन मिलता था उसमें कटौती हो गयी।

25 जनवरी शनिवार को भी की जाएगी नामनिर्देशन पत्र की प्राप्ति

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम एवं उप निर्वाचन 2025 कराये जाने हेतु समय-अनुसूची कार्यक्रम 20 जनवरी 2025 को जारी किया जा चुका है। 22 जनवरी से नगरीय निकायों में नाम निर्देशन लेने की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। इस संबंध में आयोग द्वारा 25 जनवरी 2025 दिन शनिवार को भी नामनिर्देशन पत्र लेने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश जारी किए गए है। नगरीय क्षेत्रों के प्रत्याशीगण 25 जनवरी को भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 30 जनवरी को अखंड रामायण पाठ का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। पावन धरा अयोध्या धाम की पवित्र मिट्टी से निर्मित लाल लंगूर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर गुढ़ियारी में चौथे वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में संचालित लाल लंगूर जन सेवा समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि मंदिर के निर्माण का चौथा वर्ष पूर्ण होने पर 30 जनवरी को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है, साथ ही 31 जनवरी को विशाल भंडारा किया जाएगा।रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 के पास स्थित पिपलेश्वर शनिदेव और नर्मदेश्वर शिव मंदिर के साथ दक्षिणमुखी लाल लंगूर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है। समिति के सदस्यों ने बताया कि विगत 4 वर्षों से यहां प्रतिदिन शाम को भंडारा किया जाता है जहां से सैकड़ो लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। यहां पहुंचने वाले हर हनुमान भक्त की मनोकामना पूर्ण होती है।

समिति के सदस्यों अरविंद सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, अतुल सिंह, आशीष सिंह, सत्या बाबूजी, गौतम शर्मा, सुभाष अग्रवाल, रविंद्र पांडे और सत्येंद्र त्रिपाठी ने रायपुर के समस्त हनुमान भक्तों को इस अखंड रामायण पाठ का रसपान करने का आग्रह किया है।

22 दुकानों पर ढाई हजार रूपये से अधिक का लगाया जुर्माना

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में तम्बाकू नियंत्रण के लिए गठित दल द्वारा लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज कुरूद स्थित बस स्टैंड, कारगिल चौक, जनपद पंचायत, पुराना बाजार चौक एवं स्कूल के 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के तम्बाकू बिक्री करने वाले दुकानों में गठित दल द्वारा निरीक्षण किया गया। कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 3 व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करने वाले पान दुकान, जनरल दुकान, टी स्टॉल, किराना दुकानों में तम्बाकू नियंत्रण बोर्ड लगाने और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चो को गुटखा तम्बाकू न बेचने के निर्देश दिए गए।

व्यापार-उद्योग

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई का आयोजन

निर्यात की नीतियों पर विचार मंथन

चार दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलता पूर्वक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान,मनमोहन अग्रवाल, ने बताया कि बताया कि चेंबर भवन आज छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन बैठक में मनीष अग्रवाल, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिन्होंने एक्सपोर्ट पर उपस्थित व्यापारिगणों को विस्तृत जानकारी दी।

मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक और युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल ने बताया कि आज चौधरी देवीलाल उद्योग भवन में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पटेल ने बताया कि आज कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल ने उपस्थित व्यापारियों एवं पदाधिकारियों को निर्यात से संबंधित आवश्यक जानकारियां दी जो व्यापार एवं उद्योग जगत के विकास लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। श्री पटेल जी ने चार दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एमएसएमई विभाग के समस्त पदाधिकारी एवं विशेषज्ञों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर चेंबर उपाध्यक्ष जय नानवानी, संगठन मंत्री महेंद्र बागरोडिया, मंत्री निलेश मूंदड़ा, राजेंद्र खटवानी, दिलीप इसरानी, युवा चेंबर महामंत्री कांति पटेल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वर्मा, उपाध्यक्ष योगेश भानुशाली, समीर वंश्यानी, मोहन वल्यानी, मंत्री जयराज गुरनानी, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह, सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

उत्तराखंड में होने वाले 38वां नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ के शूटर्स का चयन

रायपुर /नवप्रदेश। उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया हैं जिसमे सभी खिलाडियों का चयन लास्ट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है जो की उत्तराखंड के देहरादून के मैदान में अपना अपना निशाना साधेंगे जिसका आयोजन 28 जनवरी से शुरू हो जायेगा खिलाडियों में परमपाल सिंह स्कीट मेन,कुंवर कार्तिक सिंह-50 मीटर 3पिस्टल मेन,दिव्यांशु देवांगन 10 मीटर एयर राइफल मेन प्रान्जुशी 10 मीटर एयर राइफल वीमेन,शेषांक मसीह 10 मीटर एयर पिस्टल मेन,मानस कनोजे 10 मीटर एयर राइफल मेन ,श्रुति यादव 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल वीमेन,चांदनी पैकरा 10 मीटर पिस्टल वीमेन,ख़ुशी सक्सेना 10 मीटर एयर राइफल ,सौम्या बैनर्जी 50मीटर 3पिस्टल वीमेन कोच दुर्गेश एवं मैनेजर श्रुति यादव की टीम रवाना होंगे। टीम की पूरी तैयारी छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ ओलिंपिक एसोसिएशन द्वारा की जा रही हैं जिसमें खिलाडियों के आने जाने से लेकर उनके रहने एवं किट वितरण का कार्य किया जा रहा हैं। राष्ट्रीय खेल में चयनित खिलाडी काफी उत्साहित है एवं इसके तैयारी के लिए बहुत से खिलाडी पहले से अपनी प्रैक्टिस भी कर रहे हैं।



■ न्यूज गैलरी

महापौर पद के लिए कांग्रेस से प्रशांत तिवारी ने की दावेदारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता प्रशांत प्रभात तिवारी ने कांग्रेस से महापौर पद के लिए दावेदारी की है। तिवारी युवक कांग्रेस के जिला महामंत्री और शहर जिला युवक कांग्रेस और ग्रामीण जिला युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी रह चुके हैं । श्री तिवारी जिला न्यायालय राजनांदगांव और उच्च न्यायालय बिलासपुर में वकालत करते हैं। वे शासकीय अभिभाषक भी रह चुके हैं। तिवारी के पिता स्व. प्रभात तिवारी एवं दादा स्वतंत्रता सेनानी स्व.श्री छोटेलाल तिवारी भी कांग्रेस के विभिन्न पदों में रह चुके हैं । कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि शहर में उनकी छवि स्वच्छ और साफ सुथरी है। उन्होंने कहा कि महापौर पद को सामान्य घोषित किया गया है और शहर की जनता भी नये चेहरे के रूप में उन्हें स्वीकार करेगी , इसका उन्हें पूर्ण विश्वास है। उन्होंने निवेदन किया है कि चूंकि महापौर पद को सामान्य घोषित किया गया है इसलिए पार्टी को सामान्य वर्ग के व्यक्ति को ही इस पद के लिए अपनी पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी घोषित करना चाहिए और उन्हें विश्वास है कि पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें पार्टी इस पद के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशी के रूप में टिकट देगी।

शैलेश नितिन त्रिवेदी व गिरिश देवांगन को कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी बनाने की अपील की

राजनांदगांव। राजनांदगांव नगर निगम चुनाव के लिए महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होने से महापौर पद का चुनाव लडऩे के लिए दावेदारों की भरमार है । यह कहा नहीं जा सकता राजनीतिक कल्याण और बाजार में इस बात को लेकर चर्चा है कि सामान्य से भी टिकट दिया जा सकता है । ऐसे में सिंधी समाज में भी हमेशा सक्रिय रहने वाले अशोक पंजवानी महापौर के दावेदारी की है । कांग्रेस के अशोक पंजवानी ने दो बार अपने वार्ड झूलेलाल वार्ड से पार्षद रहें, और एक बार अपनी पत्नी ममता पंजवानी को चुनाव में भी विजय दिलाया, अशोक पंजवानी तीन बार दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष रहें, कांग्रेस सरकार में सरकार में राजनांदगाँव कृषि उपज मंडी के सदस्य एवं सिंधी एकेडमीक के सदस्य रह चुके । पंजवानी जितेन्द्र मुदलियार के कट्टर समर्थक माने जाते है । पंजवानी विगत 40 वर्षो से कांग्रेस के सक्रिय नेता में से एक माने जाते है। विगत 24 वर्षो से चौखड़िया पारा दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहें तथा पूज्य सिंधी पंचायत के मीडिया प्रभारी के पद पर है ।

ग्राम पटेलो की संभाग स्तरीय बैठक खैरागढ़ में 27 को

खैरागढ़ । छग ग्राम पटेल संघ का दुर्ग संभाग स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक 27 जनवरी सोमवार को शहर के सांस्कृतिक भवन मे दोपहर एक बजे से आयोजित है । संभागीय अध्यक्ष गणेश चंदेल ने बताया कि बैठक मे संघ की छह सुत्रीय मांगों के संबंध मे, ग्राम पटेलो को प्रतिमाह तीन हजार रू मानदेय दिए जाने जिसे मार्च 2023 के बजट मे स्वीकृत किया गया था उसे तत्काल लागू कराने संबंध मे चर्चा कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा जाएगा ।

नपं देवकर में गणतंत्र दिवस पर मुख्यअतिथि के करकमलों से चौक पर करेंगे ध्वजारोहण

देवकर। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 नगर पंचायत देवकर में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा है। वही वर्तमान में आदर्श आचरण संहिता प्रभावी होने से नगर पंचायत देवकर क्षेत्र में निम्नानुसार स्थलों में ध्वजारोहण किया जावेगा। जिसमें कार्यालय नगर पंचायत देवकर एवं जय स्तम्भ चौंक देवकर में केशराम साहू मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत देवकर, गांधी चौंक देवकर का तहसीलदार सरिता मढरिया प्रशासक द्वारा ध्वजारोहण किया जावेगा।

शांति देवी नेताम का निधन

नगरी। ग्राम गोरेगांव (नगरी) निवासी , राधेश्याम नेताम जी की धर्म पत्नी शांति देवी नेताम का आकस्मिक निधन 21 जनवरी को हो गया । जिनका अंतिम पचनाहवन एवं संपूर्ण कार्यक्रम दिनांक 26 /08/2025 दिन रविवार को रखा गया है, सभी सगा संबंधी उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित हैं।

महापौर पद 4 और 41 पार्षद पद के लिए अभ्यर्थियों ने लिए नामांकन

■ अब तक कुल महापौर पद हेतु 7 एवं पार्षद पद हेतु 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया

राजनांदगांव/नव प्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु आज कुल 4 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 41 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र पत्र प्राप्त किया। नगर पालिका निगम राजनांदगांव के महापौर पद के लिए निर्दलीय दीपा रामटेके, निर्दलीय संदीप शुक्ले, निर्दलीय केवल रजक, आम आदमी पार्टी से कमलेश स्वर्णकार ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इस तरह अब तक महापौर पद हेतु कुल 7 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु कुल 61 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम राजनांदगांव अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सरला मेश्राम, वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय प्रदीप कुमार चौहान, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से शैलेष कुमार ठावेर, वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से पूर्णिमा नागदेवे, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से बैना बाई टुरहाटे, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राजा तिवारी, वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से राकेश कुमार देवांगन, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अरविंद कुमार वर्मा, वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से रितिका बंजारी, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय कमल मिश्रा, वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से हफीज खान, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से सरोज यादव, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से सुरेन्द्र कुमार साहू ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद पद हेतु भाजपा से प्रतिभा सौरभ खंडेलवाल, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद पद हेतु भाजपा से संजय शंकर मोरे, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयालाल देवांगन, वार्ड क्रमांक 23 के पार्षद पद हेतु निर्दलीय गुरूमुखदास वाधवा, वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से रामनाथ रजक, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से श्यामती, वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से देवकी यादव, वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जयनारायण सिंह राजपूत, वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद पद हेतु भाजपा से प्रियंका कुरंजेकर, वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से निकहत परवीन ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से कुसुम साहू, वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पार्टी से भगवान दास आदि ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

कुपोषण वाली जगहों में विशेष कैंप लगाकर पूरक पोषण आहार वितरित करें

कुपोषण दूर करने सक्रियता से करें कार्य : कलेक्टर

■ आंगनबाड़ी में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति करे सुनिश्चित

■ कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों की बैठक में दिये निर्देश

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति शत - प्रतिशत हो यह सुनिश्चित करें। बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं गर्म भोजन भी उपलब्ध कराये। पोषण ट्रेकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की एण्ट्री करें। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत कुपोषित बच्चों को लाभान्वित करें तथा गर्भवती, शिशुवती एवं किशोरी बालिकाओं को भी पूरक पोषण आहार प्रदान करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा वहां बच्चो के लिए उच्च गुणवत्ता के पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिले में कुपोषण को दूर करने सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक कुपोषण वाले जगहों में विशेष कैंप लगाकर पूरक पोषण आहार वितरित करने एवं नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चो का स्वास्थ्य जांच भी नियमित रूप करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बाल विवाह एवं बहुविवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अशोक पाण्डेय, सीडीपीओ सहित पर्यवेक्षकगण मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर लक्ष्य निर्धारित कर कुपोषण की स्थिति में सुधार लाए। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन तथा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की कार्यरत एवं शेष रिक्त पदों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त गांव के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता के गर्म भोजन उपलब्धता के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में जिले में स्वीकृत, संचालित, निर्माणाधीन, अपूर्ण एवं अप्रारंभ आंगनबाड़ी भवनों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सखी सेन्टर, एनआरसी आदि कार्यक्रमो की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बाल कल्याण समिति में लंबित प्रकरणों की जानकारी, किशोर बोर्ड न्याय की जानकारी, स्पॉसरशीप योजना की जानकारी, नवा बिहान शाखा, आंगनबाड़ी केन्द्रों में एलपीजी गैस कनेक्शन सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

बाल विवाह , बहुविवाह कुरीति दूर करने लोगों को करे जागरूक

हत्या की कोशिश, आदतन अपराधी को भेजा जेल

■ घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने किया जब्त

राजनांदगांव/ नव प्रदेश। पुलिस ने हत्या की कोशिश करने वाले आरोपी मोनू यादव पिता देवीलाल यादव निवासी इंदिरा नगर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव को 4 घंटे में गिरप्तार कर जेल दाखिल किया है। प्रार्थिया मीनू साहू पति मनोज साहू उम्र 22 साल निवासी कुआ चौक नंदई थाना बसंतपुर की रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22जनवरी को रात्रि लगभग 09:30 बजे इसके पति मनोज साहू के मोबाईल में फोन आया और वह मोबाईल में बात करते हुए नंदई कुंआ चौक तरफ गया। लगभग 10:00 बजे रात्रि इसे सूचना मिला कि मोनू यादव उसके पति को जान से मारने की नियत से गला के नीचे धारदार चाकू से प्राणघातक हमला किया है, जिससे वह लहूलुहान हो गया है, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामला पंजीबद्ध होने के बाद से मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में प्रकरण के आरोपी मोनू यादव पिता देवी लाल यादव निवासी इंदिरा नगर थाना बसंतपुर का घटना कारित कर फरार हो गया था, जिसे मुखबीर के सूचना के आधार पर महज 04 घंटे भीतर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी से घटना प्रयुक्त धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया, माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया। आरोपी थाना बसंतपुर का आदतन अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी अपराध दर्ज है ।

मोटर साइकिल चोर को जेल भेजा गया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनेश कुमार पटेल पिता रवि पटेल उम्र 24 साल निवासी ग्राम भटगुना, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव का रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 05.11.2024 को यह अपने मोटर सायकल एक्टिवा क्रमांक सी0जी0/08/ए0यू0/5332 से अपने मित्र से मिलने राजनांदगांव आया हुआ था तथा अपने मोटर सायकल को करीबन 11:00 बजे उर्जा पार्क के पास रोड किनारे खडी कर अपने दोस्त शेखर यादव के साथ उर्जा पार्क में घूमने गया । करीब 01 घंटा बाद वापस आकर देखा तो इसका मोटर सायकल नही था। कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 521/2024 धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामला पंजीबद्ध होने के बाद से मोहित गर्ग (भा0पु0से0) पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन में श्रीमान राहुल देव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर व साइबर सेल प्रभारी विनय परमार के नेतृत्व में अज्ञात आरोपी एवं चोरी किये गए मोटर सायकल एक्टिवा के संबंध में जानकारी प्राप्त किया जा रहा था। कि विवेचना के दौरान मुखबीर से जानकारी प्राप्त हुआ है कि जनता भोजनालय में काम करने वाल मजदूर मोटर सायकल एक्टिवा को चोरी कर उसका नंबर प्लेट बदल कर उपयोग कर रहा है। कि सूचना पर मौके पर पहुँचकर संदेही ईलेश कामडी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल किया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी गये मोटर सायकल एक्टिवा क्रमांक सी0जी0/08/ए0यू0/5332 को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायायल के समक्ष पेश किया गया जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक साइबर सेल विनय परमार, सउनि. गोवर्धन देशमुख, आरक्षक अविनाश झा ,अवध साहू , मनोज खुटे ,प्रवीण मेश्राम, मोहसीन खान, की सराहनीय भूमिका रही।

दिलाई मतदाता शपथ

खैरागढ़ । ज़िले में मतदाता शपथ सभी शासकीय कार्यालयों में दिलाया गया। कलेक्टरचन्द्रकांत वर्मा ने राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल भी मौजूद रहें। कलेक्टर ने कहा कि इस शपथ का उद्देश्य लोकतंत्र की मजबूती और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि वे निर्भीक होकर, किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जैतपुरी निवासी रुपेन्द्र कुमार कोर्राम का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए चयन

नगरी। नगरी ब्लाक के अंतिम छोर पर बसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम पंचायत जैतपुरी निवासी श्री रुपेन्द्र कुमार कोर्राम का केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लिए चयन हुआ है जो शिव कुमार कोर्राम शहीद परिवार से भतीजा है देश सेवा करने की सपना थी वह सफल हुआ और भारत माता की रक्षा करने के लिए ग्राम वासियों ने सम्मान के साथ बिदाई दी और इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सरपंच केशरी नेताम, रिटायर्ड फौजी डोमार सिंह नेताम, आरक्षक जितेन्द्र कोर्राम,पत्रकार साथी महेश नेताम, माता मालती कोर्राम, पिता आसू लाल कोर्राम ,भगवान सिंह कोर्राम,लखनतीन कोर्राम,सहादेव कोर्राम, ज्ञानेंद्र कोर्राम, गीता कोर्राम, दुखिया कोर्राम,मनोतीन कोर्राम, ईश्वरीय, सत्यनारायण,लोकेश, हेमंत, लीला ,टिकेश्वरी ,माही, सोनाऊ राम, अमित्रा ,बिसंतीन , मिथलेश, रविकांत, गरिमा, महिमा, माधुरी,नब्या,कंवली मरकाम, कृतिका,व समस्त साथी,व ग्राम वासी उपस्थित थे।

भण्डोरा में कवि सम्मेलन एवं जयंती समारोह का आयोजन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम भण्डोरा में 19 एवं 20 जनवरी को दो दिवसीय संत गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम दिवस भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस भव्य कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के जाने-माने कविगण जिसमें शशिभूषण "स्नेही",कैथा(बिलाईगढ़), गजराज महंत,(भिलाई), कृष्णा भारती,(सिमगा),शरद यादव÷अक्स÷,(सीपत), कमलेश यादव ÷धाकड़÷(बरमकेला),हितेन्द्र पाण्डे"अंचल",(बसना), विनोद डडसेना ÷विनम्र÷(बिलाईगढ़), कवयित्री सोमप्रभा तिवारी "नूर"(बिलासपुर), आमंत्रित थे।कार्यक्रम का संयोजन भण्डोरा (बिलाईगढ़) के उभरते कवि लोकनाथ ताण्डेय "मधुर"ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जन एवं बाहर से दर्शक उपस्थित रहे। महेत्तर देवांगन, महादेव जायसवाल,मदन तोमर सहित क्षेत्र के अनेक शिक्षक साथी कवि सम्मेलन का लुत्फ उठाने पहुंचे थे।जयंती कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में युवराज शरण सिंह,राजमहल बिलाईगढ़, विशिष्ट अतिथि के रूप में नागेश अजगल्ले,बिलाईगढ़, फिरित लाल खटकर, अधिवक्ता भटगांव, पुष्पेन्द्र बघेल, फारेस्ट गार्ड, प्रमोद ताण्डेय, पटवारी उपस्थित रहे।जयंती के अंतिम दिवस गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात् ध्वजारोहण किया गया। पंथी दलों के द्वारा रंगारंग मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि के रूप में श्याम टण्डन, (प्रदेश अध्यक्ष बसपा), विशिष्ट अतिथि- राजमहंत पी.के.घृतलहरे,(से.नि.कृषि अधिकारी) ,शिव भास्कर,(सामा.कार्यकर्ता), पुकराम कुर्रे, धनसाय साहू, रामकुमार केंवट उपस्थित रहे। आयोजन जय सतनाम युवा समिति एवं समस्त सतनामी समाज भण्डोरा के द्वारा किया गया ।

नष्टीकरण | राजनांदगांव रेंज के 110 प्रकरणों में से 70 प्रकरण में1033 किलोग्राम गांजा नष्ट

1 करोड़ 74 लाख से अधिक के मादक पदार्थों एवं नशीली दवाइयों को पुलिस ने किया नष्ट

राजनांदगांव/नव प्रदेश। दीपक कुमार झॉ पुलिस महानिरीक्षक) अध्यक्ष उच्च स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी राजनांदगांव रेंज की अध्यक्षता में भिलाई इस्पात संयंत्र के डै.03 भस्मीकरण यंत्र] भिलाई जिला दुर्ग छ-ग- में रेंज के जिलों के कुल 1459-368 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं कैप्सूल 4032 नग] टेबलेट 60 नग को जलाकर व अन्य नशीली दवाईयाँ सीरप 235 नग एवं इंजेक्शन 60 नग को प्लांट के पास जेसीबी से गड्ढा खोदकर, दबाकर व पाटकर विधिवत् नष्टीकरण की कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि राजनांदगांव रेंज के कुल 110 प्रकरणों में से जिला राजनांदगांव के 70 प्रकरण जिसमें 1033-69 किलोग्राम गांजा, 2548-8 मिलीग्राम ब्राउन शुगर, 235 नग सीरप] 4032 नग कैप्सूल, 60 नग टेबलेट जिला कबीरधाम के 09 प्रकरण जिसमें 338-325 किलोग्राम गांजा, 60 नग इंजेक्शन, जिला खैरागढ़ एंड छुईखदान एंड गण्ई के 19 प्रकरणों में 50-375 किलोग्राम तथा जिला मोहला एंड मानपुर एंड अं-चौकी के 12 प्रकरणों में 36-978 किलोग्राम गांजा जिनकी कुल कीमत करीबन 01,74,70,000एंड रूपये थी। इस नष्टीकरण कार्यवाही के दौरान दीपक कुमार झॉ पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज] मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, धमेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक कबीरधाम,वाय-पी- सिंह पुलिस अधीक्षक मोहला एंड मानपुर एंड अं-चौकी, त्रिलोक बंसल पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ एंड छुईखदान एंड गण्ई जी-के- भगत, संभागीय उपायुक्त आबकारी दुर्ग क्षेत्र, क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी कार्यालय छ-ग- पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई, श्रीमती गीता वाधवानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजनादगांव संजय धुरव उप पुलिस अधीक्षक कबीरधाम।

राममंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर व्यायाम शाला में पूजा अर्चना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्थानीय नंदई चौक कोठार पारा में एक्सपर्ट जिम में 22 जनवरी को संध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस के एक वर्ष पूर्ण होने पर व्यायाम शाला के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति में श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा आरती एवं प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें जिम में अभ्यासरत खिलाडियों ने आरती में भाग लेकर हनुमान चालीसा पाठन कर जयश्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाकर जयघोस किया। इस अवसर पर श्रीमती अंजू बंजारे, धनेश्वरी बंजारे, समारिन जोशी, सुरेखा पंचभावे, प्रतिमा बंजारे, तुषार वैष्णव, तामेश्वर प्रसाद, खिलेश्वर प्रसाद, विक्रम बडक़े, ललिता ठाकुर, जितेन्द्र कुमार, सुभाष हरिहारनो, नवीन शर्मा, जय साहू आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी एक्सपर्ट जिम की उपाध्यक्ष अंजू बंजारे ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

मतदाता जागरूकता के लिए राज्यपाल डेका ने की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं से अपील की है कि लोकतंत्र के प्रति अपने कर्त्तव्य और जिम्मेदारियों को लेकर सचेत रहें और अपने बहुमूल्य मत का उपयोग लोकतंत्र की मजबूती और देश के विकास में अपनी भागीदारी निभाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि एक सफल लोकतंत्र के लिए यह जरूरी है, कि हर युवा भारतीय नागरिक स्वयं को मतदाता के रूप मे पंजीकृत कराए और समय-समय पर होने वाले निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग भी करें। श्री डेका ने कहा कि आज का दिन मतदाताओं की जागरूकता के लिए समर्पित है। हमारा देश, विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। प्रजातंत्र को सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के लिए हमे धर्म, वर्ग, जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना निष्पक्ष, स्वतंत्र और भयरहित होकर मतदान करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ से 7 आदिवासी परिवार गणतंत्र दिवस परेड में होंगे शामिल

रायपुर/खरोरा। वैसे तो 26 जनवरी हर किसी भारतीय के लिए खास होता है लेकिन छत्तीसगढ़ के 07 आदिवासी परिवारों के लिए यह दिन और भी विशेष होगा क्योंकि इस दिन विशेष अतिथि के रूप में इन सात सदस्यों को छत्तीसगढ़ से रिपब्लिक डे में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ के सुदूर जिला जशपुर से तीन आदिवासी हितग्राही, नक्सलग्रस्त जिला कोंडागांव से एक आदिवासी हितग्राही, कोरबा से दो हितग्राही एवं बेमेतरा जिला से एक हितग्राही को रिपब्लिक डे परेड में शामिल होने के लिए दिनांक 22 जनवरी को गोंडवाना एक्सप्रेस से उक्त दल हजरत निजामुद्दीन दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जिन्हें आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, अंत्यावसायी विभाग के प्रबंध संचालक पी एस अल्मा एवं सचिव गायत्री नेताम ने सुखद यात्रा के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना किया। जिनके साथ लाइजनिंग ऑफिसर के रूप में आदर्श साव सहायक महाप्रबंधक, प्रवीन लाटा कार्यपालन अधिकारी एवं सुखनाथ नागवंशी क्षेत्र अधिकारी साथ में है। रिपब्लिक डे परेड के 76वें आयोजन के लिए इस बार लगभग 10000 विशेष अतिथियों को कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किया गया है इनमें पैरा ओलंपिक दल के सदस्य, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सरपंच, हथकरघा कारीगर समेत, जनजाति परिवारों के ऐसे सदस्य जो केंद्र/ राज्य शासन की योजना के लाभान्वित हितग्राही हो, इन्हें विशेष अतिथि के रूप में शामिल किया गया है। छत्तीसगढ़ से सात जनजाति लाभांवित हितग्राहियों जिन्हें अंत्यावसायी वित्त एवं विकास विभाग से विभिन्न योजना अंतर्गत लाभान्वित किया गया है को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किए जाने हेतु नई दिल्ली लाया गया है। गणतंत्र दिवस के दिन कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, डेलीगेट और तीनों सेवा के प्रमुखों के बीच इन विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया जाना निश्चित ही भारत सरकार की एक अच्छी पहल की शुरुआत है। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों से आए इन जनजाति हितग्राहियों द्वारा अब तक दूरदर्शन के माध्यम से टेलीविजन पर बैठकर हजारों किलोमीटर दूर से ही जो गणतंत्र दिवस परेड के दिन ध्वजारोहण, राष्ट्रपति के अभिभाषण एवं जीवंत झांकियां को देखा जाता रहा है, वह इस नए प्रयास से अब कर्तव्य पथ पर भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रत्यक्ष रूप से देश की इस गौरवशाली परंपरा के साक्षी बनने वाले हैं।

न्यूज गैलरी

76वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर चेम्बर कार्यालय में ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचन्द गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने जानकारी दी कि 76वां गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में रविवार, 26 जनवरी, 2025 को ठीक प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। चेम्बर पदाधिकारियों ने समस्त व्यापारी उद्योगपति बंधुओं से आग्रह किया है कि वे समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अवश्य ही उपस्थित होवें।

कमल कुमार जैन ने किया देहदान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रियदर्शनी नगर निवासी कमल कुमार जैन (90) का कल रात निधन हो गया। वे कुरवाई जिला विदिशा में प्राचार्य और ब्लॉक डेव्हलेपमेंट ऑफिसर थे। वे रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व कार्यपालन अभियंता राजेन्द्र कुमार जैन, कैनेडा निवासी इंजीनियर राकेश कुमार जैन और ज्योति जैन के पिता थे। कमल कुमार जैन की इच्छा के अनुरुप उनके परिवारजनों एवं श्री पार्श्वनाथ दिग्बर जैन मंदिर समिति टैगोर नगर के पदाधिकारियों ने उनके शरीर को आज पं. जवाहरलाल नेहरु स्मृति मेडिकल कालेज के एनाटामी विभाग को शैक्षणिक व अनुसंधान के लिए दान में दिया। इस अवसर पर परिजनों के साथ ही मंदिर समिति के राजेश जैन, पुषपेन्द्र जैन, प्रियंक जैन, नवीन मोदी, रजनीश जैन, शशिम मोदी शामिल थे। मेडिकल कालेज एनाटामी विभाग की प्रमुख डॉक्टर (प्रो) जागृति अग्रवाल, व्याख्याता कुशल चक्रवर्ती और डॉ. संतोष कुमार शर्मा ने देह दान स्वीकार करते हुए कमल कुमार जैन और उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस : राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली शपथ

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजभवन सचिवालय में राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शपथ ली कि ''हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।'

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी

रायपुर/नवप्रदेश। महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े बलरामपुर जिला के पुलिस लाईन ग्राउंड में आयोजित 76वां गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राजवाड़े कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगी और परेड की सलामी लेंगी। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी। मंत्री श्रीमती राजवाड़े कार्यक्रम में देश के लिए शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित करेंगी। उनके द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति होगी।

गणतंत्र दिवस पर उद्योगमंत्री देवांगन जशपुर में करेंगे ध्वजारोहण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के वाणिज्य उद्योगमंत्री लखन लाल देवांगन गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जशपुर में ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित होगा।

पटवारियों की हड़ताल खत्म, राजस्व संबंधित कामों में आएगी तेजी

रायपुर/नवप्रदेश। ऑनलाइन कामों में आ रही परेशानियों को लेकर जारी पटवारियों की हड़ताल आज समाप्त हो गई है। आदर्श आचार संहिता और लोगों के कामों को देखते हुए पटवारियों ने हड़ताल खत्म करने का ऐलान किया है। आज से ऑनलाइन काम फिर शुरू करेंगे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा है कि पटवारियों से चर्चा जारी थी। आम जनता के हित में उचित निर्णय लिया है. अब प्रदेश में राजस्व संबंधित कामों में तेजी आएगी। बता दें कि शासन से आवश्यक संसाधन की मांग करते हुए पटवारी बीते 9 दिसंबर से काली पट्टी लगाकर काम कर रहे थे। इसके बाद भी मांग पूरी नहीं होने पर 15 दिसंबर से सभी प्रकार के ऑनलाइन कार्यों और ट्रेनिंग का बहिष्कार किया था। 6 दिसंबर से प्रदेशभर के पटवारी सभी वाट्सएप ग्रुप का बहिष्कार करते हुए हड़ताल पर बैठे थे।

साय सरकार आने के बाद आगे बढ़ रहा छत्तीसगढ़

भाजपा के कमल पर बैठकर आई हैं मां लक्ष्मी: केदारगुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। साय सरकार आने के बाद छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की सरकार में आर्थिक संकट था। कांग्रेस के कार्यकाल में घोटाले, भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ महतारी को लूटा जा रहा था। भाजपा के कमल पर मां लक्ष्मी बैठकर आई है। यह बात भाजपा प्रवक्ता केदार गुप्ता ने आर्थिक और नक्सलवाद के विषय पर आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में कही। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने प्रेस ब्रीफ को संबोधित करते हुए कहा कि अभी हाल ही के दिनों में मुंबई में छत्तीसगढ़ 'इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट' का दूसरा चरण आयोजित किया गया। छत्तसीगढ़ को भारत के मुख्य मार्ग पर प्रशस्त करने हेतु सरकार ने कई कदम उठाये है। यह इन्वेस्टर्स समिट उनमे से एक है। छत्तीसगढ़ में गुरुवार को प्लास्टिक, कपड़ा, आईटी और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी कंपनियों से 6,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत माइक हैंकी और रूस के महावाणिज्य दूत इवान वाई फेटिसोव के साथ राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 का मूलतंत्र 'न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन के आदर्श को दुनिया के सामने रख छत्तीसगढ़ को वाणिज्य और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत के एक अभिन्न अंग के रूप में प्रदर्शित किया। राज्य की नई औद्योगिक नीति के लागू होने के बाद से छत्तीसगढ़ को रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन बैठकों के माध्यम से एक लाख करोड़ से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। पिछले साल दिसम्बर 2024 में दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में प्रदेश को ?15,184 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव मिले थे। इसमें प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र ने इनमें से 75त्न प्रस्तावों पर प्रतिबद्धता जताई थी। गुप्ता ने कहा इसके अतिरिक्त, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, रोजगार और ईपीएफ प्रतिपूर्ति के साथ-साथ 5 से 12 वर्ष की अवधि के लिए प्रशिक्षण व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आकर्षक प्रोत्साहन शुरू किए गए हैं।' बस्तर में नगरनार स्टील प्लांट के पास 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने की योजना है। बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ क्षेत्रों में प्रोत्साहन के साथ-साथ लौह और कोयला रॉयल्टी पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की छूट शुरू की गई है।

छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में निवेश बढ़ाने हेतु भाजपा की सरकार ने कई नवीनतम कदम उठाए है। जहां कांग्रेस केवल राज्य और भारत को दशकों पहले के जंजाल में धकेलना चाहती है, वही यह भाजपा ही है जो छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ा रहा है. छत्तीसगढ़ को प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए और साथ ही प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए साय सरकार के कई कदम उठाए है, जैसे -अनापत्ति प्रमाण पत्र' (एनओसी) प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया गया है, और अब मंजूरी एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से दी जाती है, जिससे निवेशकों को काफी राहत मिली है। नया रायपुर में एक नए डेटा सेंटर के शुभारंभ की घोषणा, जिससे शहर को सूचना और प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने में और मदद मिलेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए विशेष रियायतें हैं।

नक्सली को भगवान बताने पर डिप्टी सीएम शर्मा की प्रतिक्रिया

जिसने सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी, उसके लिए ऐसी बात समझ से परे

रायपुर/नवप्रदेश । दो दिन पहले मारे गए एक करोड़ के ईनामी नक्सली चलपति को उसके ससुर द्वारा भगवान बताए जाने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने स्कूल बनने नहीं दिया, बिजली-पानी पहुंचने नहीं दी, कई बच्चों को बेघर किया, पुलिस से मिले होने की बात कहते हुए सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी। उसके लिए ऐसी बातें समझ से परे है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संगठन बैठक से पहले मीडिया से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ में मनी म्यूल मामले में साइबर रेंज ने कार्रवाई करते हुए 3 नाइजीरियन सहित 62 लोगों को गिरफ्तार किए जाने पर रायपुर रेंज की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आगे भी कार्रवाई होगी। इसमें और बड़ी सफलताएं पुलिस को मिलेगी। एनडीपीएस और साइबर क्राइम के जितने केसेस हैं, उन सभी को मिलाकर देखा जा रहा है। जो भी बाहर से आकर या आस-पास के देशों से आकर यह काम कर रहे हैं, प्रदेश में पूरी योजना के साथ उनकी शिनाख्त कर कार्रवाई की जाएगी।

वीवीपैट पर भूपेश बघेल के सवाल पर कसा तंज

ईवीएम में वीवीपैट नहीं होने को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन आयोग से किए गए सवालों पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर भूल जाते है कि ईवीएम से ही चुनाव हुए हैं। ये वही लोग हैं, जो महाराष्ट्र में चुनाव हारने पर धरने पर बैठते हैं, और झारखंड में चुनाव जीतने पर कपड़े बदलकर शपथ लेते हैं।

कांग्रेस की नई मुसीबत! प्रमोद के इलाके से चुनाव लड़ना चाहते है ढेबर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। प्रत्याशियों को लेकर पार्टियों में मंथन का दौर चल रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी नेता लगातार बैठकें कर रहे हैं। इसी बीच अब कांग्रेस के खेमे से एक बड़ी खबर सामने आई है। रायपुर के वर्तमान महापौर एजाज ढेबर अब भगवती चरण शुक्ल वार्ड से चुनाव लड़ेंगे। भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से सिंगल नाम पीसीसी को भेजा गया है। अब तक यहां से प्रमोद दुबे चुनाव लड़ रहे थे। वहीं ढेबर धर्मपत्नी अंजुमन ढेबर का नाम बैजनाथपारा में पैनल में फंस गया है। मेयर प्रत्याशी चयन के लिए भाजपा की बैठक से एक खबर बाहर निकलकर सामने आई है। इसके मुताबिक पार्टी के प्रदेश एक महामंत्री ने पड़ोस के निगम के महापौर के लिए अपना और अपने भाई का नाम पैनल में दिया है।

इससे पहले पार्टी ने क्राइटीरिया तय किया था कि जिला और मंडल अध्यक्ष को निकाय पंचायत चुनाव में टिकिट नहीं देगी। जबकि ये प्रदेश महामंत्री हैं। पहली बार प्रदेश अध्यक्ष की टीम में शामिल किए गए हैं । आज की बैठक लिए राष्ट्रीय। सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, प्रभारी नितिन नवीन की अध्यक्षता में होनी है।

कैट सीजी चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा

रायपुर/नव प्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि देश के सबसे बडे व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स सी।जी। चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में 76वॉ गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। मुख्य अथिति कैट के राष्टीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी रहेगें।

बीजेपी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी : नितिन नबीन

■ **पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा का सपना होगा पूरा**

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर आज बीजेपी के प्रभारी नितिन नबीन छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बड़ा बयान दिया। नितिन नबीन ने कहा कि पंच से पार्लियामेंट तक बीजेपी का सपना पूरा होगा। बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने आगामी निकाय चुनाव को लेकर कहा कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए कई स्तर पर नाम सामने आए हैं, जिनमें राज्य स्तर के नाम भी शामिल हैं। नितिन नबीन ने यह भी कहा कि बीजेपी सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का काम करेगी।

आरोग्य शिविर | कंबल वाले बाबा के झाड़-फूंक का आयोजन, अंधविश्वास फैलाने की शिकायत

रायपुर में अब नहीं लगेगा 'काले कंबल वाले बाबा' का शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के पचपेड़ी नाका स्थित नाकोड़ा जैन भवन में आयोजित होने वाले काले कंबल वाले बाबा के तथाकथित आरोग्य शिविर की अनुमति को कलेक्टर ने निरस्त कर दिया है। हाल ही में रायपुर के नेत्र विशेषज्ञ और अंध श्रद्धा निर्मूलन समिति रायपुर के अध्यक्ष डॉ। दिनेश मिश्रा ने इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों पर सवाल उठाए थे, जिसके बाद यह आदेश जारी हुआ है। रायपुर कलेक्टोरेट कार्यालय से जारी इस आदेश में कहा गया है कि आवेदक प्रीतम कुमार साहू, के।बी।एफ। आरोग्य केंद्र, रायपुर ने आवेदन प्रस्तुत कर नाकोड़ा भवन भैरव सोसायटी, रायपुर में मंगलवार 21 जनवरी से शनिवार 25 जनवरी तक सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक आरोग्य शिविर का आयोजन करने की अनुमति हेतु अनुरोध किया गया था। उक्त के परिप्रेक्ष्य में आवेदक को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर, रायपुर से प्राप्त अभिमत के आधार पर आवेदक को अनुमति दी गई थी, लेकिन आवेदक द्वारा कार्यक्रम का स्वरूप बदलकर कंबल वाले बाबा के झाड़-फूंक के शिविर का आयोजन कर अंधविश्वास फैलाने का कार्य किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायत और अंधविश्वास को बढ़ावा देने को दृष्टिगत रखते हुए आवेदक प्रीतम कुमार साहू को इस कार्यालय द्वारा 10 जनवरी को दी गई अनुमति तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है।

गौरतलब है कि अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति ने इससे पहले 2018 में सरगुजा क्षेत्र में इसी कंबल वाले बाबा के आयोजित शिविर को बंद करवाया था। समिति की शिकायत के बाद जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया और स्वास्थ्य विभाग ने शिविर को बंद कर दिया था। उस समय इस घटना के कारण काफी विवाद हुआ था। कंबल वाले बाबा के शिविरों पर रोक लगाने डॉ। दिनेश मिश्र ने कलेक्टर को लिखा पत्र, कहा- बीमार मरीजों पर अपना कंबल ढंक कर ठीक करने का दावा करना है संदेहास्पद।

मीडिया सलाहकार का कांग्रेस पर गंभीर आरोप, चुराया भाजपा का स्लोगन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा एक बार फिर कांग्रेस पर हमला किया है। अबकी बार उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पर दिल्ली के चुनाव में भाजपा का स्लोगन चुराने का आरोप लगाया है। पंकज झा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, हमने अनेक बार कहा है कि कांग्रेस के पास कुछ भी अपना और मौलिक नहीं है।

इसने भाजपा का नारा भी चुरा लिया। ऐसा नहीं करना चाहिए उन्हें। यह स्लोगन भाजपा ने छत्तीसगढ़, झारखंड आदि चुनावों में उपयोग किया है। पंकज झा ने अपने पोस्ट के साथ फोटो लगाया है, जिसमें एक तरफ भाजपा को पोस्टर है, जिसमें 'तैयारी पूरी है, भाजपा जरूरी है', लिखा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किए जा रहे 'दिल्ली में कांग्रेस है जरूरी' का स्लोगन दिखाया है। ऐसा नहीं करना चाहिए उन्हें।

यह स्लोगन भाजपा ने छत्तीसगढ़, झारखंड आदि चुनावों में उपयोग किया है। – पंकज कुमार झा पंकज झा जिस आक्रामक तेवर के साथ सोशल मीडिया में कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं, उसका जवाब अब तक कांग्रेस की ओर से नहीं आया है। यह कांग्रेस के लिए नया मोर्चा है, क्योंकि पंकज झा राजनीतिज्ञ नहीं है, ऐसे में उन पर सीधा हमला करना मुश्किल होता है।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए पुलिस परेड ग्राउंड पर हुई अंतिम रिहर्सल

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने फहराया ध्वज, परेड की ली सलामी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आज अंतिम रिहर्सल सुबह 9 बजे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। मुख्य अतिथि की भूमिका अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय ने निभाई।

उन्होंने राष्ट्र ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर दीपक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा मौजूद रहे। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने अंतिम रिहर्सल के दौरान गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण पश्चात पुलिस एवं होमगार्ड के जवानों द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया।

परेड कमाण्डर के मार्गदर्शन में प्लाटूनों ने परेड का प्रदर्शन किया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। निरीक्षण में कलेक्टर अग्रवाल ने समारोह स्थल में अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पत्रकारों के लिए भी बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप विभागीय अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ घासीराम मरकाम, अपर कलेक्टर द्वय नवीन भगत, ऋषा ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के जवान एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

न्यूज़ गैलरी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी को

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे गरियाबंद के ऑक्शन हॉल में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी, संस्थाओं को उनके द्वारा संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यो को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही कॉलेजों में मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित किए गए निबंध, चित्रकला, रंगोली एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम में नए मतदाताओं को बैच और एपिक कार्ड वितरित किया जाएगा।

राज्यपाल 27 जनवरी को गरियाबंद प्रवास पर

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 27 जनवरी को गरियाबंद जिला के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान डेका विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। साथ ही जिले में शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा करेंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने राज्यपाल आगमन की सभी तैयारियों की जानकारी लेकर सभी तैयारियां समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। राज्यपाल डेका जिला प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों जल-संचयन हेतु नागरिकों को प्रोत्साहन, पौधारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन, जैविक कृषि को प्रोत्साहन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, टी.बी. का उन्मूलन, असहाय, परित्यक्त वृद्धजनों की सहायता, ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं के कौशल का उपयोग आदि एजेण्डों की समीक्षा करेंगे। साथ ही महिलाओं की आय बढ़ाने एवं स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं की भागीदारी, नशा मद्यपान से ग्रसित लोगों के लिए सुधारात्मक उपाय, नशामुक्ति के लिए कार्यक्रम, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा की गतिविधियों के संबंध में तथा नक्सली समस्या संबंधी एवं आकांक्षी विकासखंड के संबंध में भी आवश्यक चर्चा करेंगे।

श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित का दर्शन कराती है- मुरलीधर सिन्हा

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद क्षेत्र के ग्राम बारूला में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस गान का सम्मेलन के विराम दिवस में मुख्य अतिथि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित का दर्शन कराती है ।

मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने अपने उदबोधन में कहा कि श्रीरामचरित मानस गान सम्मेलन का आयोजन कराना प्रशंसनीय कार्य है, सम्मेलन का आयोजन मनोरंजन के साधन नहीं है यह हमारे जीवन में श्रीरामचरित मानस को आत्मसात करने की आवश्यकता है, हमें नई पीढ़ी को वैदिक सनातन धर्म से जोडऩा होगा, हमारे संस्कृति व संस्कार बनाये रखना है, इस अवसर पर कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी कृष्णकुमार यादव, आयोजन समिति अध्यक्ष बहोरन लाल कंवर, गंगाराम मोंगरे, शिव साहू, जगत राम मोंगरे, हरक राम जगत, पुरूषोत्तम धृतलहरे, प्रहलाद दीवान सहित बड़ी संख्या में मानस प्रेमी उपस्थित थे, कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम पंचायत पोटिया के सरपंच विनोद ध्रुव ने किया ।

कुपोषण दूर करने सक्रियता से करें कार्य - कलेक्टर

आंगनबाड़ी में बच्चो की शतप्रतिशत उपस्थिति करे सुनिश्चित

आंगनबाड़ी केन्द्रों का करे नियमित निरीक्षण

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति शत - प्रतिशत हो यह सुनिश्चित करें। बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित मेन्यू के अनुसार नाश्ता एवं गर्म भोजन भी उपलब्ध कराये। पोषण ट्रेकर के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की एण्ट्री करें। पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत कुपोषित बच्चों को लाभान्वित करें तथा गर्भवती, शिशुवती एवं किशोरी बालिकाओं को भी पूरक पोषण आहार प्रदान करें। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों को आंगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा वहां बच्चो के लिए उच्च गुणवत्ता के पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने जिले में कुपोषण को दूर करने सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक कुपोषण वाले जगहों में विशेष कैंप लगाकर पूरक पोषण आहार वितरित करने एवं नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चो का स्वास्थ्य जांच भी नियमित रूप करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बाल विवाह एवं बहुविवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अशोक पाण्डेय, सीडीपीओ सहित पर्यवेक्षकगण मौजूद रहे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में कहा कि बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर लक्ष्य निर्धारित कर कुपोषण की स्थिति में सुधार लाए। बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन तथा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की कार्यरत एवं शेष रिक्त पदों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त गांव के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता के गर्म भोजन उपलब्धता के लिए आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने बैठक में जिले में स्वीकृत, संचालित, निर्माणाधीन, अपूर्ण एवं अप्रारंभ आंगनबाड़ी भवनों की भी जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सखी सेन्टर, एनआरसी आदि कार्यक्रमो की भी विस्तृत समीक्षा की।

तीसरे दिन तीन अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

धमतरी/नवप्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की तिथियों की घोषणा होते ही प्रत्याशियों द्वारा नामांकन फार्म क्रय करने और दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो गया है। नामांकन के तीसरे दिन आज जिले के नगरनिगम धमतरी सहित पांचों नगर पंचायतों में कुल तीन नामांकन दाखिल किए गए। इनमें नगरनिगम धमतरी में पार्षद पद के लिए एक, नगर पंचायत कुरूद में पार्षद पद के एक और नगर पंचायत मगरलोड में भी पार्षद पद के लिए एक नामांकन दाखिल शामिल हैं।

नगर निगम में महापौर पद के लिए अब तक कुल 8 नामांकन पत्र क्रय किया गया और पार्षद पद के लिए कुल 56 नामांकन फार्म खरीदे गए। यहां आज पार्षद पद के लिए एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इसी तरह नगर पचांयत कुरूद में कुल 12 नामांकन पत्र खरीदे गए, जिसमें दो अध्यक्ष पद के लिए और 10 पार्षद पद के लिए शामिल हैं। इस नगर पंचायत में भी आज एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इसके साथ ही नगर पंचायत मगरलोड में कुल 10 नामांकन पत्र खरीदे गए, इनमें अध्यक्ष पद के लिए दो और पार्षद के लिए 8 नामांकन पत्र शामिल है। मगरलोड में एक नामांकन आज दाखिल किया गया।

इसी तरह नगर पंचायत नगरी में कुल पार्षद पद के लिए 14 नामांकन पत्र, नगर पंचायत भखारा में पार्षद पद के लिए 4 नामांकन पत्र, नगर पंचायत आमदी में पार्षद पद के लिए 5 नामांकन फार्म प्रत्याशियों ने क्रय किया। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी, अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख और निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रकाशन करने का कार्य 31 जनवरी और मतदान 11 फरवरी तथा मतगणना 15 फरवरी 2025 को की जायेगी।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कलेक्टोरेट में ली गई मतदाता शपथ

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ ली गई। संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रीति दुर्गम ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ में कहा गया कि ॑हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार

आज होगी सचिन पायलट की अगुवाई में चुनाव समिति की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस की बड़ी बैठक है। कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट कल सुबह 8.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। निवृत्तमान मेयर एजाज ढेबर पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से पार्षद का चुनाव लड़ेंगे। रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर शनिवार को कांग्रेस की बड़ी बैठक है। कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट कल सुबह 8.45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। उनकी मौजूदगी में 11.30 बजे प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होगी। बैठक के बाद शाम 6 बजे वे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

निवृत्तमान मेयर एजाज ढेबर पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड से पार्षद का चुनाव लड़ेंगे।

निकाय चुनाव : शहर विकास को समर्पित होगा भाजपा का घोषणा पत्र

भाजपा घोषणा पत्र समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। लेकिन अभी तक भाजपा और कांग्रेस में महापौर और निकाय अध्यक्षों के साथ पार्षदों के उम्मीदवारों का चयन होना बाकी है। ऐसे में अगर देखा जाए तो कांग्रेस से कई कदम भाजपा आगे दिख रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में नगरीय निकाय चुनाव घोषणा पत्र समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा समिति के संयोजक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, सह संयोजक-विधायक सुनील सोनी उपस्थित थे।

बैठक में घोषणा पत्र समिति के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और समिति के सदस्यों से सुझाव लिए गए। समिति के संयोजक पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि नगर निगमों के समग्र विकास के हमारा घोषणा पत्र महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। हमारी जीत नगरीय निकाय चुनाव में विशाल होगी। जिसे ध्यान में रखते हुए यह घोषणा पत्र तैयार किया जा रहा है। जो शहरों के विकास के स्वरूप को समर्पित होगा।

बैठक में पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, चन्द्रशेखर साहू, विधायक नीलकंठ टेकाम, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा, प्रवक्ता दीपक म्हस्के, शशांक शर्मा, पूर्व महापौर सफीरा साहू, अंबिका यदु, उज्जवल दीपक, हेमंत पाणिग्रही शामिल थे।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ओटीआर एवं बायो मेट्रिक ऑथेन्टिकेशन प्रक्रिया में छूट

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश में संचालित सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा बारहवीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ओटीआर एवं बायो मट्रिक ऑथेन्टिकेशन प्रक्रिया में छूट प्रदाय की गई है। प्रक्रिया को शिथिल करते हुए स्वीकृति की कार्यवाही करने के निर्देश सहायक आयुक्त ने संबंधित संस्था प्रमुखों को दिए हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया अंतिम पूर्वाभ्यास

गणतंत्र दिवस समारोह में बृजमोहन अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में आगमी 26 जनवरी को गरिमामय और हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व आज डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एकलव्य खेल परिसर में अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल परिसर में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ध्वजारोहण करेंगे। गरिमामय समारोह की समुचित तैयारी के तहत कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की उपस्थिति में पूर्वाभ्यास के दौरान मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार बतौर मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर सुश्री इंदिरा सिंह का मंच पर आगमन, परेड निरीक्षण, ध्वजारोहण का अभ्यास, मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट, हर्ष फायर, प्लाटून कमांडरों से परिचय, खुले आसमान में रंग बिरंगे गुब्बारे छोडऩे, पुरस्कार वितरण, फोटो सेशन सहित संपूर्ण आयोजन का पूर्वाभ्यास किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में अब तक 6 लाख 17 हजार 637 मी.टन. धान की हुई खरीदी

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत 1 लाख 28 हजार 346 किसानों में से 1 लाख 23 हजार 625 किसानों का कुल 6 लाख 17 हजार 637 मी. टन धान की खरीदी की गई है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि खरीदी की गई धान का मूल्य 1422.25 करोड़ रूपये है, उन्होंने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों/बिचौलियों के द्वारा धान के अवैध भण्डारण/परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका मद्देनजर जिले के प्रत्येक विकासखंड में ब्लाक स्तरीय उडऩदस्ता दल का गठन किया गया है। गठित ब्लाक स्तरीय उडनदस्ता दल द्वारा अवैध धान भण्डारण/परिवहन करने वालों के विरुद्ध दिनांक 14 नवम्बर 2024 से 23 जनवरी 2025 तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही की गई, 76 प्रकरण दर्ज कर 5307 क्विंटल अवैध धान जप्त किया गया है।

वार्षिकोत्सव | बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक : योगेश तिवारी

नॉलेज प्रोग्रेसिव स्कूल पिरदा में वार्षिकोत्सव

बेमेतरा/नवप्रदेश। नॉलेज प्रोग्रेसिव स्कूल पिरदा में वार्षिक उत्सव-2025 का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्व हिन्दु सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई और उत्सव का शुभारंभ किया। योगेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा विद्यालय द्वारा आयोजित यह वार्षिक उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन न केवल बच्चों के हुनर को निखारते हैं, बल्कि उन्हें समाज और संस्कृति से जोडऩे का कार्य भी करते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए इस संस्था के संचालक जितेंद्र मिश्रा को बधाई दिये और इसे एक आदर्श पहल बताया। कार्यक्रम में योगेश तिवारी ने शिक्षा और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों का ज्ञान देना भी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने के लिए सबके सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालय के भविष्य के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथियों में भुनेश्वरी पोषण वर्मा जिला पंचायत सदस्य सभापति बेमेतरा, हर्षलता परगनिहा जनपद सदस्य बेरला, खिवराज ढिवर सरपंच भिंभौरी, परस्व परगनिहा सरपंच कोटा, अंजू संजू परगनिहा सरपंच पिरदा, संध्या टिकरिहा सरपंच सिलघट, गायत्री वर्मा सरपंच हर्दी समेत लखण चक्रधारी, गोपी साहु, समेत गणमान्य अतिथि उपस्थि रहें। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय के कार्यों की प्रशंसा की और शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के आयोजन को प्रेरणादायक बताया। उनकी उपस्थिति ने विद्यार्थियों और ग्रामवासियों को और अधिक प्रेरित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, नाटक और गीतों ने सभी का मन मोह लिया। योगेश तिवारी ने बच्चों को उनकी प्रतिभा के लिए शुभकामनाएं देते हुए होनहारों बच्चों को पुरस्कार वितरण किया और कहा कि यही बच्चें आगे चलकर समाज और देश का भविष्य बनेंगे। इस आयोजन में विशेष अतिथियों और ग्रामवासियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। योगेश तिवारी ने सभी अतिथियों और आयोजनकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं। योगेश तिवारी ने बच्चों और शिक्षकों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की।

श्री आदिनाथ जैन मंदिर में ध्वजारोहण 27 को

साजा/नवप्रदेश। जिलें के साजा नगर में स्थापित श्री आदिनाथ जैन मंदिर में प्रभु प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगाँठ पूर्ण होने जा रहा हैं। इस अवसर पर दुग्गड़ परिवार द्वारा पूर्ण विधि विधान से भगवान श्री का पूजन अभिषेक कर ध्वजारोहण का आयोजन किया जा रहा हैं। दुग्गड़ परिवार के बंटी दुग्गड़ ने आयोजन के बारे में बताया कि कार्यक्रम 26 व 27 जनवरी को प्रारंभ होगी, जिसमें 26 जनवरी को संध्या 7.30 बजे से मंदिर प्रांगण में भक्ती भावना संगीतकार धर्मेश जैन परभणी एवं साथियों द्वारा होगा।

इसके पश्चात 27 जनवरी सोमवार को प्रतिष्ठा तिथि मेरुतेरस श्री ऋषभदेव निर्वाण कल्याणक प्रातः 6.15 बजे से संगीत एवं वांजित्र के साथ सामूहिक भक्तामर स्त्रोत एवं वंदनावली होगा, तत्पश्चात 8.15 से स्नान पूजा एवं सत्तरभेदी महापूजन का कार्य किया जाएगा। 27 जनवरी के सधार्मिक भक्ति एवं ध्वजारोहण के लाभार्थी दुग्गड़ परिवार साजा परसबोड़ होंगे। जिसके बाद 10.15 बजे ध्वजारोहण विधान किया जाएगा। भक्ति के इस पावन प्रसंग कार्यक्रम को जैन संघ साजा एवं आदिनाथ जैन मंदिर समिति साजा द्वारा आयोजित किया जा रहा हैं।

संक्षिप्त खबरें..

सरायपाली बस हादसा : सीएम साय ने बच्ची की मौत पर जताया दुख

रायपुर/नवप्रदेश। महासमुंद जिले के सरायपाली में यात्री बस और ट्रक के बीच हुई सड़क दुर्घटना में एक बच्ची की मौत और 43 लोगों के घायल होने की खबर पर सीएम विष्णुदेव साय ने दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, यह घटना अत्यंत दुखद है। घायलों का इलाज जारी है। प्रशासन को बेहतर चिकित्सकीय व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। सीएम साय ने कहा, ईश्वर से दिवंगत बच्ची की आत्मा की शांति एवं उनके शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायलों के जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। मिली जानकारी के अनुसार, बस दुर्ग से पुरी जा रही थी। रास्ते में सुबह करीबन चार बजे सरायपाली के घंटेश्वरी मंदिर से करीब 200 मीटर की दूरी पर खड़े ट्रक से बस जा भिड़ी। दुर्घटना के तुरंत बाद यात्रियों की चीख-पुकार शुरू हो गई। इस हादसे में एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं कई लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सरायपाली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

परेड की फाइनल रिहर्सल के दौरान जवान घायल

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस परेड की फ़ाइनल रिहर्सल पर अश्वारोही दल का एक जवान अचाानक घोड़े के उपर से गिर पड़ा। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। करतब दिखाते समय अचानक बैलेंस बिगड़ा और जवान नीचे गिर गया। और फिर उठ नहीं पाया। गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का लाइव प्रसारण किया जाता है। इसका लाइव प्रसारण टीवी पर दूरदर्शन पर होता है। जबकि ऐसे ही आप इसका लाइव प्रसारण यूट्यूब पर भी देख सकते हैं। यहां पर आप 26 जनवरी को होने वाली परेड बिल्कुल लाइव नजर आने वाली है। परेड सुबह 10।30 बजे से शुरू हो जाएगी। ऑल इंडिया रेडिया पर भी इसका लाइव प्रसारण होगा। लैपटॉप, मोबाइल फोन पर भी आप इसे देख सकते हैं। यानी किसी भी डिवाइस में स्ट्रीमिंग कर सकते हैं।

हार्ट अटैक से हिंदी के प्रोफेसर हेमंत सिंह कवर की हुई मौत

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के धरमपुरा में रहने वाले डॉक्टर हेमंत सिंह कवर की शुक्रवार की सुबह अचानक से हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही कॉलेज परिवार हॉस्पिटल आ पहुंचा। लेकिन उपचार से पहले ही उनकी मौत हो गई, इस घटना से कॉलेज के साथ ही परिवार में मातम छा गया। वहीं, शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकाज लाया गया। मामले की जानकारी देते हुए बताया गया कि पीजी कॉलेज में चार साल पहले डॉक्टर हेमंत सिंह कवर ने हिंदी प्रोफेसर के रूप में अपनी पदस्थापना हुई थी। आज सुबह अचानक से उनके सीने में दर्द होने के कारण परिवार के लोग उन्हें बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार से पहले ही उनकी मौत हो गई। डॉक्टर कवर की मौत की सूचना मिलते ही कॉलेज के आला अधिकारियों से लेकर स्टाफ अस्पताल आ पहुंचे।

पॉवर कंपनी में नेत्र एवं चर्म रोग शिविर संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डंगनिया स्थित औषधालय में रायपुर नेत्र चिकित्सालय एवं मिश्राज हॉस्पिटल के सहयोग से नेत्र एवं चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ निलेश सिंह व डॉ इंदु साहू के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ। जिसमें लगभन 110 से अधिक रोगी लाभान्वित हुए। डॉ सिंह ने बताया कि डॉ मिश्राज हॉस्पिटल नयापारा फूलचैक रायपुर के अंतर्गत नेत्र,दांत,बाल चिकित्सा,कान-नाक-गला ,चर्म और बालों के रोग के डॉक्टरों की विशेष टीम है। यहां सर्वसुविधायुक्त सभी आधुनिक तकनीकी की मशीनें उपलब्ध हैं।यह चिकित्सालय पॉवर कंपनीज में सूचीबद्ध है। जिसकी सुविधा पॉवर कंपनी के अधिकारी - कर्मचारी ले सकते हैं। उल्लेखनीय है कि जनवरी माह में यह दूसरा बड़ा शिविर था और पहली बार चर्म रोग शिविर का आयोजन किया गया।

अबूझमाड़ के नक्सलियों के लिए पुलिस ने जारी की नई सरेंडर पॉलिसी

नक्सल मुक्ति की नई पॉलिसी, झाड़ी दिखाओ नक्सल दंश से मुक्ति पाओ

नारायणपुर/नवप्रदेश। लाल आतंक के खिलाफ बस्तर में जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान नारायणपुर पुलिस की ओर से सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए नई पॉलिसी शुरू की गई है। जिसके तहत कैंप के सामने खड़े होकर पेड़ की झाड़ियों को दिखाने वालों को यह समझा जाएगा कि वह अबूझमाड़ के विकास के लिए नक्सलियों की बंदिशों को छोड़कर मुख्यधारा में जुडऩा चाहता हैं। जिसे नक्सल पुनर्वास नीति के तहत सरकार की योजनाओं से जोड़कर माड़ के विकास और बेहतरी के लिए मुख्यधारा में लौटाया जाएगा।

नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि, हाल ही के दिनों में हार्डकोर नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद उनसे हुई इन्वेस्टिगेशन में एक बात हाईलाइट हुई कि अबूझमाड़ में सक्रिय बहुत सारे नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं। लेकिन, वे खुलकर एक दूसरे से नहीं बोल पा रहे हैं। नक्सल पंथ छोड़कर आने वाले नक्सलियों की बातों को सुनने के बाद सरेंडर पॉलिसी को सरल और सुगम बनाया गया हैं।

उन्होंने बताया कि अबूझमाड़ प्रकृति का एक प्रतीक है कोई भी प्राकृतिक संकेत दिखाकर आत्मसमर्पण आसानी से किया जा सकता है। नारायणपुर पुलिस की ओर से सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए एक सिंबल बनाया गया है। जिसके तहत कैंप के पास आकर पेड़ की झाड़ी दिखाने वाले को यह समझ जाएगा कि वह मुख्यधारा में जुडऩा चाहते हैं। पुलिस कप्तान प्रभात कुमार के मुताबिक जिले के सभी पुलिस थाना और कैंप के अधिकारियों को ब्रीफ कर दिया गया है जिसके तहत थाना के सामने खड़े होकर झाड़ियां दिखाने पर पुलिस यह समझेगी कि वह मुख्य धारा से भटके हुए लोग अब सरकार के साथ जुड़कर समाज का हिस्सा बनने आ रहे हैं।

नक्सलियों ने किया सरेंडर

नक्सलवाद के अंतिम दौर की लड़ाई के बीच अति संवेदनशील नारायणपुर जिले के कुतुल एरिया कमेटी के इंटेलीजेंस प्रभारी समेत आठ नक्सलियों ने पेड़ की टहनियों को दिखाकर पुलिस के सामने सरेंडर किया हैं। नारायणपुर पुलिस द्वारा चलाएं जा रहे आत्मसमर्पण नीति 'माड़ बचाओ अभियान' से प्रभावित होकर माओवादी संगठन के दिलीप ध्रुवा, सुधराम पोयाम, सुकली तिम्मा, सोनी कोर्राम सहित 4 माओवादियों अमृता नुरेटी व घस्सी पोडियाम,मंगलु कश्यप, सुदनी वड़दा ने नक्सली पंथ से तौबा कर मुख्यधारा में लौट आए हैं।

हिंसा छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ें

पुलिस अधिकारियों के द्वारा अबूझमाड़ के नक्सलियों से अपील करते हुए कहा गया है कि हिंसा को छोड़कर मुख्यधारा में जुड़े और माड़ के विकास और बेहतरी के लिए सरेंडर करें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मांगों को सरकार के सामने रखें जिसे सरकार जरूर अपनाएगी। दीगर प्रदेशों के नक्सलियों के बहकावे में आए स्थानीय आदिवासी युवकों को आत्म समर्पण करने के लिए भरोसा दिलाया गया हैं।

मेयर-पार्षद पद की टिकट के लिए दिग्गजों में कश्मकश

कांग्रेस-भाजपा की वीरांगनाओं को लिए पति कर रहे तगड़ी फिल्डिंग

गोटी फिट नहीं हुई तो दिल्ली से टिकट लेने की चर्चा

रायपुर /नवप्रदेश। अंदर ही अंदर दावेदारों की खिचड़ी पकने की खबर ने कांग्रेस से जहां दिग्गज नेता की पत्नी को टिकट दिया जा सकता है। वहीं, बीजेपी में दो की लड़ाई का फायदा तीसरे वर्ग को मिल सकता है। हालांकि, किसकी दावेदारी चयनकर्ताओं को प्रभावित करती है, इसका राजफाश 26 तक होने की संभावना है। वहीं, पार्षद के दावेदार प्रत्याशियों ने दोहरी दावेदारी शुरू कर दी है। वार्ड के आरक्षित होने के कारण वे स्वयं दूसरे वार्ड से दावेदारी कर रहे हैं। जहां वार्ड महिला आरक्षित हुआ है वहां घर की महिला सदस्य के लिए टिकट मांग रहे हैं। कुछ ने तो मेयर के लिए भी अपनी पत्नी का नाम आगे बढ़ा दिया है।

दिल्ली तक रेस लगा रहे हैं नेता

महापौर पद के लिए कुछ दिग्गज नेता दिल्ली तक रेस शुरू कर चुके हैं। चर्चा है कि प्रदेश कमेटी के पास जब उनकी गोटी फिट होते दिखाई नहीं दी तो उन्होंने दिल्ली से टिकट लेकर आने की ठान ली है। नगर निगम के 70 वार्डों में पहचान के साथ नाम स्थापित करने वाले व्यक्ति को टिकट देने के पक्ष में कमेटी के वरिष्ठ सदस्य सुझाव दे रहे हैं। मगर, पहुंच लगाकर टिकट लेने की पूरी कोशिश की जा रही है। वहीं, जिन्हें टिकट मिलने की पूरी उम्मीद है, वे भी दक्षिण के उपचुनाव में हुए फैसले के बाद कुछ भी होने की संभावना जता रहे हैं।

निर्दलियों ने शुरू किया प्रचार

निर्दलीय चुनाव लडऩे वाले प्रत्याशियों ने अपना प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। प्रत्याशियों की माने तो उनके लिए टिकट मिलने व संगठन का सहयोग मिलने वाला ऐसा कोई सीन तो है या नहीं।

इसलिए उन्होंने अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। इन दिनों घर-घर जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है। फरवरी से बैनर पोस्टर और गाडिय़ों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। बड़ी बात तो यह है कि निर्दलीय महापौर की जगह पार्षद पद से लडऩे में ज्यादा रुचि दिखा रहे हैं।

दावेदार भी उतरेंगे निर्दलीय

शहर में अपनी जमीन तैयार करने वाले दिग्गजों की माने तो निर्दलीय भी मैदान में उतर सकते हैं। क्योंकि कांग्रेस और बीजेपी से टिकट दो ही प्रत्याशियों को मिलने वाला है। वहीं, दावेदार 25 से ऊपर हैं। ऐसे में कुछ दिग्गजों का कहना है कि हमें टिकट मिलना तो शत-प्रतिशत तय है।

यदि कहीं गुणा गणित बिगड़ा तो वे निर्दलीय मैदान पर उतरेंगे। उनका कहना है कि पार्टी के लिए उन्होंने पांच साल तक काम किया है। उन्हें फिर अगला मौका पांच साल के बाद ही मिलेगा। इसलिए अपनी किस्मत आजमाने से वे पीछे नहीं हटेंगे।

छत्तीसगढ़ में चार डिग्री तक गिरेगा रात का पारा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर न्यूनतम तापमान में गिरावट होने वाली है। इसके बाद रात के पारा में आगामी चार दिनों तक कोई विशेष बदलाव नहीं होगी। इस बीच रात के समय हल्की ठंड बढ़ सकती है। वहीं अधिकतम तापमान बढऩे से दिन में गर्मी का अहसास होने लगा है। दूसरी ओर सरगुजा संभाग में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। यहां दिन और रात दोनों में तापमान में बढ़ोतरी हुई और ठंड? कम हो गई थी। आज शुक्रवार को प्रदेश मौसम शुष्क रहेगा। साथ ही आगामी चार दिनों तक मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है।

मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर: मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। इससे न्यूनतम तापमान भी लगातार ऊपर नीचे हो रहा है। दरअसल, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि प्रदेश के उत्तर और मध्य भागों में अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में दी से चार डिग्री गिरावट होने की संभावना है। दूसरी ओर दक्षिण भागों में अगले चार दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। यानी की मौसम ऐसे ही बने रहेगी। छत्तीसगढ़ में इन दिनों तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। एक बार फिर न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है। इससे एक बार रात में ठंड बढ़ सकती है। वहीं अधिकतम तापमान बढऩे से दिन में हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। अब रात के समय में ज्यादा ठंड नहीं है। आगामी कुछ दिनों तक मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। प्रदेश में अब उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं के आगमन होने की संभावना है। इससे मौसम शुष्क रहेगा। मौसम शुष्क रहने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी।

भूपेश बघेल को सता रहा निकाय चुनाव हारने का डर: गृहमंत्री शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। जिसके बाद अब प्रदेश में सियासी घमासान मचा हुआ है। इसी बीच इसी बीच पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने ईवीएम को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। जिसके बाद बीजेपी ने पूर्व सीएम बघेल पर हमला बोला है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को हारने का डर सता रहा है, इसलिए ईवीएम पर बात कर रहे हैं। महाराष्ट्र में चुनाव हारे तो धरना दिए और नए कपड़े पहनकर झारखंड में शपथ लिए। मंत्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं की दो-दो बात समझ नहीं आती। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रमविचार नेताम ने भी बड़ा पलटवार किया। मंत्री नेताम ने कहा कि 5 साल कांग्रेस के नेता विक्षिप्त हो जाएंगे। रात-दिन ईवीएमपर राग-अलाप कर विक्षिप्त हो रहे हैं। राज्य सरकार का काम देख भी विक्षिप्त हो रहे है। कांग्रेस को वर्तमान स्थिति में जीना चाहिए।

सरकार ने राम वन गमन पथ निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए बनाई कमिटी

रायपुर/नवप्रदेश। साप्रवि ने राम वन गमन। पथ निर्माण की जांच के लिए सोशल आडिट कमेटी का गठन किया है। कांग्रेस शासन काल में हुए इस निर्माण की गड़बड़ी को भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया था। एक वर्ष पहले बजट सत्र में दिए आश्वासन पर अब अगले सत्र के पहले सरकार ने यह कमेटी बनाई है।इसमें अध्यक्ष विधायक अजय चंद्राकर समेत 7 सदस्य शामिल किए गए हैं। इनमें तीन पुरातत्ववेत्ता भी हैं।

निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारी होंगे सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विवेकानंद सभागार में 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में निर्वाचन कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने जानकारी दी कि रायगढ़ कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 में सर्वाधिक 81.66 प्रतिशत मतदान कराए जाने, दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को शहरी क्षेत्र होने के बावजूद विगत लोकसभा चुनाव की तुलना में वर्ष 2024 में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में 2.48 प्रतिशत वृद्धि, दंतेवाड़ा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होते हुए भी विगत लोकसभा निर्वाचन की तुलना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में 10.39 प्रतिशत वृद्धि के लिए उत्कृष्ट जिला निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर गौरव कुमार सिंह को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्य उत्कृष्ट तरीके से संपन्न कराने, राजनांदगांव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरुचि सिंह को गुणवत्ता पूर्ण स्वीप गतिविधियां आयोजित करने और मुंगेली जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडे को प्रवासी मजदूरों को मतदान के लिए प्रेरित करने संबंधी स्वीप गतिविधियों के लिए स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

उपलब्धि | *तोड़े कई नेशनल और इंटरनेशनल रिकॉड्र्स*

इरजा ने एक साल की उम्र में किया बड़ा कमाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर की एक नन्ही सी बच्ची ने अपनी कम उम्र में ऐसी मिसाल पेश की है, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। व्यापार विहार स्थित नगर निगम कॉलोनी में रहने वाली एक वर्षीय इरजा कुरैशी ने न केवल शासन की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया, बल्कि अपने अद्भुत कौशल और परिश्रम से कई नेशनल और इंटरनेशनल रिकॉड्र्स भी अपने नाम किए हैं। इरजा ने एक साल की उम्र में 42 से अधिक सरकारी प्रमाणपत्र और 102 जंपिंग के रिकॉर्ड दर्ज किए हैं। दरअसल, महाराणा प्रताप चौक के पास रहने वाले आर्किटेक्ट पिता अलफरहान और माता स्वालेहा कुरैशी ने बताया कि अपनी एक वर्षीय बेटी इरजा कुरैशी को शासन की कमोबेश सभी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया है। कम उम्र में बच्चों को जो योजनाएं शासन की ओर से दी जा रही हैं लगभग सभी की सभी का इस परिवार ने लाभ लेकर जागरूक परिवार होने का प्रमाण दिया है। आधार कार्ड से लेकर जन्म प्रमाण पत्र, सुकन्या समृद्धि योजना, पासपोर्ट, आंगनबाड़ी योजना, पेन कार्ड जैसे लगभग 42 प्रकार के प्रमाणपत्र की यह बच्ची धारक है। जंपिंग के मामले में भी उसने रिकॉर्ड कायम किया है, 1 मिनट में 102 बार जंपिंग कर बच्ची ने पिछले 72 बार के जंपिंग का रिकॉर्ड तोड़ा है। इरजा के नाम पर इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड, वल्र्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड, गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड, वल्र्ड रिकॉर्ड आफ इंडिया, कलाम वल्र्ड रिकॉर्ड इंटरनल, बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड,चेतन बुक ऑफ़ वल्र्ड रिकॉर्ड,इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, किंग बुक ऑफ़ वल्र्ड रिकॉर्ड, एक्सक्लूसिव वल्र्ड रिकॉर्ड जैसे तमाम रिकॉर्ड पर इसका नाम दर्ज है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999